राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित


केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ पति मजहर सईद के साथ काम...



आप लोग संविधान की बात ना... ◀ 12

गाजियाबाद, बुधवार 26 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 112, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की तैयारी, अमरनाथ यात्रा को बनाया जा सकता है निशाना, पाकिस्तान में तैयार हुआ प्लान

**नई दिल्ली ।** अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने के लिए पाकिस्तान में साजिश रची जा रही है। हथियारों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचाने के लिए लाहौर और बहावलपुर में भी मीटिंग हुई है। लश्कर आतंकी संगठन की एक बड़ी मीटिंग जम्मू-



कश्मीर को लेकर लाहौर में हुई है। इस मीटिंग में लश्कर का नंबर टू का आतंकी आमिर अब्दुल रहमान मक्की शामिल था। इस मीटिंग का मेन एजेंडा कम से कम 20 रू फोर अमेरिकी हथियार को जम्मू-कश्मीर में भेजने का है। इसके जरिए अमरनाथ यात्रा के पूरे रूट पर अलग-अलग जगहों पर अटैक करना है।

वहीं, दूसरी मीटिंग जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों की बहावलपुर में हुई है। इस मीटिंग को मुफ्ती अब्दुल रऊफ ने पाकिस्तानी ढ्रस्ढ्ढ और आतंकियों के साथ मिलकर किया है। इसमें जैश-ए-मोहम्मद के ओवर ग्राउंड वर्कर और इन्फॉर्म वर्ष को पैसा पहुंचाकर एक्टिव करने के लिए कहा गया है। साथ में घाटी के अंदर ही नहीं बल्कि जम्मू में भी हथियार पहुंचाकर फिदायीन हमला करने की साजिश रची गई है।

### चिंता से पार्किंसंस बीमारी होने का जोखिम दोगुना, स्टडी में खुलासा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आज की इस मॉडर्न लाइफस्टाइल में भले ही चीजें आसान दिखे, लेकिन चिंता पहले के जमाने से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। अगर आप दिमागी रूप से चिंता में हैं, तो आपको कई गंभीर बीमारियां होने का खतरा रहता है। एक नई स्टडी में पता चला है कि चिंता से ग्रस्त लोगों में पार्किंसंस बीमारी के बढ़ने का जोखिम दोगुना हो सकता है। पार्किंसंस नर्वस सिस्टम और ब्रेन से जुड़ी एक क्रोनिक बीमारी है और वर्तमान में दुनिया भर में लगभग 10 मिलियन लोग इससे पीड़ित हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के शोधकताओं ने पाया कि पार्किंसंस के डिप्रेशन, नींद में खलल, थकान, हाइपोटेंशन, कंपकंपी, अकड़न, शरीर का बैलेंस बिगड़ना और कब्ज जैसे लक्षण हैं। यूसीएल के महामारी विज्ञान डॉ. जुआन बाजो अवारेज ने कहा, चिंता को पार्किंसंस बीमारी का शुरूआती चरण माना जाता है। हमारी स्टडी से पहले, चिंता से ग्रस्त 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में पार्किंसंस का संभावित जोखिम अज्ञात था। डॉ. जुआन ने कहा, यह देखते हुए कि चिंता और अन्य लक्षण 50 साल की उम्र से ज्यादा लोगों में पार्किंसंस बीमारी को बढ़ा सकते हैं, हम उम्मीद करते हैं कि हम इस स्थिति का पहले ही पता लगा सकेंगे और मरीजों को जरूरी इलाज दिलाने में मदद कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि 2040 तक पार्किंसंस बीमारी 14.2 मिलियन लोगों को प्रभावित करेगी। 109,435 मरीजों पर यह रिसर्च की गई, जिसमें 50 साल की उम्र से ज्यादा लोगों में चिंता बढ़ती गई। उनकी तुलना 878,256 मैचिंग कंट्रोल्स से की गई, जिन्हें चिंता नहीं थी। ब्रिटिश जर्नल ऑफ जनरल प्रैक्टिस में प्रकाशित शोध के परिणामों से पता चला कि कंट्रोल्स ग्रुप की तुलना में चिंता वाले लोगों में पार्किंसंस बीमारी होने का जोखिम दोगुना है।

### मंगोलपुरी में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई, पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स तैनात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई चल रही है। इस कार्रवाई का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। जिसको देखते हुए बड़ी संख्या में मौके पर दिल्ली पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई है। मंगोलपुरी इलाके में मस्जिद के पास एक पार्क है, वहां पर अवैध अतिक्रमण के



खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई चल रही है। स्थानीय लोग इस कार्रवाई का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ और दिल्ली पुलिस की मौजूदगी में पीला पंजा चल रहा है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान तनावपूर्ण स्थिति जो बनी हुई थी वह अब कम हो गई है। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए पथराव भी किया था। हालांकि, स्थिति अब कंट्रोल में है। बड़ी संख्या में मौके पर दिल्ली पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती की गई है।

# हाथ में संविधान की कॉपी के साथ राहुल-अखिलेश ने ली शपथ, स्पीकर पर नहीं बनी सहमति

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष के लिए विपक्ष की ओर से चुने गए कोडिकुन्निल सुरेश इस पद की लड़ाई में भाजपा के ओम बिड़ला से भिड़ेंगे। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के बीच पद पर सहमति नहीं बन पाने के बाद दशकों में ऐसा पहली बार हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। 27 जून को राष्ट्रपति मुर्मू संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने वाले हैं। इस बीच, संसद के निचले सदन के पहले सत्र के दूसरे दिन, 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण आज फिर से शुरू हुआ। 543 सदस्यीय लोकसभा में 293 सांसदों वाले एनडीए को स्पष्ट बहुमत प्राप्त है। विपक्ष के साथ 234 सांसद हैं।

अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को आम-सहमति नहीं बन सकी और अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार तथा भाजपा सांसद ओम बिरला का मुकाबला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश के साथ होगा। बिरला और सुरेश ने मंगलवार को क्रमशः राजग और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवारों के रूप में अपने नामांकन पत्र



दाखिल किए। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में उतरने के लिए विपक्ष ने अंतिम समय में तब फैसला लिया जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी इस पूर्व शर्त को नहीं माना कि राजग के उम्मीदवार बिरला का समर्थन करने के ऐवज में विपक्षी गठबंधन इंडिया को उपाध्यक्ष पद दिया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद भवन स्थित कार्यालय में विपक्ष की ओर से कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और द्रमुक के टी आर बालू ने सिंह, गृह मंत्री अमित शाह तथा स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से इस मुद्दे पर आम-सहमति बनाने के उद्देश्य से बातचीत की लेकिन दोनों पक्ष अपने रुख पर अड़े रहे और कोई नतीजा नहीं निकला।

## 'उम्रकैद, 1 करोड़ का जुर्माना...', पेपर लीक के खिलाफ अध्यादेश लेकर आई योगी सरकार, कैबिनेट ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में परीक्षा पेपर लीक के मुद्दे पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से



एक कड़े नए कानून को मंजूरी दे दी है। मंगलवार को एक कैबिनेट बैठक के दौरान, राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश 2024 पेश करने का प्रस्ताव पारित किया। इस अध्यादेश का उद्देश्य परीक्षा पत्र लीक करने के दोषी पाए जाने वालों के लिए गंभीर दंड लागू करना है। इस नए कानून के तहत न्यूनतम दो साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, अपराधियों को 1 करोड़ रुपये तक का भारी जुमार्ना भी भरना पड़ेगा। कैबिनेट बैठक में 44 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश 2024 की शुरूआत भी शामिल थी, जो लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा नकल माफियाओं के खिलाफ सख्त कानून लागू करने के वादे को दशार्ता है। राज्य में भर्ती परीक्षाओं में कई अनियमितताएं देखी गई हैं, विशेष रूप से कांस्टेबल भर्ती और समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने का मामला शामिल है।

# भाजपा आपातकाल को काला दिवस के रूप में मना रही

**नई दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मना रही है। दिल्ली भाजपा प्रदेश दफ्तर के बाहर होर्डिंग भी लगाए गए हैं।

दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर होर्डिंग पर 25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस, कभी न भूलने वाला आपातकाल लिखा है। भाजपा ने

### पार्टी दफ्तर के बाहर लगाया पोस्टर

अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्टर भी शेयर किया, जिस पर लिखा है कांग्रेस की काली करतूत व लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय 25 जून 1975 आपातकाल के विरोध में उठ रहे हर स्वर का हृदय से वंदन।

इसके कैप्शन में लिखा कि भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे काले अध्याय, आपातकाल (25 जून, 1975), का विरोध करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की आस्था को संजोकर रखने वाले सभी सत्याग्रहियों को सादर नमन। इस बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, देश में लोकतंत्र की हत्या और




उस पर बार-बार आघात करने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। साल 1975 में आज के ही दिन कांग्रेस के द्वारा लगाया गया आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

उन्होंने आगे लिखा कि अहंकार में डूबी, निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक परिवार के सत्ता सुख के लिए 21 महीनों तक देश में सभी प्रकार के नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव किए और न्यायालय तक के हाथ बाँध दिए थे। आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को नमन करता हूं। बता दें कि 25 जून 1975 को ही इंदिरा गांधी ने 'आपातकाल की घोषणा की थी। भाजपा 25 जून को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मना रही है।

## ओम बिरला ही बनेंगे लोकसभा अध्यक्ष, विपक्ष ने की डिप्टी स्पीकर पद की मांग

**नई दिल्ली ।** वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ही दोबारा से लोकसभा के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। मंगलवार को तेजी से चले राजनीतिक घटनाक्रम में सत्तारूढ़ भाजपा ने सहयोगी दलों के साथ विचार-विमर्श के बाद लोकसभा के नए अध्यक्ष का नाम फाइनल कर दिया। सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पीकर के पद पर सर्वसम्मति बनाने के लिए विपक्षी दलों से बातचीत की।



वहीं, मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले ओम बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में यह मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यालय में ओम बिरला, अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ उच्चस्तरीय बैठक भी की। बताया जा रहा है कि एनडीए के घटक दलों की बैठक होगी, जिसमें लोकसभा के नए अध्यक्ष के नामांकन पत्र को भरने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हालांकि लोकसभा के डिप्टी स्पीकर के पद को लेकर विपक्षी दलों के साथ सरकार की बातचीत अभी जारी है। राहुल गांधी का कहना है कि हमने डिप्टी स्पीकर पद मांगा।

## भूमि घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई, पटवारियों के दफ्तरों पर की छापेमारी




**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एक बड़े भूमि घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को जम्मू जिले में पांच पटवारियों (राजस्व क्लर्क) के दफ्तरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी जम्मू जिले के भलवाल और आसपास के इलाकों में की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की कार्रवाई सोमवार से शुरू हुई और मंगलवार को भी जारी है। ये छापेमारी एसीबी द्वारा हाल ही में उजागर हुए एक बड़े भूमि घोटाले की चल रही जांच का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि जिन जगहों पर छापेमारी की गई उनमें भलवाल, सेरी, कोट, बारब और अंब पटवार हलका शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि इन जगहों पर छापेमारी के दौरान रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। बता दें कि एसीबी ने हाल ही में कुछ राजस्व अधिकारियों द्वारा अन्य प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ मिलकर भू-माफियाओं के साथ गठजोड़ का पता लगाया था। ये भू-माफिया आम तौर पर राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी कर और जमीन को खरीदारों को ऊंची दरों पर बेचने का काम करते हैं। इनमें से अधिकतर स्थानों पर धोखाधड़ी और रिकॉर्ड में हेराफेरी कर लाभ को कई गुना बढ़ाने के लिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स या आवासीय परिसरों का निर्माण किया जाता है।

## आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय : मोहन यादव

**भोपाल (आरएनएस)।** आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आपातकाल को लोकतंत्र का काला अध्याय बताया। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है, जो असफलता की कुंठा से उपजे अहंकार और दमन के कुचक्र का प्रतीक है।

उन्होंने आगे कहा कि 1975 में आज ही के दिन (25 जून को) इंदिरा गांधी की सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया था। तब मां भारती की साहसी संतानों ने ही कड़ा प्रतिरोध किया और यातनाएं सहकर भी लोकतंत्र को पुनर्स्थापित किया। लोकतंत्र के लिए समर्पित सभी विभूतियों को शत-शत नमन करता हूं। राज्य के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर कहा कि 25 जून 1975 का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। दंभ से भरी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने संविधान की मयार्दा को तार-तार किया, अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटा। भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर विश्वास रखने वाले और देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित लोग, 25 जून को कभी नहीं भूल पाएंगे। आपातकाल में जेल गए लोकतंत्र सेनानियों की मार्मिक कहानियां सुनकर आज भी हृदय में पीड़ा के निशान उभर आते हैं।



आपातकाल की कालरात्रि की भयावह अवधि में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना हेतु संघर्ष करने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को मेरा नमन। गौरतलब है कि आज ही के दिन 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू किया था। इस दौरान अपने राजनीतिक विरोधियों सहित तमाम लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। आपातकाल देश में लगभग 19 माह लागू रहा।

**बगावत** | वरिष्ठ नेताओं ने इस्तीफे की मांग की

# बढ़ीं सुखबीर बादल की मुश्किलें, शिरोमणि अकाली दल में बगावत

**चंडीगढ।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा, सिकंदर सिंह मलूका, बीबी जागीर कौर, परमिंदर सिंह ढींडसा और सरवन सिंह फिल्लौर ने मंगलवार को जालंधर में अकाली दल बचाओ लहर की शुरूआत करके पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ विद्रोह का झंडा बुलंद किया। पार्टी के भविष्य पर चर्चा के लिए पांच घंटे की बैठक के बाद नेताओं ने सुखबीर से शिअद प्रमुख पद छोड़ने की मांग की। चंदूमाजरा ने कहा, "मजबूत राजनीतिक और धार्मिक समझ रखने वाले व्यक्तित्व को पार्टी की कमान सौंपी जानी चाहिए।" चंडीगढ़ में सुखबीर द्वारा बुलाई गई हलका प्रभारियों की बैठक में नेता शामिल नहीं हुए। सुखबीर ने जालंधर में पार्टी नेताओं की बैठक को शिरोमणि अकाली दल की पंथिक ताकत को कमजोर करने का एक और प्रयास करार दिया। जालंधर पश्चिम विधानसभा उपचुनाव 10 जुलाई को होने वाला है, और आने वाले महीनों में गिद्दड़बाहा, छब्बेवाल, बरनाला और डेरा बाबा नानक की चार और सीटों पर चुनाव होने हैं। 1 जून के लोकसभा चुनावों में, पंजाब की जिन 13 सीटों पर चुनाव लड़ा गया, उनमें से शिअद केवल एक सीट - बठिंडा - जीतने में कामयाब रही, जिसे सुखबीर बादल की पत्नी हरसिमरत ने बरकरार रखा। इसके उम्मीदवारों को 10 सीटों पर जमानत गंवानी पड़ी, क्योंकि पार्टी को 2019 में 27.45% के



मुकाबले केवल 13.42% वोट शेयर मिला। शिअद की पूर्व सहयोगी भाजपा को 18.52% वोट शेयर मिला, जो 2019 में 9.63% था। लोकसभा नतीजों के बाद से शिअद को न केवल अमृतपाल मुद्दे पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि पार्टी के भीतर सुधारों की मांग भी हो रही है। ढींडसा, बीबी जागीर कौर और मनप्रीत सिंह अयाली सहित पार्टी नेताओं ने चुनावों में शिअद के लगातार खराब प्रदर्शन - 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों और हाल के संसदीय चुनावों पर बात की थी।

## पानी की मांग को लेकर जल मंत्री आतिशी की भूख हड़ताल खत्म, 5 दिन से अनशन पर थी

**नई दिल्ली ।** पानी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की भूख हड़ताल पांचवें दिन खत्म



हो गई है। इसकी जानकारी आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। आप नेता ने कहा, आज हम लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए पत्र लिख रहे हैं। एलजी साहब ने भी हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात की है। जिसके बाद अब इस अनिश्चितकालीन अनशन को रोका जा रहा है। अब हम दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए सभी विपक्षी दलों के साथ संसद में भी आवाज उठायेंगे।

आपको बता दें कि आतिशी की मंगलवार तड़के तबीयत अचानक खराब हो गई था, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के लोकनायक अस्पताल (एलएनजेपी) के के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है।

# सपा प्रदेश सचिव आदिल जलीस ने की अखिलेश यादव से मुलाकात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** प्रदेश सचिव आदिल जलीस ने सचिव आदिल जलीस ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर उन्हें लोकसभा चुनाव में देश के तीसरे नंबर की पार्टी बनने पर मुबारकबाद दी और कहा कि आने वाले समय में आपकी देश के प्रधानमंत्री होंगे जनता ने जिस तरह उत्तर प्रदेश से बीजेपी को मुंहतोड़ जवाब दिया है आने वाले विधानसभा में भी जनता इसी तरह बीजेपी को उत्तर प्रदेश से जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेगी और उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी का फुल बहुमत होगा।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव से की मुलाकात पीले रंग का बुका देकर की भेंट समाजवादी पार्टी के प्रदेश

# अपराधियों के हौसले बुलंद आलू व्यापारी की गोली मारकर हत्या

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी)।** आलू व्यापारी की गोली मारकर हत्या।आलू व्यापारी के सिर में एक से अधिक गोली मारकर बदमाश फरार ।बुलन्दशहर नवीन मंडी से डेढ़ लाख रुपये पेमेंट लेकर घर लौट रहे थे व्यापारी फकरू बसपा के टिकट पर औरंगाबाद नगर पंचायत के वार्ड का चुनाव भी लड़ चुके है फकरु मौसमगढ़ के पास बाइक सवार व्यापारी की गोली मारकर हत्या से हड़कम्प मचा।हत्या की सूचना पर तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।बुलन्दशहर कोतवाली देहात क्षेत्र के मौसमगढ़ गांव के पास की घटना मृतक आलू व्यापारी फकरू औरंगाबाद का रहने वाला है





**इन्होंने कहा**

मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने आलू व्यापारी की गोली मारकर हत्या की है फिलहाल आलू व्यापारी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जल्द ही हत्या रोपी पुलिस की ग्राफ्त में होंगे ।

**एसपी सिटी शंकर प्रसाद बुलंदशहर**

# कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर । (सैय्यद मजहर)।** इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा THR Feeding, वजन कुपोषण, NRC मे बच्चों का सन्दर्भन आधार फीडिंग, PLI Feeding एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारिओं को निर्देशित किया गया कि आधार फीडिंग में प्रगति लाए ठफ्छ में प्रत्येक ब्लाक से बच्चों को अवश्य सन्दर्भित करें आंगनबाड़ी केन्द्रों के खुलने पर उनका सफल संचालन करायें। SAM बच्चों की Feeding E-कवच पर मुख्य चिकित्साधिकारी को अठट के माध्यम से Feed कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे !



# बुलंदशहर डकैती लूट की योजना बनाते साथ अंतरराष्ट्रीय शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** डकैती लूट की योजना बनाते साथ अंतरराष्ट्रीय शातिर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से अवैध असलाह चाकू दो टेंपो व चोरी किया गया सामान बरामद सातों शातिर लुटेरे ,गौरव सूर्यवंशी ,चंद्रपाल उर्फ लंबू, राजू ,पुष्पेंद्र, अंकित सिंह ,प्रशांत कुमार,अंकित जनपद अलीगड़ के रहने वाले हे सभी के खिलाफ गंभीर धाराओं में 2 से 3 मुकदमे दर्ज हैं थाना छतारी पुलिस द्वारा गोधा बंबा पुल के पास से लूट की योजना बनाते इन सातों लुटेरों को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया गिरफ्तार शातिर लुटेरों ने बताया की चलती हुई गाड़ियों का टेम्पु का पीछा कर के गाड़ियों में चढ़ जाते हे तथा रस्से व तिरपाल को छुरी व ब्लेट से कटकर समान को नीचे गिरा देते है यदि कोई विरोध करता है तो तमंचा छुरी दिखाकर डरा देते है चोरी किए समान को बेचकर आर्थिक लाभ उठाते हे।

**कब्जे से अवैध असलाह चाकू दो टेंपो व चोरी किया गया सामान**




# घास काटते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम मच गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पहाड़पुर हवेली में उस वक्त हड़कम्प मच गया जब एक युवक घास काटते समय करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।वहीं घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छा गया । परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।बताया गया कि युवक ईख के खेत में घास लेने गया था अचानक युवक के ऊपर गिरे बिजली के तार से युवक की मौत हो गई ।सूचना पा कर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा पुलिस ने ग्रामीणों को समझाते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव पहाड़पुर हवेली में चन्द्रपाल सिंह पुत्र हरबंस सिंह के गन्ना के खेत में घास काटने गए मजदूर रिंकू कश्यप पुत्र प्रेमपाल उम्र करीब 23 वर्ष के ऊपर एलटी लाइन का तार टूट कर गिरने से करंट की चपेट में आकर मौत हो गई ।सूचना पा कर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने परिवारजनों और ग्रामीणों को समझाते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र नहीं मिला है ग्रामीणों की सूचना पर बिजली विभाग से शिकारपुर एसडीएम प्रियंका गोयल, एसडीओ जयदीप कंडारी, तथा तहसीलदार ज्योत्सना सिंह, आदि तहसील अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिवार जनों को आश्वासन देते हुए बताया की विभागीय कागज कार्रवाई करते हुए अतिशीघ्र सरकार द्वारा धन राशि मुहैया कराई जाएगी।

**बिजली करंट से मजदूर की मौत**



रिंकू कश्यप का फाइल फोटो

मंगलवार कि सुबह समनपुर बिजली घर क्षेत्र के गाँव में पुरानी जर्जर एलटी लाइन का तार टूटने से मजदूर की मौत हो गई मजदूर की दर्दनाक मौत की सूचना पर परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे उसके बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हालहै। विकलांग पिता और तीन माह की बेटी तथा अपनी पत्नी के बीच इकलौता मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालने वाला इस दुनिया को छोड़कर चला गया ग्रामीणों में चर्चा थी कि विकलांग पिता सहित परिवार का पालन पोषण अब कौन करेगा ।

# पिता ने पुत्री के ससुरालयों के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के ईंट भट्टे पर मजदूरी का कार्य कर रहे एक व्यक्ति की पुत्री को एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पीड़ित की पुत्री का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी का कार्य कर रहे विजेंद्र पुत्र अजब सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा निवासी सोनू पुत्र तेजपाल पीड़ित की पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। कई दिन तक पीड़ित की पुत्री अपने परिजनों से फोन पर बात करती रही। आरोप है कि अब पीड़ित की पुत्री से पीड़ित की बात नहीं हो रही है। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग पीड़ित की पुत्री का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# जिला प्रदर्शनी में बने अस्थाई थाने का एसएसपी ने किया उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर (वसीम सिद्दीकी )** एसएसपी श्लोक कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक क्राइम राकेश कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी नगर विकास प्रताप सिंह चौहान व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में नुमाईश मेला बुलन्दशहर में अस्थायी मेला कोतवाली का उद्घाटन किया गया एवं निरीक्षक राजपाल सिंह तोमर को मेला थाना प्रभारी नियुक्त किया गया।

इसके उपरान्त थाना कार्यालय का निरीक्षण कर नुमाईश मेले में लगे हुए कैमरो को चैक किया गया एवं थाना प्रभारी को नुमाईश मेले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।





# नुमाईश मेले में चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** बीते दिनों बुलंदशहर महोत्सव की शुरूआत हो गई है। नुमाईश मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पुलिस की नजर बनी है। मेले के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों के साथ ही पीएसी को भी तैनात किया गया है। मेला क्षेत्र में एक अस्थायी कोतवाली बनी है। नुमाइश मैदान को 12 प्वाइंट में बांटा गया है। जिसमें हर प्वाइंट पर चार से पांच पुलिस कर्मी और होमगार्ड तैनात किए गए है। बुलंदशहर महोत्सव शहर का प्रमुख मेला है। जिसमें जिले के साथ ही बाहर के दुकानदार आते हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेला कोतवाली प्रभारी राजपाल सिंह तोमर ने बताया है कि नुमाइश मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर पुलिस की नजर रहेगी। अराजकता फैलाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। साथ ही हुड़दंग करने वाले युवकों को पकड़ बाहर निकाला जाएगा।

नुमाइश मेले के दौरान पुलिसकर्मी हर प्वाइंट पर मौजूद रहेंगे। साथ ही मेले में समय-समय पर गश्त भी की जा रही है। इस दौरान अराजकतत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

**राजपाल सिंह तोमर, मेला कोतवाली प्रभारी**

# मंदिर में चोरी करने वाला एक शातिर अभियुक्त सोनू गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ककोड़।** थाना ककोड़ पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर 01 शातिर चोर को ग्राम वैर के पास रेलवे पुल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के संबंध में थाना ककोड़ पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 23.06.2024 को थाना ककोड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भौरा के एक मंदिर से रुपये चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना ककोड़ पर मुअसं-202/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत है



**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. नरेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ककोड़
2. उ0नि0 रामवीर सिंह 3. का0 पुष्पेन्द्र सिंह।

# राजकीय आईटीआई बादलपुर में एकदिवसीय रोजगार मेला एवं करियर काउंसलिंग का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुद्धनगर।** जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय आई टी आई बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर के सहयोग से आई टी आई कैम्पस में एक दिवसीय रोजगार मेला एवं करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री तथा प्रधानाचार्य गौरव चौधरी द्वारा प्रतिभागियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया गया। मेले में कुल 08 कम्पनियों ने साक्षात्कार लिया (महिन्द्रा मोटर्स, उठल, मिंडा इलेक्ट्रॉनिक, हीरो मोटर्स, इक्का, सुब्रोज आदि)। उन्होंने बताया कि कुल 199 अभ्यर्थियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, जिनमें से 126 अभ्यर्थियों को चयनित/शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बिसरख श्यामेन्द्र मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मलित हुये।

**रोजगार मेले में 199 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, 126 अभ्यर्थियों को किया गया चयनित/शॉर्टलिस्ट**






**तफतीश**

## फायरिंग मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज होने पर भाजपा के पूर्व विधायक पप्पू भरतौल सफाई दे चुके हैं

# फायरिंग मामले में नामजद भाजपा विधायक ने वीडियो जारी कर खुद को उज्जैन में बताया, पुलिस कर रही है तफतीश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** फायरिंग के मामले में नामजद अब भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने वीडियो जारी किया है। इसमें वह उज्जैन स्टेशन के बाहर खड़े दिखाई दे रहे हैं। इनसे पहले रविवार सुबह आरोपी प्रॉपर्टी डीलर राजीव राणा ने वीडियो जारी किया था।

बरेली में पीलीभीत बाईपास पर फायरिंग के मामले में नामजद प्रॉपर्टी डीलर राजीव राणा के बाद अब भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल ने वीडियो जारी किया है। इसमें वह उज्जैन रेलवे स्टेशन के बाहर दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में पप्पू भरतौल कह रहे हैं कि बाबा महाकाल के दर्शन करने आया हूं।

इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास रोड पर शनिवार को बजरंग ढाबा के पास प्लॉट पर कब्जे को लेकर प्रॉपर्टी डीलर राजीव राणा और मार्बल की दुकान के मालिक आदित्य उपाध्याय के गुटों में संघर्ष हुआ था। घटना में दोनों गुटों की तरफ से अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिससे दहशत फैल गई थी। आगजनी और तोड़फोड़ भी हुई थी।

घटना के बाद पुलिस ने आदित्य उपाध्याय व उसके बेटे अविरल उपाध्याय को गिरफ्तार किया। रात में राजीव राणा गुट के कई लोग पकड़े गए। वहीं आदित्य के चौकीदार की ओर से रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। इसमें पूर्व विधायक भाजपा नेता पप्पू भरतौल व राजीव राणा समेत 12 लोग नामजद और 150 अज्ञात को शामिल किया गया है।

रविवार की सुबह प्रॉपर्टी डीलर राजीव राणा ने वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया। दूसरे पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि मुझे आरोपी बनाया जा रहा है। हमने कोई गुनाह नहीं किया है। हम किसी जमीन पर कब्जा करने नहीं गए थे। वह हमारा प्लॉट है, जो विकास प्राधिकरण से स्वीकृत है। इसे हमने खरीदा था।






**मंत्री के पति पर भी लग रहे आरोप**

राजीव ने आरोप लगाया कि इस प्लॉट पर मंत्री के पति कब्जा करना चाहते हैं। जो घटना घटी है, उसके पीछे बड़ा षडयंत्र था। मुझे आरोपी बनाकर मंत्री के पति इस प्लॉट को छीनना चाहते हैं। राजीव राणा के बाद फायरिंग मामले में नामजद पूर्व विधायक पप्पू भरतौल का वीडियो सामने आया है। उन्होंने खुद को उज्जैन में बताया।

फायरिंग मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज होने पर भाजपा के पूर्व विधायक पप्पू भरतौल सफाई दे चुके हैं। अमर उजाला को उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार शाम ही बरेली से वृंदावन चले आए थे। यहां से उन्हें उज्जैन में महाकाल के दर्शन को जाना है। रविवार को जारी वीडियो में वह उज्जैन स्टेशन के बाहर खड़े दिखाई दे रहे हैं।

# गाजियाबाद पार्क में कपल को टोकने पर व्यक्ति को पड़ा महंगा हुई मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद पार्क में एक युवक-युक्ती को पार्क में अश्लील हरकत करने पर टोकना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। इसके बाद युवक ने अपने साथियों संग मिलकर उस शख्स की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित मोहित ने इस मामले में चंदावर कोतवालों में शिकायत दी है। मेहित के अनुसार, पार्क में कपल अश्लील हरकत कर रहे थे। उन्होंने सार्वजनिक स्थान होने के कारण ऐसा नहीं करने से मना किया तो उस वक्त वह दोनों वहां से चले गए। इसके बाद युवक अपने साथियों के साथ आया और मारपीट की। एसीपी कोतवालों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने जेवर कस्बे में की बैठक, जताई यमुना प्राधिकरण के प्रति नाराजगी

बुलन्द संदेश संवाददाता



**दनकौर।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक जेवर कस्बे में हुई । जिसकी अध्यक्षता इद्रिस एवं संचालन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लौकेश भाटी ने किया। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान ने कहा कि जेवर गौतमबुद्धनगर का बहुत महत्वपूर्ण भाग है उत्तर प्रदेश में जेवर एयरपोर्ट की बड़ी भूमिका है लेकिन यहाँ पर विकास के नाम पर अपनी जमीन देने वाले किसान प्राधिकरण के अधिकारियों के मनमाने रवैये से परेशान हैं तीसरे चरण में अधिग्रहण होने वाले जिन गावो को शिफ़्ट किया जाएगा उन गांवों के किसान सही स्थान और व्यवस्थापन नीति एवं सभी मूलभूत सुविधाएँ प्रति परिवार के सदस्य को नौकरी सेक्टर की तर्ज. पर विस्थापित परिवारों को बसाया जाए। पहले दो चरणों में जिन गांवों को विस्थापित किया गया उनमें बहुत सारी समस्याएँ हैं तीसरे चरण में विस्थापित होने वाले परिवारों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाए। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण नागर ने कहा कि यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के सक्षम जेवर तक सर्विस रोड आबादी बैक लीज एवं जेपी से प्रभावित किसानों को अतिरिक्त मुआवजा देने सहित ग्राम विकास के कार्यों के लिए लगातार प्राधिकरण के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन प्राधिकरण सिर्फ. किसानों को गुमराह कर रहा है। इस रवैये से किसानों में रोष है इस मौके पर संगठन का विस्तार प्रमोद साबोता को नगर उपाध्यक्ष जेवर इदरीस मामू को संरक्षक कौशिक को जिला सचिव नामित किया गया एवं सैकड़ों लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रताप नागर विनय तालान ब्रजेश भाटी लौकेश भाटी नासिर प्रधान कृष्ण नागर विनोद मलिक जुबैर भाटी पूनम भाटी रफीक कुरैशी नरेंद्र भाटी ताहिर खान मनीष नागर हरेन्द्र चौधरी राजकुमार सागिर खा इन्द्र पाल फौजी सहित आदि लोग मौजूद रहे!

# दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने वाले अल्वी समाज के बच्चों को सम्मानित किया जायेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादनगर।** इस वर्ष दसवीं और बारहवीं कक्षा पास करने वाले अल्वी समाज के बच्चों को जमात ए अलविया हिंद रजि-730 व अल्वी एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी रजि-804 यूनिट मुरादनगर की टीम द्वारा आगामी 28 जून को सम्मानित किया जाएगा। अल्वी समाज के नगर अध्यक्ष पूर्व सूबेदार आसक अली अल्वी फौजी अल्वी संस्था की ओर से उक्त बच्चों को सम्मानित करेंगे। नगर के ईद गाह रोड(जलालपुर रोड) पर नाले के निकट स्थित आसक अली अल्वी के निवास स्थान पर बच्चों को सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया है। संगठन से मिली जानकारी के अनुसार जो भी अल्वी समाज के छात्र व छात्रायें जो इस वर्ष पास हुए हैं वह 8755233636 मोबाइल नंबर पर अपना रजिस्ट्रेशन करा दें और प्रोग्राम में शिरकत करे। आसक आली अल्वी ने बताया कि अल्वी समाज के सभी होनहार बच्चों को सम्मान देने का मकसद समाज में शिक्षा की क्रांति और उसके महत्व को बढ़ावा देना ही संस्था का मकसद है। इसी तरह से संस्था वक्त- वक्त पर प्रोग्राम करती रहती है, जिससे कोम में एक बदलाव देखने को मिल रहा है।

# भारतीय किसान यूनियन चढूनी की बैठक हुई सम्पन्न, सगठन का किया विस्तार

बुलन्द संदेश संवाददाता



**दनकौर।** मगलवार को भारतीय किसान यूनियन चढूनी की बैठक हुई जिसमें संगठन विस्तार ग्राम निलोनी शाहपुर व खेरली भाव में छोटे नेता के आवास पर किया गया।सगठन का विस्तार करते हुए डॉ. इमरान को जिला सचिव युवा, छोटे नेता को ग्राम संरक्षक खेरली भाव,अबरार अहमद को जिला सचिव इसराईल को दनकौर ब्लॉक उपाध्यक्ष युवा बनाया व अन्य लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई। जिला कोषाध्यक्ष डा.पवन शर्मा ने संगठन की नीतियों से सभी को अवगत कराया और बताया कि किसान मजदूर की लड़ाई में सभी किसान मजदूरों का साथ देगा किसान मजदूरों की लड़ाई को मजबूती से लड़ने का कार्य करेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इरफान प्रधान, युवा जिलाध्यक्ष अनुज नागर डॉ. उमर मोहम्मद, आसिफ भाटी मेंहदीपुर, संगम मलिक,गुलफाम भाटी, अलाउद्दीन,मोनू कसाना, अकरम अली आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम साहब जेवर तहसील में ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के नाम पर जहांगीरपुर लेखपाल कर रहा है अवैध वसूली

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**जहांगीरपुर।** कस्बा जहांगीरपुर निवासी ऋषि कुमार पिता अनिल शर्मा है में जहांगीरपुर का रहने वाला एक दिव्यांग व्यक्ति हूं मैंने व्यक्तिगत रूप से अपना ए.ह.र बनवाने के लिए 08 मई को जहांगीरपुर पटवारी भारत सोलंकी को दिया था इसकी संबंध में उनसे पांच बार मिल चुका हूं वह प्रत्येक बार बोलते हैं कि आपकी जांच हो रही है आज दिनांक 25/06/2024 को जब में उनसे मिला तो उन्होंने बोला आपको समझ नहीं आता है मैं बिना सुविधा शुल्क के कोई कार्य नहीं करता हूं अगर आपको ईडब्ल्यूएस बनवाना है तो 200 सुविधा शुल्क तो देना पड़ेगा मैंने बोला मेरे पास पैसे नहीं है तो बोलने लगे मैं फ्री में कोई कार्य नहीं करता हूं मैंने बोला मैं आपकी शिकायत करूंगा वह मुझे गाली देने लगे उन्होंने मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और बोलने लगे जब तक मैं रहूंगा तेरा ईडब्ल्यूएस नहीं बनेगा।

# किसानों के साथ ग्रामीण युवाओं को भी रोजगार के लिए दे रहे भरपूर ऋण: विमल शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** जिला सहकारी बैंक ने कृषि ऋण के साथ ही ग्रामीण युवाओं को रोजगार के लिए भी भरपूर ऋण वितरित किया है। यह जानकारी जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विमल शर्मा ने बैंक प्रबंधन बोर्ड का एक साल पूरा होने के अवसर पर की गई प्रेस कांफ्रेंस में दी। शर्मा ने बताया कि जिला सहकारी बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1040 करोड़ का केसीसी ऋण वितरित किया किया जो पिछले साल के मुकाबले 104 करोड रुपए ज्यादा है। इसके साथ ही बैंक की तरफ से ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए बागवानी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, साइबर कैफे, आटा चक्की आदि के लिए भी पर्याप्त ऋण वितरित किया गया। विमल शर्मा ने बताया की बैंक अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 120 बी-पैक्स को ऋण मुहैया करा रहा है। मेरठ व बागपत जनपद की 25 समितियों में गोदाम बनाए जा चुके हैं जिसमें किसानों से खरीदा गया माल स्टोर हो सकेगा। इस मौके पर बैंक उपसभापति सुरेंद्र सिंह, एआर सहकारिता दीपक थरेजा, एआर सहकारिता बागपत इंदू सिंह, बैंक सचिव सुमनवीर सिंह, अजित सिंह, समीर चौहान, अमरदीप पंवार, संतरपाल, कुलदीप तोमर, अंकुर सांगवान, बालेश्वरी, दिनेश, नवजीत, उदयवीर, ललिता, शशि शर्मा, मंजीत, मदनपाल सिंह, हरवीर आदि मौजूद रहे।

**किसान एक साल में ही चुका दे ऋण, ब्याज के अनुदान का ले लाभ**

विमल शर्मा ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह अपना ऋण 1 साल के अंदर या 30 जून 2024 से पहले अदा कर दें तो उन्हें केवल तीन फीसदी ब्याज देना होगा। बाकी ब्याज के अनुदान का लाभ मिल जाएगा। किसान ब्याज का अनुदान लेने के लिए केसीसी को 365 दिन से पहले जमा कर दें।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र भारद्वाज ने पूर्व विधायक डॉ अख्तर और समाजसेवी महेश शर्मा के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मंगलवार को पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कद्दावर कांग्रेस नेता और गाजियाबाद महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज दिवंगत पूर्व विधायक डॉ अख्तर के हापुड़ आवास पर जाकर उनके शोकसंतप्त परिजनों से मिले तथा अपनी ओर से व गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा की ओर से गहरी शोक संवेदना प्रकट की।

ततपश्चात नरेंद्र भारद्वाज दिवंगत समाजसेवी महेश शर्मा के छोटे भाई और हापुड़ महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा से उनके आवास पर जाकर मिले और शोकसंतप्त परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट की।

इस मौके पर युवा कांग्रेस नेता अमित यादव, कपिल यादव, अमित शर्मा, विक्की शर्मा आदि भी शोकसंतप्त परिजनों से मिले और अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

# शराब के नशे में वसूली करने पहुंचा राजस्व विभाग का अमीन, महिलाओं से की अभद्रता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव किवाना में शराब के नशे में धुत होकर राजस्व वसूली करने पहुंचे अमीन ने ईट भट्टा मलिक के परिवार की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जमकर हंगामा काटा। पीड़ित परिजनों ने डायल 112 को मामले की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस हंगामा कर रहे आमीन को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पीड़ित परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव किवाना निवासी राजेंद्र पुत्र अतर सिंह ने गांव में ही घट भट्टा लगा रखा है। ईट भट्टा मालिक राजेंद्र पर राजस्व का बकाया होने के चलते तहसील के द्वारा राजेंद्र की आरसी जारी कर दी गई थी। आरसी जानी होने के चलते शामली तहसील से अमीन शेखर मंगलवार को शराब के नशे में दूध होकर राजेंद्र के ईट भट्टे पर पहुंचा। ईठ भट्टे पर राजेंद्र के न मिलने पर राजस्व अमीन राजेंद्र के घर पहुंच गया और हंगामा काटने लगा। शोर शराबा होने पर राजेंद्र के परिवार की महिलाएं घर से बाहर निकली तो आरोप है कि शराब के नशे में धुत राजस्व अमीन शेखर ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। हंगामा होते देख आस पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए। आस पड़ोस के लोगों ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे राजस्व अमीन शेखर को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पीड़ित परिजनों ने राजस्व अमीन के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिवालय सिद्ध पीठ पुश्तैनी अंदोसर मंदिर में पंचम दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांधला।** कस्बे के शिवाला मार्ग स्थित सिद्ध पीठ पुश्तैनी शिवालय अंदोसर मन्दिर में पंचम स्थापना वर्ष अंदोसर महादेव की पूजा अर्चना कर, प्रभु गौरी नाथ को मन्दिर ट्रस्ट के पांच वर्षों का लेखा जोखा लघु पुस्तिका के रूप में समर्पित कर और मन्दिर के वंशानुगत पुजारी पंडित राधेश्याम का आशीर्वाद प्राप्त कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. ट्रस्ट की अध्यक्ष शालिनी कौशिक एडवोकेट एवं महासचिव डॉ शिखा कौशिक द्वारा मन्दिर में नित्य प्रति आने वाले श्रद्धालुओं अमित गोस्वामी, तनु, प्रिया, नरेश आदि को ट्रस्ट कार्यों की पुस्तिका एवं प्रभु का प्रसाद भेंट किया गया. मन्दिर ट्रस्ट की स्थापना के पांच वर्ष होने के उपलक्ष्य में धर्म सिंह द्वारा बाबू कौशल प्रसाद एडवोकेट स्मृति पुस्तकालय में वाल्मीकि रामायण दान की गई।

# नगर निगम के अधिकारी को लोगों के स्वास्थ्य से कोई लेना देना नहीं है: पर्यावरणविद सत्येन्द्र सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद अवंतिका फेज 2 स्थित इस तालाब का पुनरुद्धार नगर निगम गाजियाबाद द्वारा किया जा रहा है। तालाब में सीवर के पानी की लाइन को कनेक्ट किया गया है जो की कानूनन गलत है। इस तालाब के किनारे बहुत ही बदबू आ रही है क्योंकि इसका पानी सड़ रहा है और इसमें लाखों मच्छरों की उत्पत्ति हो गई है। इस तालाब में सीवर का पानी मिलाना पूरी तरह से गलत है। यहाँ पर बगल वाली सोसाइटी के सीवर लाइन का कनेक्शन करके इसमें मिला दिया गया है क्योंकि उस सोसाइटी के सीवर का पानी निकलने का कोई भी इंतजाम यहाँ पर नहीं है। अब बरसात भी शुरू हो चुकी है और इसकी वजह से यहाँ पर बीमारियाँ फैलेंगी और चिकनगुनिया, डेंगू जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रकोप होगा। इस वजह से यहाँ के नागरिक बहुत परेशान हैं और चिन्तित भी हैं।

सिर्फ नगर निगम टैक्स वसूलने के लिए जाना जाता है मगर जब काम करने बारी आती है कोई ढाक के तीन पात आम नागरिक बेहाल आमजन को नगर निगम के अधिकारी सिर्फ चक्कर कटवाते हैं मौके पर कोई काम नहीं करते और आम नागरिक परेशान इधर से उधर चक्कर काटता रहता है नगर निगम आम नागरिक के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहा है वहीं पर्यावरणविद सत्येन्द्र सिंह ने कहा है की नगर निगम के अधिकारी बिना किसी योजना के कार्य करते हैं और उनको लोगों के स्वास्थ्य से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा की इन अधिकारीयों की शिकायत मेयर सुनीता दयाल से की जाएगी। उन्होंने इस मामले की शिकायत केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड से पर की है और नगर निगम से सीवर लाइन का कनेक्शन इस तालाब से हटाने को कहा है और नगर निगम के ऊपर पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने का अनुरोध किया है। गौरतलब है की इस तालाब के किनारे जितने भी पेड़ पौधे लगे हैं वे सभी यहाँ पर रहने वाले प्रकृति प्रेमी श्री पशुपति नाथ तिवारी के द्वारा लगाए गए हैं वे बुजुर्ग हैं और इन पौधों की सेवा करने में ही अपना समय व्यतीत करते हैं। वे कहते हैं की ये पेड़ पौधे हमारे बच्चे हैं और हमें इनकी सेवा करनी चाहिए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी सुखी रह सकें।

उपरोक्त मामले की शिकायत एक्स पर केंद्रीय एवं राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग से करने के बाद राज्य प्रदूषण विभाग ने संबंधित अधिकारियों को अविलंब कार्यवाही करते हुए ATR (Action Taken Report) अपडेट करने को बोला है।

**निवाड़ी का दोहरा हत्याकांड** आसपा के प्रतिनिधि मंडल ने डीसीपी ग्रामीण को उत्तर प्रदेश सरकार के नाम सौंपा मांग पत्र

# सांसद चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार से फोन पर बात कर बांटा दु:ख

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**मुरादनगर।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के खिंदोड़ा में दर्दनाक दोहरे हत्याकांड पर संज्ञान लेते हुए आजाद समाज पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद नें मृतक परिवार से फोन पर बात कर उनका दुख बाटा व अपनी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से डीसीपी ग्रामीण को उत्तर प्रदेश सरकार के नाम मांग पत्र सौपा। आसपा के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संजय जाटव ने बताया कि खिंदोड़ा हत्याकांड पर संज्ञान लेते हुए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद ने फोन पर पीड़ित परिवार से बात कर दुख बाटा। बताया कि पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के निदेर्शानुसार पार्टी के प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से अधिकारियों को उत्तर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन भी दिया गया। आसपा के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संजय जाटव के नेतृत्व में पार्टी के अन्य नेताओं के साथ डीसीपी ग्रामीण को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में मांग की गई है कि उक्त दोहरे हत्याकांड के मुख्य अपराधियों को जल्द ही पकड़ा जाए। इस गोली कांड में घायल हुए पीड़ित का उच्च स्तरीय इलाज सरकार द्वारा कराया जाए। इस बड़ी घटना की सुनवाई फास्ट ट्रेक कोर्ट में कराई जाए, मृतकों के परिवार वालों को 50, 50 लाख की धनराशि सरकार द्वारा दी जाए। परिवार में कमाने वाला कोई और नहीं है। ज्ञापन देने वालों में धर्म प्रकाश, फारूक कुरैशी सभासद, दाऊद पठान, भीम जाटव, जुनैद वकील, संजय रेवाड़ी, मोनू कोरी, सुंदर वाल्मीकि, नितिन वाल्मीकि, आदि लोग मौजूद रहे। बताया मृतकों के परिवार वालों से मिलने के लिए चंद्रशेखर आजाद जल्द ही धौलडी गांव पहुंचेंगे। बता दे की मेरठ जिले के जानी थाना क्षेत्र स्थित गांव धौलड़ी के पप्पू ने निवाड़ी के खिंदौड़ा गांव के क्षेत्र में आम का बाग किराए पर लिया था। रात को जब वे बाइक से अपने बेटे चांद व राजा के साथ दूसरे बाग पर जा रहे थे तो रास्ते में धौलड़ी-खिंदौड़ा रजवाहे पर इनपर हमला कर दिया गया। ताबड़तोड़ फायरिंग में राजा व पप्पू की मौत हो गई थी। इस गोलीबारी में एक पप्पू का दूसरा पुत्र घायल हुआ है।

# उधार खरीद कर लाए भैंसा के रुपए हड़पने का आरोप

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी तीन लोगों पर एक व्यक्ति ने भैंसा खरीद कर उसके रुपए हड़पने का आरोप लगाया हैं, पीड़ित ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं, पुलिस जांच में जुटी हुई है। मंगलवार को थाना पहुंचे कैराना के मोहल्ला अल दरमियांन निवासी अकबर पुत्री् यासीन ने बताया कि क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी तीन लोग उसके पास गत दस मार्च को पहुंचे थे। और तीनों लोगों ने पीड़ित से उसका एक भैंसा 65000 में खरीद लिया था और रुपए दो दिन बाद देने का वादा किया था। पीड़ित का आरोप है कि कई माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने आज तक उसके रुपए नहीं लौटा आए। पीड़ित अपने रुपयों की खातिर लगातार आरोपियों के घर के चक्कर काट रहे हैं, मगर आरोपी उसके रुपए हड़पना चाहते हैं। पीड़ित व्यक्ति ने तीनों लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए अपने रूपयों को वापस दिलाने की भी मांग की है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# झगड़े में पिता पुत्र का हुआ चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** घरेलू विवादों को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे पिता पुत्र को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए शांति भंग में चालान कर दिया, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी प्रमोद व उसके पुत्र मोनू की घरेलू विवाद को लेकर मारपीट हो गई दोनों पिता पुत्रों में मारपीट हुई, मोहल्ले के लोगों ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को सूचना दी , सुचना मिलते मौके पर डायल 112 पुलिस पहुंच गई और पिता पुत्र को हिरासत में लेकर थाने ले आई।

# 41वीं वाहिनी पीएसी में भव्य दीक्षांत परेड समारोह आयोजित, मुख्य अतिथि रहे जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गााजियाबाद (आशा चौधरी)।** 41वीं वाहिनी पीएसी में भव्य दीक्षांत परेड समारोह में मुख्य अतिथि इन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी, गाजियाबाद की अध्यक्षता एवं सेनानायक शालिनी आई०पी०एस०, 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के निकट पर्यवेक्षण में

**जिलाधिकारी ने दिलाई रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गरिमा की शपथ, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की**

सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का मान सम्मान ग्रहण किया गया तथा परेड का निरीक्षण किया। बताते चले कि इस मौके पर उ०प्र० नागरिक पुलिस जवानों का प्रशिक्षण माह- दिसंबर 2023 से इस वाहिनी में चल रहा था। छहः माह का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर उ०प्र० नागरिक पुलिस को 148 जवान मिले जो उ०प्र० की विभिन्न जिलों में नियुक्त होंगे। जिलाधिकारी ने परेड कमाण्डरों को ट्रोफी एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि महोदय द्वारा आन्तरिक, बाह्य एवं परेड कमाण्डरों को ट्रोफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। चे०नं० 159 रोहित कुमार को सर्वांग सर्वोत्तम, चे०नं० 99 बादल को आन्तरिक विषय, चे०नं० 02 अजीत सिंह को बाह्य विषय में प्रथम खिताब प्राप्त किया। चे0नं0 185 उज्जवल तोमर प्रथम परेड कमाण्डर, चे0नं0 107 मयंक पचौरी एवं चे०न० 77 चेतना तृतीय परेड कमाण्डर द्वारा भव्य दीक्षांत परेड का संचालन किया गया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि महोदय द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को पद एवं गरिमा की शपथ दिलाई गई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। दीक्षांत परेड समारोह में सेनानायक





44वीं वाहिनी पीएसी मेरठ सचेन्द्र पटेल (आईपीएस), उपसेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर विनित भटनागर, उपसेनानायक 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद अल्का धर्मराज सिंह, सहायक सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर अनिल कुमार यादव व सौदान सिंह, सहायक सेनानायक 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद जगवीर सिंह चौहान, शिविरपाल रवींद्र कुमार, सूबेदार सैन्य सहायक गौरव कुमार, आर०टी०सी० प्रभारी विजय सिंह तथा वाहिनी के समस्त अधिकारी व क्रमचारियों के साथ मीडिया कर्मियों व रिक्रूट आरक्षियों के पारिवारिक सदस्यों ने समारोह की शोभा बढ़ाई ।।

# जीवांश का प्रतिशत गिरने से बचाने हेतू ढैंचा फसल को फसल चक्र में समायोजित करना आवश्यक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ,गाजियाबाद।** चौधरी चरण सिंह विश्वविधालय, मेरठ के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस सभागार में आयोजित मण्डल स्तरीय गोष्ठी के शुभ अवसर पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही एवं कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय द्वारा की गयी घोषणा की जानकारी के आधार पर ढैंचा बीज उत्पादन कार्यक्रम की योजना का सम्पादन उ०प्र०बीज विकास निगम द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रत्येक जनपद में किया जायेगा, जिसके लिये कृषक हित में व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय द्वारा ढैंचा फसल की महत्ता पर विस्तार से तकनीकी जानकारी देते हुये बताया कि लम्बे समय से लगातार भूमि में फसलों के उत्पादन से मृदा में उपलब्ध कार्बनिक एवं अकार्बनिक तत्वों की कमी होती जा रही है, जिससे प्रदेश में कृषि भूमि में जीवांश का प्रतिशत तेज गति से गिरता जा रहा है जिसकी क्षति पूर्ति हेतू ढैंचा फसल को फसल चक्र में समायोजित करते हुये ढैंचा की बुवाई करना अति आवश्यक है। कम्पोस्ट एवं जैविक खाद की उपलब्धता सीमित होने के कारण हरी खाद का प्रयोग मृदा में वृहद स्तर पर किया जा सकता है। हरी खाद की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुऐ प्रदेश में योजना संचालित की जा रही है ढैंचा फसल बीज उत्पादन हेतु 12-15 कि०ग्रा० बीज की बुवाई हेतू आवश्यकता होगी तथा बीज की व्यवस्था सम्बन्धित द्वारा स्वयं की जायेगी। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये बीज विकास निगम के परियोजना कार्यालय, मेरठ में 15 जुलाई तक निःशुल्क पंजीयन कराना आवश्यक है, खरीफ 2024 में उत्पादित होने वाले ढैंचा असंसाधित बीज की क्रय दर निगम द्वारा रु० 4500.00 प्रति कु० निर्धारित की गई है। सम्बन्धित बीज उत्पादक, उ०प्र०बीज विकास निगम के निकटतम बीज विधायन संयंत्र बुलन्दशहर ,मुजफ्फरनगर ,मेरठ पर अपने उत्पादित ढैंचा बीज का अन्तःग्रहण (इन्टेक) करा सकते हैं। कृषक उत्पादक संगठन, एग्री जंक्शन, कृषि विश्वविधालय, के०वी० के० आदि से सत्यापित ढैंचा बीज उत्पादन कर एम०ओ०यू० उ०प्र० बीज विकास निगम से कराया जायेगा। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले कृषक, संस्था अधिक जानकारी हेतु परियोजना अधिकारी उ०प्र०बीज विकास निगम मेरठ, मो० 6392751275 पर सम्पर्क कर सकते है। के पी एस गहलौत) परियोजना अधिकारी मेरठ।

# विकास प्राधिकरण जीडीए अधिकारियों ने किया बंटाधार, 32 साल से सोते रहे लापरवाही की इंतहा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए अधिकारियों की लापरवाही आई सामने 45हजार के किराये पर दे दिए 450 करोड़ के भूखंड जीडीए

**अरबों की बेशकीमती भूमि वर्तमान में कौड़ियों के भाव महज छह सौ रुपये महीने**

अधिकारियों ने किया बंटाधार, 32 साल से सोते रहे लापरवाही की इंतहा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बंटाधार यूं ही नहीं हुआ। इसके लिए यहां तैनात रहे अधिकारी जिम्मेदार रहे हैं। दिल्ली-यूपी बार्डर पर अरबों की बेशकीमती भूमि वर्तमान में कौड़ियों के भाव महज छह सौ रुपये महीने ही है। इस तरह देखें तो कुल 75 भूखंड का किराया 45 हजार रुपये महीने है। ये 450 करोड़ के भूखंड 32 साल से किराये पर है, पर जीडीए अधिकारी सोते रहे। न कभी किराया बढ़ाने की सुध ली व न ही इस भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराकर कब्जा लेने की।

जीडीए की स्थापना से पहले इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के जिम्मे शहर के सुनियोजित विकास था। इंप्रूवमेंट के बाद सारी जिम्मेदारी जीडीए के पास आई। दिल्ली-यूपी बार्डर पर चिकंबरपुर में इंप्रूवमेंट ट्रस्ट ने साल 1960 में ट्रांसपोर्ट नगर बसाने को भूमि अधिग्रहित की थी। अधिग्रहण की भूमि पर जीडीए ने साल 1990 में 75 भूखंड सृजित किए थे। साल गाजियाबाद विकास प्राधिकरण पुराने बस अड्डा के पास स्थित जीडीए कार्यालय 1990-92 तक दो साल के लिए जीडीए ने इन भूखंडों को 600 रुपये प्रतिमाह किराये पर दिया था। 75 भूखंडों का कुल क्षेत्रफल करीब 22,500 वर्गमीटर है। वर्तमान मार्केट रेट के हिसाब से इन भूखंडों की कीमत 450 करोड़ रुपये से ज्यादा है, पर 1990-92 का किराया अभी तक चल रहा है। साल 1991 से एके विष्ठ, डीके मित्तल,




आरपी त्यागी, रीता मेनन, विभापुरी दास, एलएम व्यास, के. चंद्रमौलि, एसपी सिंह, एलएम व्यास, डीएन दुबे, अनिल कुमार, प्रशांत त्रिवेदी, जितेंद्र सिंह, संतोष कुमार यादव, डीपी सिंह, एसके त्रिवेदी, एसके द्विवेदी, राम बहादुर, नरेंद्र कुमार चौधरी, जेसी आदर्श, संतोष कुमार यादव, विजय कुमार यादव, कंचन वर्मा, रितु माहेश्वरी, कंचन वर्मा, कृष्णा करुणेश, राकेश कुमार सिंह व इन्द्र विक्रम सिंह कुल 28 उपाध्यक्ष तैनात रहे। इनमें ने किसी ने न तो जीडीए की अरबों भूमि का किराया बढ़ाने का प्रयास किया और न ही संपत्ति अतिक्रमण मुक्त कराकर कब्जा लेने का। जीडीए सूत्रों के बताया कि किराये पर सिर्फ दो साल के लिए भूखंड दिए गए थे, पर जीडीए अधिकारी व कर्मचारी सोते रहे। अब जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने मामले का संज्ञान लिया। सोमवार को उन्होंने इस प्रकरण की पूरी रिपोर्ट बनाकर जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के सामने पेश की। जीडीए उपाध्यक्ष ने प्रापर्टी की समीक्षा बैठक में पहले बिंदु पर इस प्रकरण को रखने के निर्देश दिए हैं। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जीडीए को आर्थिक बोझ से उबारने के लिए यह सारी कवायद की जा रही है।

# गाजियाबाद में धारा 144 लगाने का आदेश जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद 26 जून की आधी रात तक लागू रहेगा यह आदेश ड्रोन से वीडियोग्राफी करने के लिए लेनी होगी अनुमति



साहिबाबाद साइट-फोर औद्योगिक क्षेत्र स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 26 जून को आएंगे उनके कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस ने पूरे ट्रांस हिंडन इलाके में और मुख्य शहर में कोतवाली एवं नंदग्राम थाना क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने पर तत्काल पाबंदी लगा दी गई है आदेश 26 जून की आधी रात तक लागू किया गया है।

# योग शिविर के दूसरे दिन गुलमोहर एनक्लेव के बच्चों ने किया योगाभ्यास

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भारतीय योग संस्थान द्वारा राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में आयोजित दो दिवसीय संस्कार एवं योग शिविर का मंगलवार को समापन हो गया।

**भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित योग शिविर के समापन पर हुआ प्रसाद वितरण**

शिविर के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। शिविर के दूसरे दिन बच्चों ने सीखे हुए प्राणायाम व आसनों का अभ्यास किया। शिविर के दूसरे दिन योग से अपनी दिनचर्या को सुधारने के बारे में बताया गया। योग के हमारे जीवन मे पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों के बारे में भी शिविर में बताया गया। मंगलवार को योग शिविर में योग शिक्षिका अलका बाटला ने बच्चों को बताया है कि



हमारे पास योग की शक्ति है जिसने भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाया है। आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने भारतीय योग संस्थान संस्था का गुलमोहर एनक्लेव के बच्चों के लिए योग एवम संस्कार शिविर आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि योग शरीर को निरोगी व मन-मस्तिष्क को चुस्त रखने का उत्तम साधन है। गुलमोहर एनक्लेव निवासी सविता सिंह ने बताया कि भारतीय योग संस्थान की ओर से गुलमोहर एनक्लेव की महिलाओं को निशुल्क योगा सिखाया जाता है। मंगलवार को योग शिविर के समापन पर भारतीय योग संस्थान एवं गुलमोहरवासियों के सहयोग से बच्चों को ठंडे पानी की बोतलें, टिफिन बॉक्स, नमकीन,बिस्कुट, चॉकलेट्स और प्रसाद वितरण भी किया गया।

# आगामी पेराई सत्र 2024-25 से शुरू होने पूर्व हो अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतानः जिलाधिकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में चीनी मिल मोदीनगर के पेराई सत्र 2023-24 के गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की गयी। समीक्षा में पाया गया कि चीनी मिल की कुल देयता 316.37 करोड रू. के सापेक्ष 157. 16 करोड रू. का ही भुगतान किया गया है, जो कुल देयता का लगभग 50 प्रतिशत है। उक्त स्थिति पर जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा रोष व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा अभी शेष 159.45 करोड रू. के भुगतान करने के सम्बन्ध में अध्यासी, चीनी मिल मोदीनगर से जानकारी चाही गयी, जिसके क्रम में अध्यासी, चीनी मिल मोदीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि चीनी मिल के पास लगभग 75.00 करोड रू. का चीनी एवं शीरे आदि का स्टाक शेष है। जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा अध्यासी, चीनी मिल मोदीनगर को 02 दिवस के अन्दर पेराई सत्र 2023-24 के अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान का शैड्यूल कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद द्वारा निर्देशित किया गया कि चीनी मिल के आगामी पेराई सत्र 2024-25 से शुरू होने पूर्व पेराई सत्र 2023-24 के अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। यदि चीनी



मिल प्रबन्धतंत्र द्वारा उक्त निदेर्शों का पालन नही किया जायेगा तो चीनी मिल प्रबन्धतंत्र के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। बैठक में प्रदीप कुमार, जिला गन्ना अधिकारी, गाजियाबाद, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, वेदपाल सिंह मलिक, अध्यासी, सुरेश शर्मा प्रबन्धक (कामर्शियल) व डी.डी. कौशिक लाईजन अफसर उपस्थित रहें।

# भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग बौपगे से भेंट, आर्य यात्रियों ने भूटान की खूबसूरती का किया अवलोकन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के नेतृत्व में 20 जून से 26 जून 2024 तक भूटान यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें 20 आर्य प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य व श्रीमती प्रवीण आर्य ने भूटान के प्रधानमंत्री श्री शेरिंग टॉपगे से भेंट कर शुभकामनायें आदान प्रदान की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने बताया कि भूटान में कहीं भी चौराहे पर लालबत्ती नहीं दिखाई दी,लोग स्वतः ही नियमों का पालन करते हैं।पैदल यात्री जेब्रा क्रासिंग पार करते हैं तो सभी ट्रैफि क रुक जाता है।प्राकृतिक वातावरण,ऊंचे पहाड़ों और गहरी खाईयों इन्द्रधनुषी आकाश,कहीं वर्षा,धुंध,धूप सब आनंद देने वाला



रहा।उन्होंने बताया कि लोगों की विनम्रता,अतिथि सत्कार,सादगी,वाणी मन मोह लेती हैं।मोदी जी का स्वच्छता अभियान अभियान सच में यहीं दिखाई देता है पूरे भूटान में कहीं गंदगी और कुड़ा दिखाई नहीं दिया।आम भाषा हिन्दी सब बोलते हैं और शाकाहारी भोजन उपलब्ध हैं।कहीं कोई भिखारी नहीं मिले,शांत और आध्यात्मिक वातावरण में बौद्ध मूर्ति भी है और हिंदू मंदिर भी है।यहां राजा का सभी बहुत सम्मान करते हैं और उनका चित्र हर भवन पर दिखाई देता है।सभी भारत को बड़ा भाई मानते हैं और व्यापार भी भारत से अत्यधिक होता है।होटल उचित दर पर साफ सुथरे उपलब्ध हैं।भूटान बर्बस आकर्षित करने वाला देश है।पारो का हवाई अड्डा भी दर्शनीय हैं एक बार भूटान अवश्य देखना चाहिए। आर्य प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से वेद खट्टर, नरेंद्र आर्य, सुधीर बंसल, आस्था आर्य, कमल तोमर, सुरेन्द्र गदाना, अर्चना मोहन, हंसराज कुकरेजा, सुधीर खट्टर, ईशा शर्मा आदि सम्मिलित रहे। दिल्ली से आयी पिंकी आर्य के गीतों ने यात्रा की शोभा अधिक बढ़ा दी।

# दिव्यांगजन के चिन्हांकन के लिए सभी तहसीलों एवं विकास खण्डों में कैम्पों का होगा आयोजन


**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा दिनांक 13.06. 2024 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निःशुल्क कृत्रिम अंग ,सहायक उपकरण योजनान्तर्गत जनपद के अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजन का चिन्हांकन कर दिव्यांगजन हेतु निःशुल्क कृत्रिम अंग , सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त निदेर्शों के क्रम में दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों यथा ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, कान की मशीन, सेन्सर स्टीक (छड़ी) आदि से लाभान्वित किये जाने हेतु पात्र दिव्यांगजन के चिन्हांकन के लिए निम्नानुसार सभी तहसीलों एवं विकास खण्डों में कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। अतः कृत्रिम अंग ,सहायक उपकरण योजना के पात्र, दिव्यांगजन के चिन्हांकन के लिए निम्नानुसार सभी तहसीलों एवं विकास खण्डों में कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही निम्न प्रस्तावित कैम्पों में विभागीय योजनाओं यथा-दिव्यांग पेंशन योजना, कुष्ठावस्था पेंशन योजना, दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना तथा दिव्यांग यू०डी०आई०डी० योजना के लाभार्थियों का भी चिन्हांकन किया जायेगा। कैम्प में दिव्यांगजन को अपने साथ 02 फोटो, अपना आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र (ग्रामीण क्षेत्र हेतु 46080 व शहरी क्षेत्र हेतु 56460) गरीबी रेखा के नीचे की हो, (आय प्रमाण पत्र मा०सांसद, मा० विधायक, महापौर, पार्षद, नगर पचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी अथवा ग्राम प्रधान का मान्य होगा, दिव्यांगता प्रमाण पत्र यू०डी०आई०डी कार्ड, एवं राशन कार्ड लाना अनिवार्य होगा। उक्त कैम्प का समय 11:00 बजे सुबह से शाम 4:00 तक रहेगा। तहसील लोनी में 02 जुलाई, तहसील मोदीनगर में 04 जुलाई, विकास खण्ड लोनी में 09 जुलाई, विकास खण्ड भोजपुर में 11 जुलाई, विकास खण्ड रजापुर में 15 जुलाई, विकास खण्ड मुरादनगर में 17 जुलाई व तहसील गाजियाबाद में 19 जुलाई 2024 को कैंप का आयोजन होगा।

# खोखा संचालक को तीन बदमाश गोली मारकर फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद थाना ट्रोनिका सिटी बाईक सवार बदमाशों ने एक खोखा संचालक को गोली मारकर फरार हो गए गोली खोखा



संचालक के पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है गांव अगरौला निवासी नवरंग सै-डी में खोखा संचालक है सोमवार रात बाईक सवार तीन बदमाश खोखे पर पहुंचे और नवरंग को गोली मारकर फरार हो गए घायल को आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल पहुंचाया सूचना पर अस्पताल में पहुंची पुलिस जांच में पूछने पर नवरंग ने किसी से भी झगड़ा व लड़ाई न होने की बात कही,परंतु गोली मारने का कारण अभी भी अज्ञात बना हुआ है।

**आयोजन**

## कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लागू कर देश में लोकतन्त्र की हत्या की शिशौदिया

# भाजपा ने आपातकाल को लेकर किया संगोष्ठी का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** 25 गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला महानगर के द्वारा 25 जून (आपातकाल) को याद कर काला दिवस के रूप में मनाते हुए एक वैचारिक संगोष्ठी आईटीएस कॉलेज मोहननगर के सभागार में आयोजित की गई ,जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रिय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आपातकाल के दिनों की दुश्वारियो पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद व संविधान की रक्षा हेतु लोकतंत्र के सिपाही हजारों स्वयंसेवक और सामाजिक कार्यकताओं को जबरदस्ती जेल में ठूस दिया गया था।कानून व्यवस्था धवस्त कर हिटलरशाही व्यवस्था लागू हो गई थी। उन्होंने बताया 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा आपातकाल लागू कर देश मे लोकतंत्र की हत्या की गई थी इंदिरा गांधी के शासन काल मे लगाए गये आपातकाल को 47 साल पूरे हो चुके है। कांग्रेस एक परिवार की पार्टी है। पिछले 70 सालों से देश पर एक परिवार पार्टी का राज रहा है। ऐसी पार्टी लोकतंत्र की बात करती है जबकि बीजेपी एक लोकतांत्रिक पार्टी है उसका कांग्रेस पुरजोर विरोध कर रही है। देश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद सबसे पहले राजनीतिक हत्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हुई। उन्हें जेल में डाल दिया गया और उनकी जेल में मौत हो गई। देश में सबसे पहले राजनीतिक हत्या कांग्रेस ने की, वह कांग्रेस आज बीजेपी को लोकतंत्र का पाठ पढ़ा रही है। ये भी देश कभी भूल नहीं सकता आपतकाल में ही मीडिया की स्वतंत्रता पर कुठाराघात हुआ था। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा आज के दिन इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र की हत्या की थी न जाने आज कांग्रेस के नेता किस मुंह से लोकतंत्र की दुहाई दे रहे है। संविधान के खतरे की बात कह रहे हैं। देश अब जान चुका है कांग्रेस भक्षक पार्टी है भाजपा रक्षक पार्टी है। उन्होंने कहा भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसकी कथनी और करनी में कोई फर्क नही होता। उधर दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी अपनी कथनी करनी में फटाफट और सटासट बदलाव करने वाली पार्टी है। सत्ता पर काबिज होने के लिए ये किसी भी हद तक जा सकते हैं। उसी का एक उदाहरण आपातकाल था। संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान




मंचासीन लोकतन्त्र सेनानियों को भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया एवं पूर्व मंत्री सुरेश राणा के द्वारा आपातकाल लागू होने पर जेल गए लोकतन्त्र के नायकों बलदेव राज शर्मा, नीलम शर्मा पत्नी स्वर्गीय यशपाल शर्मा, जय प्रकाश बंसल, हरि ओम गुप्ता , वैद्य विजय कुमार, शिक्षा त्यागी, पंडित कन्हैया लाल मार्कंर्डेय, आनंद आर्य, गिरीश सक्सेना ओम पाल त्यागी, पवन अग्रवाल, राजेंद्र कुमार, चंद्र पाल चौधरी रमेश राघव आदि का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

जिलाध्यक्ष सतपाल चौधरी ने सभी आगुंतकों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम के संयोजक महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, जिला महामंत्री जितेन्द्र चितौड़ा, मंच संचालक महामंत्री गोपाल अग्रवाल के अलावा बाबूजी बलदेव राज शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, विधायक मंजु सिवाच, पूर्व अध्यक्ष सतबीर राघव, पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, भोजपुर प्रमुख सुचेता सिंह,उपाध्यक्ष रनिता सिंह, अमरदत्त शर्मा, सरदार एसपी सिंह, राजेन्द्र त्यागी, अनिल स्वामी, प्रदीप चौधरी, ब्रह्ममेश तिवारी , राजू पांचाल, अमित प्रताप सिंह, कविता सिरोही, मीना भंडारी, शीतल चौधरी, वीरेन्द्र सारस्वत, सचिद्दानंद शर्मा, डीएन सिंह, चमन चौहान, बीएल गौतम,विजय मोहन, बिजेंद्र चौहान, राजेश्वर प्रसाद, उदिता त्यागी, ऋचा भदौरिया, प्रीति चंद्रा, धीरज शर्मा, महेश शर्मा, संजय रावत, पूनम सिंह, हिमांशु शर्मा, सुभाष शर्मा, वर्षा हजेला , राहुल शर्मा, विकास राघव, श्याम शर्मा, नीरज गोयल, अरविंद भारतीय, डॉक्टर केशव त्यागी आदि उपस्थित रहे।


# अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे वार्ड नंबर 41 के सभासद अंकुश जैन 6 सूत्रीय मांग को लेकर

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गाजियाबाद लोनी नगर पालिका अधिशासी अधिकारी की सरकार विरोधी मानसिकता को लेकर लोनी नगर पालिका वार्ड नंबर 41 के सभासद अंकुश जैन ने एक जुलाई से अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान करते हुए कहा कि वह लोनी के विकास कार्यों को लेकर 6 सूत्रीय मांग रखते हुए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे यदि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह भूख हड़ताल भी करेंगे अंकुश जैन ने कहा कि यदि भूख हड़ताल करते समय उनकी मौत हो जाती है उसका जिम्मेदार प्रशासन होगा वहीं उन्होंने अपनी अंतिम इच्छा भी जाहिर की कि यदि जनहित के इन मुद्दों को उठाते हुए मौत हो जाती है तो उनका अंतिम संस्कार नगर पालिका में किया जाए क्योंकि नगर पालिका अधिकारी विपक्षी लोगों से मिलकर सरकार को बदनाम करने का कार्य कर रहे हैं जो सफाई पहले 2 करोड़ में होती थी अब 5 करोड रुपए देने के बाद भी लोनी में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं बताया कि इस अनिश्चितकाल में कुछ विरोधी तत्वों द्वारा पार्टी के खिलाफ होने का भी आरोप लगारहे हैं।

# केबिनेट मंत्री को जिला महामंत्री ने सौंपा मांग पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में गन्ना विकास व चीनी मिल विभाग के केबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण को पत्र सौंपकर जिला महामंत्री राजीव सिरोही ने गन्ने की पी0बी095 प्रजापति को अगेती प्रजापति में शामिल करने के लिए मांग की है। जिसमें उन्होंने बताया कि गन्ने की प्रजाति पी0बी095 प्रजापति हरियाणा व पंजाब प्रदेश में अगेती प्रजापति में आती है।



# नशा मुक्त भारत अभियान : नगर में स्काउट गाइड द्वारा जागरूकता साईकिल रैली निकाली गयी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मंगलवार को शहर के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के स्काउट एंड गाइड ने नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता साइकिल रैली निकालकर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने

**सीडीओ ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

जागरूकता साइकिल रैली को बुलन्दशहर रोड स्थित श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कालेज से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिसके उपरांत रैली तहसील चौराहा से होते हुए कोठी गेट चौराहा से होते हुए नगर पालिका परिषद के प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुई। अपनी साइकिल पर नशा विरोधी पोस्टर लगाए हुए तथा नशा विरोधी नारे लगाकर चल रहे थी।

साइकिल रैली में श्री सरस्वती विद्यालय इंटर कालेज,आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज,दीवान इंटर कालेज,राम स्वरूप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,चौधरी ताराचंद इंटर कालेज के 200 स्काउट एंड गाइड अपनी साइकिल पर नशा विरोधी पोस्टर लगाए हुए तथा नशा विरोधी नारे लगाकर चल रहे थी। रैली का संयोजन प्रभारी प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डा.शैलेन्द्र कुमार ने किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हमें लोगों नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का आवाहन करना चाहिए। रैली का सफल बनाने में प्रधानाचार्य पारुल त्यागी का सहयोग रहा। इस अवसर पर राज केसर यादव,प्रीतम सिंह,राजकुमार,रविन्द्र,वंदना,नीति शर्मा,संतोष,आरती गुप्ता,शशि गर्ग आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



# सीएम योगी से पिलखुवा-धौलाना मार्ग फोर लेन बनवाने की मांग की

## जनपद में व्याप्त अन्य समस्याओं से भी कराया अवगत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की धौलाना विधान सभा क्षेत्र से भाजपा विधायक धर्मेश तोमर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पिलखुवा धौलाना मार्ग को फोर लेन बनवाने के साथ-साथ क्षेत्र में व्याप्त अन्य समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

विधायक धर्मेश तोमर ने बताया कि पिलखुवा धौलाना मार्ग को फोर लेन बनने से ट्रांसपोर्ट की उचित व्यवस्था होने पर नये उद्योग स्थापित होने के साथ-साथ विधान सभा क्षेत्र के गांव कंदौला,हावल,बझैड़ा खुर्द,सिखैड़ा आदि गांवों के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि हापुड़ जिले का विस्तार होने से विधान सभा क्षेत्र का नया परिसीमन बनेगा और हापुड़ लोकसभा क्षेत्र बन जायेगा। क्षेत्र में आईटी हब बनने से युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। सीएम योगी ने विधायक को आश्वासन दिया,कि उनके क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराया जायेगा।



# भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव....श्रीकृष्ण द्वारा राधा की मुद्रिका चोरी की लीला का मंचन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा सेवा समिति द्वारा श्री सनातन धर्म सभा भवन में आयोजित भव्य रासलीला मंचन के प्रथम दिवस श्रीकृष्ण द्वारा राधा की मुद्रिका चोरी की लीला का मंचन किया गया। जिसे देखकर श्रद्धालु भाव विभोर

**7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जायेगी**

हो गये। स्वामी जय प्रियाशरण द्वारा भगवान जगन्नाथ की आरती करके रासलीला का शुभारंभ किया। जिसमें ठाकुर जी ने लीला के अंतर्गत श्रीकृष्ण द्वारा राधा की मुद्रिका चुरा ली। यह बात जब राधा की सखियों को पता चला,तो ठाकुर जी ने राधा के यहां चोरी की है तो सारी सखियों ने मिलकर ठाकुर जी के महल में जाकर सोते हुए ठाकुर जी के सारे गहने, मोरपंखी,चन्द्रिका,बांसुरी आदि चुराकर दुबका ली। रासलीला में सखियों ने ठाकुर जी के गहनों के साथ साथ ठाकुर जी के परम सखा गरीब ब्राह्मण मधु मंगल की मूंछों पर भी हाथ साफ कर लिया । इस अवसर पर हरिओम, गोपाल,राजेश,अशोक,अरविन्द,संजीव, मनीष, सौरभ,सुशील,दिवेश आदि मौजूद रहे।

गौरतलब है,कि भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आगामी 7 जुलाई को 24वीं भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा भव्य व बड़ी धूमधाम से निकाली जायेगी। रथ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की अपील,कि वह जूते,चप्पल पहनकर नहीं आये व अपने साथ कीमती सामान,पर्स मोबाइल आदि लेकर नहीं आये।





# अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मारा छापा,किया सील,लाइसेंस निरस्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने शिकायत मिलने पर एक अल्ट्रासाउंड सेंटर छापामार सीलिंग की कार्रवाई करते हुए सेंटर का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया गया। मुख्य

- सीएमओ ने लगातार शिकायत मिलने पर की कार्रवाई,मचा हड़कंप
- अल्ट्रासाउंड सेंटर पर लड़के में यूट्रस दिखाया जा रहा था

चिकित्साधिकारी डा.सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में वैद्यनाथ नायक द्वारा अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन किया जा रहा है। वह अल्ट्रासाउंड सेंटर का दुरुपयोग कर रहा था। जिसकी लोगों द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी।

एक शिकायतकर्ता ने बताया कि सेंटर पर लड़के में यूट्रस दिखाया जा रहा था। शिकायत का गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम का गठन किया गया। मंगलवार को टीम ने उक्त अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापामार कार्रवाई करते हुए सील करने के साथ-साथ सेंटर का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया। टीम में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. दिनेश भारती, नायब तहसीलदार वेद प्रकाश, आदि शामिल थे।





# कुख्यात बदमाश नीरज बवाना गैंग का सदस्य बताकर 7.50 लाख रूपये हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** दिल्ली के कुख्यात बदमाश नीरज बवाना गैंग का सदस्य बताकर एक युवक ने एक व्यक्ति से प्लॉट दिलाने के नाम पर 7.50 लाख रुपये हड़प लिए तथा रुपये वापस मांगने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी है। इस बारे में पीड़ित ने न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली हापुड़ नगर में आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नवरत्न सिंह निवासी मोहल्ला लज्जापुरी ने बताया कि पिलखुवा क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर के आशुतोष नारायण शर्मा से उसकी जान पहचान है। आशुतोष नारायण शर्मा प्रॉपर्टी डीलर है। दिल्ली रोड स्थित आनंद विहार एल-71 में उसका प्रॉपर्टी का ऑफिस है। कुछ दिन पहले आशुतोष शर्मा से पीड़ित को एक प्लॉट दिलाने की बता कही थी। जिस पर पीड़ित प्लॉट खरीदने के लिए तैयार हो गया। आरोपी ने पीड़ित को एक प्लॉट दिखाया। सौदा तय होने पर पीड़ित ने सात जुलाई 2023 को 2.50 लाख व 12 जुलाई 2023 को पांच लाख रुपये बैंक आरटीजीएस के माध्य से आरोपित के खाते में डाले थे। इसके बावजूद आरोपी ने प्लॉट का बैनामा किसी अन्य व्यक्ति के नाम करा दिया है।मामले की जानकारी पर पीड़ित ने उससे रुपये वापस लौटाने को कहा। इस पर न तो आरोपित ने प्लॉट दिलाया और न ही रुपये वापस किए। लगातार तगादा करने पर आरोपित ने उसे तीन लाख व 2.65 लाख रुपये के दो बैंक चेक दिए। चेक बैंक में लगाने पर वह बाउंस हो गए। मामले की जानकारी पीड़ित ने आरोपी को दी। इस पर आरोपी ने स्वंय को कुख्यात नीरज बवाना गैंग का सदस्य बताकर पीड़ित को हत्या की धमकी दी और रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। उस वक्त पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। तो पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कोतवाली हापुड़ नगर पुलिस को मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दे दिए।

# पिलखुवा सीओ बनी स्तुति सिंह, जनपद की हेकड़ अफसरों में है शुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)** ।हापुड़ एसपी अभिषेक वर्मा ने क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह को पिलखुवा सर्किल की जिम्मेदारी दी है

- गढ़ सीओ रहते अवैध शराब के नेटवर्क को किया था ध्वस्त
- किसी बेगुनाह को नही किया जाए परेशानः स्तुति सिंह
- धौलाना के उधमियों ने स्तुति सिंह का किया अभिनंदन

। इस सर्किल में सबसे महत्वपूर्ण थाना धौलाना सहित पिलखुवा, हाफिजपुर और कपूरपुर थाने आते है । जिसका दायरा अधिकांश देहात में दूर तक फैला हुआ है । सीओ स्तुति सिंह ने चार्ज संभालते ही अपना कर्तव्य पालन शुरू कर दिया । और गांव की भौगोलिक जानकारी लेने निकल पड़ी । स्तुति सिंह जनपद के हेकड और ईमानदार अफसरों में गिनी जाती हैं । मजलूमों को ईमानदार और समय पर न्याय दिलाने में उन्हे महारत है । मूल रूप से आगरा की रहने वाली स्तुति सिंह अपने पिता के बताए रास्ते का अनुपालन कर लोगो को न्याय दिलाने में अपना सर्वस्व लगा देती है । और लोग मानते भी है की उनकी जांच यदि स्तुति मैडम करेंगी तो उन्हे न्याय जरूर मिलेगा । मंगलवार को धौलाना यूपीएसआईडीसी का उद्यमी मंडल पूर्व अध्यक्ष सुशील गुप्ता और पंडित अजेय भारद्वाज के नेतृत्व में पहुंचा और वहा सीओ स्तुति सिंह का पिलखुवा सर्किल का चार्ज लेने पर बधाई दी । इस मौके एसपी देहात राजकुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे ।



**टीबी स्क्रीनिंग शिविर** डीटीओ द्वारा बुर्जुगों को टीबी बीमारी के प्रति किया जागरूक

# वृद्धाश्रम में 55 बुर्जुगों की स्क्रीनिंग की, 20 के स्पुटम लिये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के निर्देश व जिला क्षय रोग अधिकारी की अगुवाई में मंगलवार को स्वर्ग आश्रम रोड स्थित वृद्धाश्रम में टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बुजुर्गों का टीबी के प्रति संवेदीकरण भी किया गया।

डीटीओ डा. राजेश सिंह ने बताया कि वृद्धाश्रम में हर छह माह पर टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन कर टीबी के बारे में जानकारी दी जाती है और यदि किसी बुजुर्ग में टीबी को कोई लक्षण नजर आता है तो उनकी जांच भी कराई जाती है। मंगलवार को आयोजित कैंप के दौरान वृद्धाश्रम में रह रहे 55 बुजुर्गों की स्क्रीनिंग की गई और टीबी जांच के लिए 20 बुजुर्गों का स्पुटम (बलगम का नमूना) लिया गया।

उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, खांसी में बलगम या खून आना,सीने में दर्द,वजन कम होना और थकान या बुखार बने रहना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इनमें से कोई भी लक्षण नजर आने पर टीबी की जांच कराना जरूरी है। टीबी की जांच पूरी तरह निःशुल्क है,जांच में टीबी की पुष्टि होती है तो उपचार की व्यवस्था सरकार की ओर से की गई है।

जिला पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि क्षय रोगियों को जल्दी रिकवरी के लिए उच्च प्रोटीन और विटामिन युक्त आहार की जरूरत होती है, इसके लिए सरकार की ओर से रोगी को निक्षय पोषण योजना के तहत हर माह पांच सौ रुपए का भुगतान उसके बैंक खाते में किया जाता है। नियमित उपचार के बाद टीबी पूरी तरह ठीक हो जाती है। टीम में जिला जिला कार्यक्रम समन्वयक दीपक शर्मा और एसटीएस हसमत,जिला पीएमडीटी समन्वयक मनोज कुमार गौतम आदि शामिल थे।



# स्वास्थ्य जांच शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ, मरीजों का उपचार कर,निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुलन्दशहर रोड मौहल्ला मजीदपुर स्थित महर पब्लिक स्कूल में मास क्लब और राम अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने सैकड़ों मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया। मास क्लब के चेयरमैन सलाउद्दीन ने कहा कि क्लब समाज सेवा के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। आगे भी क्लब इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज सेवा करता रहेगा। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी,सदस्य मुस्लिम कुरैशी,डा.अकील मलिक, हाजी जुबैर चौधरी, फजलुर्रहमान, मौ,इस्माईल आदि मौजूद रहे।





## सम्पादकीय

# रोजगार की जरूरत



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

यकीनन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार के सामने एक बड़ी चुनौती नौकरियों और रोजगार अवसरों में वृद्धि करने की है।

हाल ही में दुनिया में आर्थिक और रोजगार से संबंधित शोध अध्ययनों के लिए प्रसिद्ध फ्रांस के कॉरपोरेट एंड इन्वेस्टमेंट बैंक नेटिक्सि एसए के द्वारा प्रकाशित अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जिस तेजी से युवा रोजगार के लिए तैयार होकर श्रम शक्ति (वर्क फोर्स) में शामिल हो रहे हैं, उसको देखते हुए भारत को 2030 तक प्रति वर्ष 1.65 करोड़ नई नौकरियों की जरूरत होगी। इसमें से करीब 1.04 करोड़ नौकरियां संगठित सेक्टर में पैदा करनी होगी। जबकि पिछले दशक में सालाना कुल 1.24 करोड़ नौकरियां ही पैदा हो सकी थीं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था में तेजी को बरकरार रखने के लिए सर्विसेज से लेकर मैन्युफैक्चरिंग तक सभी सेक्टर्स को नई रफ्तार से बढ़ावा देना होगा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 फीसद बेरोजगार युवा थे। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत की कुल श्रम शक्ति की भागीदारी दर मात्र 58 प्रतिशत है, जो भारत के एशियाई समकक्ष देशों की तुलना में बहुत कम है। निसंदेह नई गठबंधन सरकार को बेरोजगारी संबंधी चिंताजनक नए आंकड़ों को ध्यान में रखना होगा। हाल ही पिछले दस वर्षो में संघ लोक सेवा आयोग रेलवे भर्ती और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने जो भर्तियां की हैं, वे रिक्त पदों की तुलना में कम बहुत है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन (एनएसओ) के द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आंकड़ों के अनुसार भारत के शहरी इलाकों में बेरोजगारी की दर वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च 2024) में बढ़कर 6.7 प्रतिशत हो गई है, जो इसके पहले की तिमाही में 6.5 प्रतिशत थी। शहरी बेरोजगारी पिछली चार तिमाही के उच्च स्तर पर पहुंच गई है। 15 साल से अधिक उम्र में बेरोजगारी की दर जनवरी-मार्च 2023 की तिमाही के 6.8 प्रतिशत के बाद सर्वाधिक है। सर्वेक्षण के अनुसार युवा बेरोजगारी स्तर बढ़ा है और यह बीती तिमाही के 16.5 प्रतिशत से बढ़कर चौथी तिमाही में 17 प्रतिशत हो गया। यह आंकड़ा इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस आयु वर्ग के लोग पहली बार श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। इससे शहरी रोजगार के बाजार में गिरावट का पता चलता है। अब नई सरकार के द्वारा देश में असंगठित सेक्टर लघु एवं मध्यम उद्योगों और गिग वर्कर्स की चिंताओं पर भी ध्यान दिया जाना होगा। इन सेक्टरों में करोड़ों लोगों को रोजगार तो मिल रहा है, लेकिन भविष्य एकदम सुरक्षित नहीं है। जून 2022 में प्रस्तुत नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत के 77 लाख लोग इस समय गिग इकोनॉमी का हिस्सा हैं। अनुमान है कि 2029-30 तक इनकी संख्या 2.35 करोड़ हो जाएगी। गिग वर्कर्स के लिए बड़ी समस्या नौकरी जाने का खतरा और प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिलना है। देश में रोजगार के मद्देनजर महिलाओं की स्थिति भी अच्छी नहीं है। नैसकॉम के मुताबिक भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में केवल 36 फीसद महिलाएं हैं। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों में महिलाओं की भागीदारी केवल 14 फीसद है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्र में महिलाओं का रोजगार कम है और भारत के बड़े अवसरों के लिए महिलाओं की कम भागीदारी चुनौतीपूर्ण है। निश्चित रूप से नई गठबंधन सरकार को देश की नई पीढ़ी को जॉब सीकर यानी नौकरी की चाह रखने वाले से ज्यादा नए दौर के जॉब गिवर यानी नौकरी देने वाले बनाने की तेज रणनीति के साथ भी आगे बढ़ना होगा। पिछले 10 वर्षो में जिस तरह नई पीढ़ी के द्वारा स्वरोजगार के मौके मु्री में लिए जा रहे हैं। उनकी रफ्तार बढ़ाई जानी होगी। हाल ही में शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट में कहा गया कि मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार मिले हैं। इस शोध अध्ययन में रोजगार व स्वरोजगार से संबंधित 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमईजीपी, पीएमए-जी, पीएलआई, पीएमएवाई-यू, और पीएम स्वनिधि जैसी प्रमुख योजनाएं शामिल हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 10 वर्षो में आर्टफशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई स्किल्स से नई पीढ़ी को सुसज्जित करके उनके लिए रोजगार के मौके बढ़ाए हैं।

# बीजेपी की नीतियां दलित और पिछड़ा वर्ग विरोधी

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** पूर्व विधायक रामनिवास घोडेला ने बीजेपी को दलित और पिछड़ा विरोधी पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी जानबूझकर दलित और पिछड़े समाज को अशिक्षित और बेरोजगार रखना चाहती है। क्योंकि बीजेपी इस समाज के युवाओं को धर्म और जाति की राजनीति में झोकना चाहती है। बीजेपी चाहती है कि वंचित वर्गों के युवा सिर्फ उसका झंडा उठाकर गलियों में घूमते रहे और बीजेपी आरएसएस के नेताओं के बेटे बेटियां सत्ता के मजे लूटते रहें है।

रामनिवास घोडेला ने कहा, बीजेपी सरकार ने क्रीमी लेयर को बढ़ाने का मुद्दा भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के विधायकों के द्वारा बार-बार संज्ञान में लाने पर उठाया है। कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा में सरकार बनने पर क्रीमी लेयर को बढ़ाकर 10 लाख करने की घोषणा की है। वहीं, पूर्व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी क्रीमी लेयर के मुद्दे को राज्यसभा में उठाया था। दस साल तक पिछड़े वर्ग को उनके अधिकारों से वंचित रखने के बाद बीजेपी वोट कटने के डर से क्रीमी लेयर को मामूली बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा,लेकिन अब एससी ओबीसी समाज बीजेपी की चाल को समझ चुका है। इसलिए उसने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को जोरदार जवाब दिया है। अब विधानसभा चुनाव में अपनी करारी हार सामने देख बीजेपी ओबीसी वर्ग को रिझाने के लिए घोषणाएं कर रही है। जिस बीजेपी ने क्रीमी लेयर को 8 लाख से घटाकर 6 लाख किया और लाखों ओबीसी परिवारों से आरक्षण छीन लिया, अब वह कह रही है कि क्रीमी लेयर को वापस 8 लाख किया जाएगा।


जिस बीजेपी ने हरियाणा में कौशल निगम के जरिए पक्की नौकरियों को खत्म कर दिया, हजारों ओबीसी युवाओं से उनका रोजगार छीन लिया, अब वह कह रही है कि ओबीसी के खाली पदों को भरा जाएगा। जिस बीजेपी ने दलित पिछड़ों से आरक्षण छीनने की हर मुमकिन साजिश की, अब वह उनको आरक्षण का लाभ देने की बात कर रही है। क्योंकि बीजेपी चुनाव में दलित पिछड़ों का वोट चाहती है।

रामनिवास घोडेला ने कहा कि बीजेपी को इस चुनाव में दलित पिछड़ों से वोट नहीं माफी मांगनी चाहिए। बीजेपी ने 10 साल दलित व पिछड़ों को शिक्षा, आरक्षण, नौकरियों में और 100-100 गज के प्लॉट से वंचित रखा, अब दलित-पिछड़ा मिलकर बीजेपी को सरकार से वंचित करने जा रहे हैं।

रामनिवास घोडेला ने अपने बयान मे बीजेपी सरकार पर कई सवाल धागे है।

क्रीमीलेयर सम्बन्धी ओबीसी के नुकसान की भरपाई कौन करेगा इस बात का जवाब भी हरियाणा सरकार को देना होगा।

1. 2018 में पिछड़ा वर्ग समाज के बच्चो के टइइर में एडमिशन कैंसल हुए । इस संबंध में किए केस में समाज को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था। उसकी भरपाई कौन करेगा।



रामनिवास घोडेला

- धर्म व जाति की राजनीति में झोककर युवाओं को शिक्षा से वंचित रखना चाहती है बीजेपी - रामनिवास घोडेला
- बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में एक भी BC (अ) वर्ग के प्रत्याशी को टिकट नहीं दी - रामनिवास घोडेला

2. हरियाण सरकार की इस नोटिफिकेशन की वजह से ओबीसी समाज के बच्चों के हरियाण सरकार के अधीन इंजिनियरिंग, MBBS, नॉन टेक्निकल कोर्सेज में एडमिशन से वंचित हुए 7 साल तक उसकी भरपाई कौन करेगा?

3. पिछले 7 सालों से क्रीमीलेयर पर केस हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में किया हुआ है। जिसमें ओबीसी समाज की जीत हुई थी। उसमें लाखों रुपये का खर्च आया उसकी भरपाई कौन करेगा ?

4. क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को न मानने के विरुद्ध हाई कोर्ट में अवमानना का केस हरियाण सरकार के खिलाफ चल रहा है जिसका परिणाम ओबीसी के हक में आना तय था तो अब ये घोषणा औपचारिक मात्र है।

5. क्लास ए और बी की पोस्ट पर केवल 10 %और 5 % क्रमशः इउ (अ) और इ को अधूरा आरक्षण 1995 से मिल रहा है। मण्डल कमीशन द्वारा 27 % और सुप्रीम कोर्ट द्वारा 27 % का नियम है। जबकि हरियाणा में आजतक पूर्ण भागीदारी नही मिल रही है। जिससे हमारे पिछड़े वर्ग के आज HCS अधिकारी 45% जनसंख्या के बावजूद 5 % भी नही है।

6. क्या बैकलॉग सरकार भरेगा ?

7. HKRN में क्यों रिर्जवेशन पॉलिसी को नहीं लागू किया गया ?

8. क्यों HKRN के तहत सीट डिस्ट्रीब्यूशन और रोस्टर को नहीं फॉलो किया जा रहा ?

9. हमने govt. एडेड कॉलेज में SC, ST, OBC और General का नॉन टीचिंग और टीचिंग पोस्ट पर प्रतिनिधि दशार्या था और RTI के माध्यम से रोस्टर का उलंघन भी हमने साबित किया था। इस संबंध में 4 साल तक सरकार को रिपोर्ट भेजी गई, लेकिन न तो आयोग कुछ कर पाया और न ही सरकार ने इस ओर अपना ध्यान केंद्रित किया।

10. सरकारी कॉलेज के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल में OBC, SC, ST को निचले स्तर कोर्स में admision दिया गया जबकि उच्च स्तर के कोर्स में रिजर्वेशन पॉलिसी को फॉलो नही किया गया। जब कुल admision का टोटल किया गया तो ओबीसी रिजर्वेशन 27 % दिखा। परन्तु ओबीसी वर्ग के बच्चे क्रीम कोर्सें में सीट आरक्षित न होने कारण वंचित रह गए। बीजेपी सरकार के पास इसकी रिपोर्ट बना कर भेजी, लेकिन वहां से भी कोई समाधान नहीं हुआ।

11. बीजेपी सरकार ने पंचायती राज में 8 % सरपंच व पंच पद आरक्षित करके और चेयरमैन पद रिर्जव न करके अधूरा आरक्षण शाबासी के लिए सर माथे लेने का काम किया है।जबकि 2016 में 6.5 % सरपंच बिना आरक्षण के बनते थे। हमने इसके खिलाफ आयोग में रिपोर्ट भी सबमिट की। आयोग की ओर से जवाब मिला चलो 8 % अब तो हर हाल में बनेगे।

परन्तु जब प्रतिउत्तर में कहा के 1.5 % का इजाफा नामात्र है और 35 % जनसंख्या को 8 % स्त्रस्त्र के किस गणित के आधार पर लागू कर रहे हो तो आयोग की ओर से इसका कोई जवाब नही मिला।

12. बीजेपी ने 44 नगर पालिका में बीसी रिजर्वेशन की घोषणा कर बिना आरक्षण के चुनाव लड़वाने का काम किया था। जिसमें समाज के लोगों को कई लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था और बाकी शेष 45 लोकल बॉडी में रिजर्वेशन पॉलिसी बिना TRP लेकर अभी तक बीजेपी सरकार इलेक्शन तक नहीं करवा पाई है।

13. BC (अ) वर्ग के 1148 में से 30 MLA आजतक हरियाणा गठन के बाद बने और संसद तो एक भी नही बना है। ये रिपोर्ट भी हमने सबमिट की। बीजेपी इस बार भी लोकसभा चुनाव में दस सीटों पर एक भी BC (अ) वर्ग के उम्मीद्वार को टिकट नहीं दिया।

आज वोट खिसक गया तो ओबीसी याद आया। जनता खुद समझदार है। लेकिन ओबीसी वर्ग ने बहुत देर कर दी 2019 लोकसभा चुनाव में सबक सिखाते तो आज हमारे बच्चो का भविष्य सुरक्षित रहता। GV HKRN की भीख नही मांगनी पड़ती। ओबीसी वर्ग को हरियाणा में क्लास 3 और 4 की नौकरी से संतोष करना पड़ा।

## शीर्षक-कुटिया में छाई रोशनी

बाबा मेरी इच्छा को तुमने, मेरे जीने का जुनून बनाया,
कर तू मेहनत बिटिया, ज्ञान से ही जीवन "आनंद" सबने पाया,
अ आ इ ई से शुरूआत कर, सीख यह अद्वितीय ज्ञान-विज्ञान,
साक्षरता है जीवन में बहुत जरूरी, इसी से मिलता मान-सम्मान।

संस्कारों की खूबसूरती जीवन में, शिक्षा के सामंजस्य से ही आती,
घनघोर अंधेरे में भी, शिक्षा स्वर्णिम रोशनी दिव्यतम आभा फैलाती,
अभाव में शिक्षा के कष्टों से ग्रसित भविष्य, खून के आंसू बहाना होती मजबूरी,
गरीबी हो या अमीरी सुन, शिक्षा के धन का पास होना है जरूरी ।

शिक्षित व्यक्ति गरीबी को मिटाने का, रखता है हौसला, हिम्मत और दम,
खुद की अलग पहचान बनाने में, होता है वह शत प्रतिशत सक्षम,
पग-पग मेहनत पल-पल जगाती हैं, सुखों की जीवंत आशा,
कुटिया में देखो बिखरी है, ज्ञान की ज्योति और सीखने की जिज्ञासा ।

आंगनबाड़ी में तुमने बाबा, दाखिला मेरा है करवाया,
इतनी गरीबी में भी बाबा, एक दीया खुशियों का है जगाया,
खुद पहले पढ़कर मैं, तुम्हें भी बाबा क ख ग सब सिखाऊंगी,
अध्यापिका बनकर तुम्हारी बाबा, मैं फिर मंद-मंद मुस्काऊंगी ।

इतनी कठिनाइयों के बाद भी, तुमने मुझे कभी रोने न दिया,
बाबा एक दिन मेहनत से, नाम करूंगी रोशन तुम्हारा प्रण मैंने ये लिया,
समझ गई मैं, शिक्षा है जीवन में अति ही आवश्यक,
बेटा हो या बेटी शिक्षित होना, सबके लिए है लाभदायक ।



मोनिका डागा "आनंद" , चेन्नई, तमिलनाडु

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# मोदी ब्रांड ने अपनी चमक कुछ हद तक खो दी है

**डॉ.मोहम्मद वसी बेग**



भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार जीत हासिल की है।उनकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बहुमत से पीछे रह गई है और 543 सीटों वाली संसद में आवश्यक 272 सीटों से आगे चल रही है। यहां इस लेख में हम अध्ययन करेंगे कि मोदी पूर्ण बहुमत हासिल करने में क्यों विफल रहे।

श्री मोदी ने घोषणापत्र के प्रमुख वादों को पूरा किया: भारत प्रशासित कश्मीर की स्वायत्तता को रद्द करना, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और विवादास्पद नागरिकता कानून लागू करना। कई भाजपा शासित राज्यों ने अंतरधार्मिक विवाहों पर नियमों को कड़ा करने वाले कानून लागू किए हैं।

भाजपा की सीटों में उल्लेखनीय गिरावट अन्य चीजों के अलावा बेरोजगारी, बढ़ती कीमतें, बढ़ती असमानता और विवादास्पद सेना भर्ती सुधार से जुड़ी हो सकती है। श्री मोदी के कठोर और विभाजनकारी अभियान, विशेष रूप से मुसलमानों को लक्षित करने के कारण, कुछ क्षेत्रों में मतदाता विमुख भी हो सकते हैं।

यदि भाजपा सरकार बनाती है, तो वह सहयोगियों पर निर्भर होगी और उसे अधिक परामर्शात्मक और विचार-विमर्श वाला दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता होगी।

चुनाव नतीजों से पता चलता है कि ब्रांड मोदी ने अपनी कुछ चमक खो दी है, जो दशार्ता है कि श्री मोदी भी सत्ता विरोधी लहर के प्रति संवेदनशील हैं। दूसरे शब्दों में, वह उतने अजेय नहीं हैं जितना उनके कई समर्थक मानते थे। इससे विपक्ष को नई आशा मिली है।

# भारत की लगातार बढ़ती मदद की वजह से कंगाल नहीं होगा बांग्लादेश

चीन के कर्ज देकर गरीब देशों को फंसाने के मकड़जाल के बारे में अब दुनिया के देश समझने लगे हैं। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश ने चीन के कर्ज के जाल में फंसाने की हरकतों के बारे में गरीब देशों को आगाह किया है। शेख हसीना सरकार में फाइनेंस मिनिस्टर मुस्तफा कमाल ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि-'चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (इफ्क्र) अच्छा तो है, लेकिन इसके बहाने चीन गरीब देशों को जो कर्ज दे रहा है वो इन छोटे और विकासशील देशों को तबाह कर सकता है।' कमाल का बयान इसलिए खास है क्योंकि किसी देश का वित्तमंत्री स्तर का व्यक्ति खुद कर्ज जाल के बारे में इतने सीधे तरह से आगाह कर रहा है।


दरअसल, बांग्लादेश भी चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट यानी इफ्क्र में शामिल है। बीआरआई के माध्यम से ही चीन हमारे पड़ोसी देशों को लालच देकर इन देशों में अपनी घुसपैठ करना चाहता है। चीन ने श्रीलंका के साथ भी ऐसा ही किया था, कर्ज देकर उसे कंगाल कर दिया। चीन की इसी चाल को बांग्लादेश समझ गया है। इसलिए वह श्रीलंका की राह नहीं चलना चाहता। यही कारण है कि कर्ज को लेकर बांग्लादेश के फाइनेंस मिनिस्टर ने सीधे तौर पर यह बयान दिया है।

इफ्क्र के तहत रेल, सड़क और समुद्री मार्ग से एशिया, यूरोप, अफ्रीका के 70 देशों को जोड़ने का प्लान है। भले ही चीन इसे अपने कारोबार से जुड़ा बताए, लेकिन बीआरआई के माध्यम से चीन हिंद महासागर और हमारे पड़ोसी देशों में बीआरआई के माध्यम से निगरानी पोस्ट बनाना चाहता है।

इस समय बांग्लादेश भी अपनी अर्थव्यवस्था के एक स्तर को बनाए रखने के लिए जूझ रहा है। यहां भी पिछले दो महीनों के दौरान महंगाई बढ़ गई है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 52 फीसदी तक उछाल आ गया है। हालांकि इसके पीछे शेख हसीना सरकार यह जरूर कहती है कि रूस और यूक्रेन जंग के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ी हैं, इसलिए पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़े हैं।

बांग्लदेश के लिए परेशानी की बात यह भी है कि बांग्लादेश का विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेन रिजर्व या फॉरेक्स रिजर्व) भी गिर गया है। यह अब 40 अरब डॉलर से भी नीचे आ चुका है। खुद सरकार कहती है कि इस रिजर्व से सिर्फ पांच महीने ही इम्पोर्ट किया जा सकता है।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश में भले ही महंगाई बढ़ रही हो, विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा हो, लेकिन यहां रेडीमेड गारमेंट एक्सपोर्ट्स बांग्लादेश को बचा लेगा। क्योंकि 90% कॉटन तो भारत ही बांग्लादेश को देता है। इसी बीच बांग्लादेश एशिया के उन देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने खाली होते फॉरेन रिजर्व से निपटने के लिए इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड (क्टऋ) का दरवाजा खटखटाया है। बांग्लादेश ने क्टऋ से 4।5 अरब डॉलर का पैकेज मांगा है।भारत भी अपने पडोसी देश को चीन के मकड़जाल से



अशोक भाटिया

बचाने के लिए हर प्रकार की कोशिश कर रहा है । हाल ही में भारत की यात्रा पर आईं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की है । इस दौरान दोनों पक्षों ने समुद्री सहयोग व समुद्री अर्थव्यवस्था, समुद्र विज्ञान में सहयोग, मत्स्य पालन में सहयोग, रेलवे कनेक्टिविटी, आपदा प्रबंधन में सहयोग सहित कई समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है । वार्ता के बाद पीएम मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि हम इलाज के लिए भारत आने वाले बांग्लादेश के नागरिकों के लिए ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू करेंगे। भारत देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के लोगों के लिए सेवाओं की सुविधा के लिए बांग्लादेश के रंगपुर में नया वाणिज्य दूतावास भी खोलेगा। पीएम मोदी ने जोर दिया कि यह यात्रा इसलिए खास है क्योंकि पीएम शेख हसीना एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत की पहली राजकीय अतिथि हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में हम 10 बार मिल चुके हैं, लेकिन आज की मुलाकात खास है क्योंकि प्रधानमंत्री हसीना हमारी तीसरी सरकार की पहली राजकीय अतिथि हैं। बांग्लादेश हमारी पड़ोसी पहले नीति, एक्ट ईस्ट नीति, विजन सागर और इंडो-पैसिफिक विजन के लिए महत्वपूर्ण है।

वहीं, संयुक्त वार्ता में पीएम शेख हसीना ने बांग्लादेश और भारत के बीच मजबूत और तेजी से बढ़ते संबंधों को रेखांकित किया। पीएम हसीना ने निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया। हसीना ने भारत को प्रमुख पड़ोसी, भरोसेमंद दोस्त और महत्वपूर्ण क्षेत्रीय साझेदार के रूप में रेखांकित किया, और 1971 में बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के दौरान उत्पन्न हुए स्थायी बंधन पर जोर दिया। पीएम हसीना ने द्विपक्षीय संबंधों के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण का संकेत देते हुए कहा कि ढाका और नई दिल्ली ने नई यात्रा शुरू की है। हमने विजन 2041 और 2047 तक विकसित भारत का अनुसरण करके स्मार्ट बांग्लादेश के लिए भविष्य की कार्ययोजना तैयार की है।

वहीं, बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना की भारत यात्रा पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बांग्लादेश भारत के सागर सिद्धांत और हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण का अहम साझेदार है। समुद्री सहयोग और समुद्री अर्थव्यवस्था पर एमओयू का नवीनीकरण किया गया है, जिसका उद्देश्य हमारी महासागर आधारित अर्थव्यवस्था और समुद्री सहयोग को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि समुद्र विज्ञान पर एमओयू इस क्षेत्र में अनुसंधान के लिए एक रूपरेखा तैयार करेगा। आपदा प्रबंधन पर एमओयू के नवीनीकरण से पूरे क्षेत्र में प्रतिक्रिया और क्षमता निर्माण को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य भारत के प्रक्षेपण यान से बांग्लादेश के लिए संयुक्त रूप से विकसित एक छोटे उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं के बीच रक्षा सहयोग पर भी चर्चा हुई और उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने और बांग्लादेश के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण तथा दोनों देशों के बीच रक्षा-औद्योगिक सहयोग दोनों के लिए योजनाओं का समर्थन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। इस समय भारत व बंगलादेश की कनेक्टिविटी भारत-बांग्लादेश के बीच संबंधों के केंद्र में है।

हम बांग्लादेश के राजशाही शहर और कोलकाता के बीच एक नई यात्री ट्रेन सेवा शुरू कर रहे हैं। इसके अलावा एक और बस सेवा भी शुरू हो रही है जो कोलकाता और चटगांव के बीच होगी।

## बुधवार का राशिफल

**मेष:** बुद्धिमानी से परेशानी हल करेंगे, अस्पताल, हेल्थ डिपार्टमेंट, डवलपर, बिजली क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी, कर्ज मदद रूप में मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-77

**वृषभ:** व्यापार को बढ़ाने के लिए लोगों से मिलेंगे, दूर की यात्रा होगी, आपके आइडिया काम करेंगे, मनोरंजन करेंगे, मित्र मुश्किल में याद करेगा। भाग्य प्रतिशत-76

**मिथुन:** मार्केटिंग कार्य में लोगों से कार्य निकाल लेंगे, फाइनेंस, एडवर्टाइजिंग, फ्लेट डीलर उन्नति करेंगे, परिवार में किसी की सेहत प्रभावित रहेगी डॉक्टर से मिलेंगे। भाग्य प्रतिशत-70

**कर्क:** मन नहीं लगेगा, अपनी क्षमताओं को कम आकेंगे, प्रेम विफल हो सकता है,रिश्तेदारों से बना कर रखें। भाग्य प्रतिशत-52

**सिंह:** माँ की सेहत का ध्यान रखे, वाहन का चालान सम्भव है, कागजात सही रखें, घर में आपके बरताव से किसी को दुख हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-49

**कन्या:** सरकारी कार्यो से आय होगी, प्रॉपर्टी डीलर अच्छी डीलर करेंगे, माँ के साथ कही जाना हो सकता है, पालतू जानवर का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-65

**तुला:** परिवार के लिए कुछ कर नहीं सकेंगे इसका दुख रहेगा, करियर में अस्थिरता व्यवसाय में परेशानी रहेगी, मदिरा, तामसिक भोजन की ओर बढ़ सकते है। भाग्य प्रतिशत-49

**वृश्चिक:** पित्त प्रकृति बढ़ेगी, शांति से किसी बात को नहीं सुनेंगे, उधार चुकाने में मुश्किल होगी, रिस्क व्यवसाय में निवेश ना करे तो बेहतर। भाग्य प्रतिशत-49

**धनु:** संतान को पढ़ने में मुश्किल होगी ध्यान दे, पैतृक व्यवसाय को आगे बढ़ायेंगे, धार्मिक कार्य में मन लगना मुश्किल होगा। भाग्य प्रतिशत-58

**मकर:** पत्नी को किसी बात पर समझाना मुश्किल होगा, व्यापारीक निर्णय आज टाल दे, अभिलाषा पूरी होते रह सकती है विचार अधिक ना करें। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ:** व्यापार में मुनाफा होगा, नौकरी में समस्या है, सरकारी नौकरी में कोई आर्थिक लाभ होगा, विवाह अच्छे स्थान पर तय हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-80

**मीन:** पति का ट्रांसफर सम्भव है, वाद विवाद को टालने का प्रयास करे, चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे है तो उन्नति करेंगे, अभी प्रेम संबंधों में ना पड़े। भाग्य प्रतिशत-60



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# कार से मामूली टक्कर के बाद पुलिस के सामने आपस में भिड़े युवक, वीडियो वायरल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** सोमवार की रात सदर थाना क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड के सामने कार से मामूली टक्कर के बाद कार सवार युवकों की सड़क चलते कुछ युवकों से कहा-सुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़ गए। पुलिस के सामने ही युवकों के गुटों में जमकर लात-घूंसे चले। फिलहाल पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में लिया है।



बताया जाता है कि किसी वाहन से मामूली टक्कर के बाद कार सवार युवकों ने दूसरे वाहन पर सवार युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। युवक के पक्ष में सड़क चलते कुछ लोगों ने भी कार सवारों का विरोध किया तो दोनों तरफ से जमकर लात-घूंसे चले। इस बीच रोडवेज बस स्टैंड पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सड़क पर भिड़ रहे युवकों को रोकने की कोशिश की। मगर पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में जमकर हाथापाई हुई। इसके बाद पुलिस ने लगभग आधा दर्जन युवकों को हिरासत में ले लिया। उधर, मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।


# नकल माफिया पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी में एसटीएफ, गिरोह रडार पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** यूपी समेत कई राज्यों में प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंधमारी करने और पेपर लीक कराने वाले कई गिरोह एसटीएफ के रडार पर हैं। इनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई के लिए यूपी एसटीएफ काम कर रही है। यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के तमाम सदस्यों का पूरा रिकार्ड बनाया गया है। गिरोह को लेकर इनपुट लिया जा रहा है। इस तमाम जानकारी को प्रदेशभर और आसपास के राज्यों की टीम से साझा किया जाएगा, ताकि एक साथ घेराबंदी हो सके।

यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा फरवरी 2024 में हुई थी। परीक्षा में रवि अत्री गैंग ने सेंधमारी की थी और गुजरात की कंपनी के वेयरहाउस से पेपर लीक कराए थे। इसमें डॉ शुभम मंडल, अभिषेक और राजीव नयन मिश्रा समेत दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की भूमिका सामने आई थी। सरकार ने परीक्षा निरस्त कर दी थी और जांच एसटीएफ को दी थी। मेरठ एसटीएफ ने कंकरखेड़ा थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए 18 आरोपियों की धरपकड़ की थी। आरोपियों पर हाल ही में 900 पन्नों से ज्यादा की चार्जशीट दाखिल की गई है।

एसटीएफ जांच में खुलासा हुआ इस गिरोह में छह राज्यों के नकल माफिया हैं और इनका नेटवर्क काफी बड़ा है। जिस भी राज्य में कोई प्रतियोगी परीक्षा कराई जाती है तो वहां गिरोह सक्रिय हो जाते हैं और पेपर लीक कराते हैं। बाद में इस पेपर को अपने नेटवर्क में साझा किया जाता है और मोटी रकम कमाई जाती है।



नकल कराने वाले इन सभी गैंग का पूरा नेटवर्क तोड़ने को एसटीएफ ने जिम्मा उठाया है। इसके लिए पूरे नेटवर्क में शामिल हर आरोपी की कुंडली खंगाली जा रही है। नाम-पते से लेकर निवास स्थल और परिवार के सदस्यों का रिकार्ड जुटाया जा रहा है। तमाम नकल माफिया का रिकार्ड एक जगह जुटाने के बाद इनकी पहचान और कार्रवाई आसानी से हो सकेगी। सर्विलांस भी पुख्ता तरीके से हो सकेगा। पुख्ता प्लानिंग की जा रही है कि इन आरोपियों की ऐसी घेराबंदी की जाए कि कोई भी परीक्षा का पेपर लीक न करा सकें।

**कहना इनका...**

नकल कराने और पेपर लीक कराने वाले गिरोह के हर सदस्य और इस नेटवर्क से जुड़े तमाम लोगों का रिकार्ड बनाया जा रहा है। ऐसा करने से इनकी निगरानी आसानी से हो सकेगी। आरोपियों के संबंध में बाकी राज्यों की पुलिस से भी जानकारी ली और दी जाएगी।

**- ब्रिजेश सिंह, एएसपी एसटीएफ।**

# हाईवे पर बड़ा हादसा: डिवाइडर पर चढ़कर पलटी श्रद्धालुओं से भरी टूरिस्ट बस, दर्जनों घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** मंगलवार को तड़के दिन निकले से पहले परतापुर थाना क्षेत्र में हरिद्वार से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही टूरिस्ट बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। घटना के चलते हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिनमें कई की हालत गंभीर बनी है।



बताया जाता है कि बिहार नंबर की टूरिस्ट बस हरिद्वार और देहरादून से दर्जनों श्रद्धालुओं को लेकर दिल्ली के लिए वापस लौट रही थी। सुबह लगभग 3:30 बजे टूरिस्ट बस जब परतापुर क्षेत्र में बिग बाइट के सामने पहुंची तो अचानक ड्राइवर को नींद की झपकी आ गई। इसके बाद तेज रफ्तार बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों की चीख-पुकार से हाईवे गूंज उठा। घटना की जानकारी के बाद आनन-फानन में थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को बस से बाहर निकलवाते हुए जिला अस्पताल, सुभारती और आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया। हादसे में कई महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 30 लोग घायल हुए हैं, जिनमें आधा दर्जन की हालत गंभीर बनी है। अधिकांश श्रद्धालु बिहार और दिल्ली के निवासी हैं। इंस्पेक्टर परतापुर ने बताया कि फिलहाल बस को क्रेन से सीधा करा दिया गया है। घायलों के विषय में जानकारी करके उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने विकास भवन सभागार में की मंडलीय समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** आज विकास भवन सभागार में मा0 अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डा0 देवेन्द्र शर्मा द्वारा मंडलीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में समाज कल्याण, श्रम, शिक्षा, जिला बाल संरक्षण इकाई, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन कल्याण, आबकारी आदि विभागो द्वारा किये जा रहे बाल संरक्षण से जुडे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होने कहा कि जनपद में बाल श्रम बिल्कुल नहीं होना चाहिए।

उन्होने संबंधित अधिकारी को नशे के विरूद्ध अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्कूलो से 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओ पर सख्त कार्यवाही की जाये। शराब की दुकानो पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायें तथा 21 वर्ष से कम आयुवर्ग वालो को शराब विक्रय न की जाये। उन्होने जिला, ब्लॉक, ग्राम स्तर

**नशे के विरूद्ध चलाया जाये अभियान-मा0 अध्यक्ष, स्कूलो से 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओ पर की जाये कार्यवाही**

पर बाल संरक्षण समिति की नियमित बैठके कराये जाने के निर्देश दिये। मा0 अध्यक्ष ने समाज कल्याण अधिकारी से एपीएस विद्यालय, अभ्युदय योजना, कस्तूरबा विद्यालय के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद के अधिकारियो द्वारा अध्यापन कार्य किया जा रहा है। उन्होने जिला कार्यक्रम अधिकारी से आंगनबाडी कार्यकत्रियो तथा पोषण अभियान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मा0 अध्यक्ष महोदय ने विद्यालयो में हॉट कुक के लिए की गई व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि हॉट कुक के लिए व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है। उन्होने आंगनबाडी कार्यकत्रियो, आशाओ के ई-श्रम तथा आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये।

मा0 अध्यक्ष ने जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रहरी क्लब बनाये जाने के निर्देश दिये ताकि बाल अधिकार से संबंधित समस्त जानकारी निचले स्तर तक पहुंचाई जा सके। उन्होने संबंधित अधिकारी को शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत अधिक से अधिक बच्चो का पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, मानव (बाल) तस्करी जैसी कुरीतियो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होने चौराहो पर भीख मांगने वाले बच्चो का स्कूलो में दाखिला कराये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसपी क्राईम अनित कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, सीएमओ डा0 अखिलेश मोहन, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मंडलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पत्नी के जन्मदिन पर दंपती में हुआ विवाद, फिसलकर गिरने से पति की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ के टीपीनगर थानाक्षेत्र के चंद्रलोक कॉलोनी में पत्नी के जन्मदिन पर घर में ही फिसल कर गिरे मुनीम संजय गुप्ता (55) की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। मौत से पहले संजय काफी देर तक तड़पते रहे।

परिजन ने कॉल कर एंबुलेंस बुलाई। लेकिन जब एंबुलेंस पहुंची तब तक संजय की मौत हो चुकी थी। मुनीम का अपनी पत्नी से भी किसी बात पर विवाद होने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार चंद्रलोक कालोनी लाल मंदिर के पीछे संजय गुप्ता अपने परिवार के साथ रहते थे। परिवार में उनकी पत्नी माधवी, बेटी प्रिया व रूपाली और बेटा आशीष है। संजय नवीन मंडी में एक आढ़ती के यहां मुनीम की नौकरी करते थे। सोमवार को पत्नी माधवी का जन्मदिन था। शाम को वह अपने घर पहुंचे तो पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया। बेटे आशीष ने बीच बचाव की कोशिश की लेकिन वह नाकाम रहा। संजय पत्नी की ओर तेजी से बढ़ रहे थे तभी फर्श पर पानी गिरा होने की वजह से उनका पैर फिसल गया।



गिरते समय संजय का सिर टुल्लू पंप से जा लगा। जिससे संजय के सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। परिजन ने एंबुलेंस बुलाने के लिए फोन किया, लेकिन एंबुलेंस आधे घंटे बाद पहुंची। पड़ोसियों से मदद की गुहार लगाई लेकिन कोई नहीं आया।

इंस्पेक्टर टीपी नगर जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संजय गुप्ता का पत्नी से विवाद हो गया था। विवाद के ही दौरान ही संजय फर्श पर गिरे पानी के कारण फिसल गए। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई।

# हथियार तस्करों की घेराबंदी में लगाई पुलिस टीम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** मेरठ में पिछले कुछ दिनों में हुई ताबड़तोड़ वारदातों को लेकर पुलिस अब अलर्ट हो गई है। रविवार को ही एडीजी और आईजी ने हथियारों की खरीद फरोख्त को लेकर पुलिस अफसरों के पेच कसे थे। सवाल किया था कि आखिर इतने हथियार कहां से आए और हथियार बेचने वालों पर पुलिस ने क्या एक्शन लिया है। इसके बाद मेरठ एसएसपी ने 100 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई है। यह टीम लिसाड़ी गेट, लोहियानगर, ब्रह्मपुरी और कोतवाली इलाके में चेकिंग करेगी। साथ ही पिछले 10 साल में चिह्नित किए गए हथियार तस्करों का भी डाटा जुटाया जा रहा है और उनका सत्यापन शुरू कराया गया है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि हथियार बनाने और तस्करी करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई के लिए टीम बनाई गई है। बताया कि देहात में किठौर के राधना और इनायतपुर गांव में हथियार बनाने का काम किया जाता है। यहां पर थाना पुलिस की टीम सर्किल के बाकी थानों की फोर्स के साथ मिलकर काम करेगी। वहीं, दूसरी कार्रवाई खरखौदा में शुरू कराई जा रही है। इसके अलावा मवाना, दौराला और सरधना में भी इसी तरह से टीम काम करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के आवेदको का आज होगा साक्षात्कार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शामली।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष-2024-25 जनपद-शामली में ट्रेड-बढ़ई, हलवाई, कुम्हार, लोहार एवं राजमिस्त्री का प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार प्रस्तावित है। उक्त सम्बन्ध में जिन अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया है उनका साक्षात्कार दिनांक-26.06.2024 पूर्वान्ह 11 बजे प्रस्तावित है। अतः उक्त ट्रेड में आवेदनकर्ता अपने मूल-पत्र लेकर पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय-जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, औद्योगिक आस्थान निकट कण्डेला पुलिस चौकी, कैराना रोड शामली में समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

### दहेज संबंधी समस्या के लिए 181 व 1098 पर करें शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** दहेज प्रथा एक सामाजिक बुराई है, आज भी तमाम शादियां दहेज की मॉग पूरी न होने पर टूट जाती है। दहेज प्रथा को खत्म करने के लिए तमाम संगठन कार्य कर रहे है। लोगों के अंदर सामाजिक व नैतिक चेतना के प्रभावी होने पर ही दहेज प्रथा को खत्म किया जा सकता है।

जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी श्री अजित कुमार ने बताया कि जिले में होने वाली सभी प्रकार के विवाह (पंजीकृत हो या अपंजीकृत) के एक महीने के अंदर दोनों पक्षों को मिले उपहारों की सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी को देनी होगी। जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी श्री अजित कुमार ने बताया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के तहत यह व्यवस्था है। उपहार की सूची में प्रत्येक उपहार का संक्षिप्त विवरण और उसका मूल्य का विवरण देना होगा। इस पर वर और वधू के हस्ताक्षर होंगे। जिले के सभी मैरिज हॉल, बैंक्वेट हाल में दहेज प्रतिषेध अधिकारी का मोबाईल नंबर भी अंकित किया जाएगा। व्यवस्था के तहत दहेज प्रतिषेध अधिकारी को सलाह देने के लिए सलाहाकार बोर्ड का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दहेज संबंधी किसी भी समस्या के लिए जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी श्री अजित कुमार के मोबाईल नम्बर 7518024005 अथवा 181 महिला हेल्पलाईन व चाइल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098 पर भी शिकायत कर सकते है।

### सपा विधायक ने आईजी को गिनाईं मेरठ की अपराधिक घटनाएं

**मेरठ ।** अपराधिक वारदातों और कानून व्यवस्था को लेकर सपा विधायक अतुल प्रधान और सपाइयों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को आईजी से मिलने पहुंचा। देहात और शहर की कुछ घटनाओं का हवाला देते हुए पुलिसिंग पर सवाल उठाए। बताया कि जिस तरह से घटनाएं हो रही हैं, उससे लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कई वारदातों में तो घर पर अकेली महिलाओं को निशाना बनाया गया है, जिससे खौफ का माहौल है। सरधना विधायक अतुल प्रधान ने आईजी नचिकेता झा को बताया कोतवाली स्थित स्वामीपाड़ा में मां-बेटी पर दिनदहाड़े घर में घुसकर हमला किया गया। युवती की मौत हो गई और मां अभी अस्पताल में है। पुलिस अभी तक कातिल को पकड़ नहीं पाई है। दूसरी वारदात का जिक्र करते हुए 22 जून को ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर में लूट का विरोध करने पर सुनीता नामक महिला की हत्या का मामला उठाया। लोहियानगर में कारोबारी की सरेआम हत्या, लोहियानगर में डॉक्टर के क्लीनिक में फायरिंग, लोहियानगर में स्वीमिंग पूल पर बच्चों के सामने पिता की हत्या का मामला उठाया। सरधना और फलावदा में पिछले दिनों हुई हत्या को लेकर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया जिस तरह पुलिस इन घटनाओं में लापरवाह रही, उससे और घटनाओं के होने की आशंका है। आईजी ने आश्वासन दिया कि कई केस खोले जा चुके हैं और आरोपी सलाखों के पीछे हैं। बाकी वारदात का भी जल्द खुलासा किया जाएगा और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान इकराम बालियान, इकराम सैफी, तालिब, राजदीप विकल, बबलू जाटव, कीर्ति घोपला और शाहिद पहलवान शामिल रहे।

### पत्थर काटने वालों ने की थी इंजीनियर की बेटी की हत्या

मेरठ । कोतवाली के स्वामीपाड़ा में दिनदहाड़े इंजीनियर के घर में लूट और बेटी की हत्या का पुलिस ने लगभग खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि कुछ दिन पहले घर पर पत्थर का काम करने वाले आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया था। दो आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस टीम को लगाया है।

# कानून की समय से पढ़ाई को हाईकोर्ट पहुंचे कॉलेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ ।** प्रत्येक सत्र में दिसंबर तक अनुमोदन पत्र देने एवं विश्वविद्यालयों में जनवरी तक प्रवेश करने की वर्षों से जारी परंपरा के खिलाफ लॉ कॉलेज हाईकोर्ट पहुंच गए हैं। सेल्फ फाइनेंस कॉलेज फेडरेशन ने हाईकोर्ट में बीएड सहित अन्य विषयों में सत्र के लिए निर्धारित शर्तें लॉ में भी लागू करने की मांग की है। फेडरेशन के अनुसार 2008 तक बीएड में भी दिसंबर तक प्रवेश और काउंसिलिंग होती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के बाद बीएड पटरी पर आ गया। लॉ की पढ़ाई को भी पटरी पर लाने की जरुरत है। फेडरेशन अध्यक्ष एवं याचिकाकर्ता नितिन यादव के अनुसार बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) कॉलेजों को दिसंबर में अनुमोदन पत्र देती है। ऐसे में विवि इन कॉलेजों के लिए जनवरी तक प्रवेश करते हैं। नितिन यादव के अनुसार सात जुलाई से प्रदेशभर के विवि में सत्र शुरू होना है और लॉ कोर्स में अभी तक पंजीकरण शुरू नहीं हुए। फेडरेशन ने अपनी रिट में दलील दी है कि जब दिसंबर-जनवरी तक प्रवेश होंगे तो फिर पढ़ाई कैसे होगी। कॉलेजों में कानून की शिक्षा के साथ यह खिलवाड़ है।

फेडरेशन ने बीसीआई की अनुमोदन प्रक्रिया को भी चुनौती दी है। फेडरेशन के अनुसार बीसीआई पूर्व में कॉलेजों को तीन एवं पांच साल के लिए अनुमोदन पत्र देती थी, लेकिन अब इसे एकाएक एकसाल कर दिया। ऐसे में कॉलेज हर साल अनुमोदन पत्र के लिए परेशान रहते हैं और सत्र बेपटरी हो गया है।

# जेल से आया शौहर का फोन... जमानत करा, नहीं तो बेटियों की तरह तेरा भी कर दूंगा कत्ल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना ।** जहां एक तरफ प्रशासन जिला कारागार में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद होने का दावा करता रहा है। वहीं, सरधना थाना क्षेत्र से अपनी बेटी की हत्या के मामले में जेल गए आरोपी ने जेल से ही अपनी बीवी को फोन पर धमकी देकर अधिकारियों के दावों की पोल खोल दी है। दहशतजदा महिला ने मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। फलावदा थाना क्षेत्र के अमरौली की रहने वाली मोहसीना अपने पिता के साथ एसएसपी ऑफिस पहुंची। मोहसीना ने आरोप लगाया कि सरधना निवासी उसके शौहर सलमान उर्फ सल्लू ने बीती 14 जून की रात उसकी मासूम बेटी इकरा की सरधना स्थित गंग नहर में फेंक कर हत्या कर दी थी। घटना के पांच दिन बाद इकरा का शव नहर से बरामद हुआ। पीड़िता का आरोप है कि सलमान ने इससे पहले उसकी अन्य दो बेटियों का भी कत्ल किया था। पीड़िता का कहना है कि इकरा की हत्या के मामले में फिलहाल उसका



शौहर सलमान उर्फ सल्लू जेल में है। पीड़िता के पिता मकसूद ने बताया कि 22 जून की शाम उसकी बेटी के मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल उठाने पर दूसरी तरफ से उसके दामाद सलमान की आवाज आई। जेल से कॉल कर रहे सलमान ने मोहसीना को धमकी दी कि अगर वह उससे जेल में मिलाई पर नहीं आई और जल्द ही उसकी जमानत नहीं कराई तो वह बाहर आकर मोहसिना और उसके बेटे का भी कत्ल कर देगा। दहशत में आई पीड़िता ने कप्तान से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**हंगामा** सभासदों का आरोप है की पहले तो लिपिक ने यूनिक पोल को नगर में लगाए जाने को लेकर खेल किया

# नगर पालिका परिषद के बाबू पर भ्रष्टाचार का आरोप सभासदों का हंगामा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** नगर पालिका परिषद में यूनिक पोल के भ्रष्टाचार का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर पालिका परिषद के द्वारा सभी यूनिक पोल को सभासदों के विरोध के चलते अपने अधिकृत कर लिया गया था। गत रात्रि अज्ञात लोगों के द्वारा नगर पालिका द्वारा अधिकृत पोलो को चुपचाप खोल कर ले जाया जा रहा था। जब सभासदों को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने मौके पर जाकर इसकी वीडियो ग्राफी करते हुए जमकर विरोध किया। मंगलवार को दर्जनों सभासदों ने यूनिक पोल में हुए भ्रष्टाचार के प्रकरण को लेकर नगर पालिका के दोषी लिपिक के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले को लेकर सभासदों नेभ्रष्टाचारी लिपिक के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। सभासद गौरव सैनी, इकराम, अंसारी वकील अहमद, मनीष गोयल, शाहरुख जंग, फारुख अंसारी,अनिल



बोहरा,सहित अन्य सभासदों ने यूनिक पाल के भ्रष्टाचार में संलिपित लिपिक के विरुद्ध करवाई की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभासदों का आरोप है की पहले तो लिपिक ने यूनिक पोल को नगर में लगाए जाने को लेकर खेल किया। शिकायत के बाद अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिकृत किया गए, पोलो को नगर पालिका परिषद के लिपिक थी साठ गांठ से हटाया जा रहा था। उधर सभासदों के धरने प्रदर्शन की सूचना पर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सभासदों को पूरे प्रकरण की व्यापक स्तर पर जांच कर कर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त करा दिया। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि मामले में जांच टीम गठित कर दी गई है जल्दी जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी ।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, परिवार का रो-रो कर हुआ बुरा हाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चंदौसी।** ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार हुआ गंभीर रूप से घायल, घायल अवस्था में युवक को संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया परिवार का रो-रोकर हुआ बुरा हाल घटनाक्रम के अनुसार नगर के अशोक नगर कॉलोनी के रहने वाले 20 वर्षीय बिंटू पुत्र हुकुम सिंह अपने एक साथी को साथ लेकर अपने साले की शादी की दावत देने के लिए अपनी बुआ के यहां जा रहा था जैसे ही वह जिला मुरादाबाद के गांव बरौली के पास पहुंचा तो आगे चल रही ट्रैक्टर से ओवरटेक करना चाह रहा था इसी बीच ट्रैक्टर चालक में अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे बिटू की मोटरसाइकिल ट्रैक्टर की ट्राली में जाकर टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इस दौरान राहगीरों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस भी बिना देरी किए मौके पर पहुंच गई लेकिन जब तक ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया इस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 108 की मदद से घायल को संयुक्त चिकित्सालय चंदौसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया इसकी जानकारी परिवार के लोगों को होते ही परिवार में मातम छा गया बता दे कि मृतक बिंटु मंडी समिति में मजदूरी का काम करता था।अभी दो वर्ष पहले ही उसकी शादी हुई थी मृतक बिंटु छः भाई बहन है जिसमें बिंटु दूसरे नंबर पर है।

# बीमारी महिला को रक्त दे कर बचाई जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी/संभल (मयंक सक्सेना)।** कहावत है कि मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है प्रत्येक मनुष्य को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। कहा जाता है कि सभी दानों से बढ़कर रक्त दान महादान होता है ! ऐसा ही एक प्रकरण ऐसा ही एक मामला बदायू जिले के ग्राम दवतरा की रहने वाली एक महिला मधु को बी निगेटिव जो कि बहुत दुर्लभ होता है रक्त कही नही मिल पा रहा था और महिला मरीज का हेमोग्लोबिन मात्र 5 .2 रह गया और प्लेटिलेट्स बहुत कम हो गयी मरीज के तिमंदार को दुर्लभ रक्त समूह होने की बजह से कही भी रक्त नही मिल पा रहा था जिसकी बजह से महिला का जीवन खतरे में था तभी शोशल मीडिया के माध्यम से जीवन रक्तदाता संस्था अनुज वार्ष्णेय से सम्पर्क किया गया अनुज वार्ष्णेय ने तुरंत रक्तवीर पवन गुप्ता अजमेर को बुला कर महिला को रक्त देकर महिला की जान बचाई और एक मानवता की मिसाल पेश की । इस दौरान अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन महीने बाद रक्तदान करना चाहिए। नियमित रक्तदान करने से रक्त का धक्का नही जमता है औरकोलैस्ट्रॉल कंट्रोल रहता है।

# 1019 वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के मौलागढ़ स्थित चंद्रसेन सैनी के आवास पर स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा 1019 वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया तत्पश्चात के.जी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, व बजरंग बाण का मनोहरी वाचन किया साथ ही अजय सक्सैना व राजू सक्सेना ने सुंदर कांड की चौपाई का विस्तार से वर्णन किया सुंदरकांड के बाद मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को रमणीक बनाया भजनों की श्रृंखला में के.जी शर्मा ने ही दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार पवनसुत विनती बारंबार, अजय सक्सेना ने कई जन्मों से बुला रहे हो कोई तो रिश्ता जरूर होगा सुनाकार सभी को मंत्र मुक्त कर दिया ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी आयोजन में सर्वप्रथम चंद्रसेन सैनी, जेएन मिश्रा, ए.के शर्मा, विजेंद्र, राजीव, रमेश, कल्पना, सुधा शर्मा, हरिश्चंद्र, आलोक दुबे, राजकुमार सक्सेना, पी.एन शर्मा, कपिल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण

# कितने हमदर्द हैं मत पूछिए मेरे अपने, मेरी आंखों से मेरे ख़्वाब चुरा सकते हैं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**साहित्यिक संस्था बुरहाने सुखन के तत्ववधान में आयोजित मुशायरे में शायरों ने पेश किए कलाम**




**संभल।** साहित्यिक संस्था बुरहाने सुखन के तत्वावधान में आयोजित मुशायरे में शायरों ने अपने कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुनव्वर ताबिश ने नाते पाक से मुशायरे का आगाज करते हुए कहा - दिल में नही है जिनके मोहब्बत रसूल की,मेहशर में देख लेंगे वो अजमत रसूल की। शफीक बरकाती ने कहा-अमान ढूंढते हो तुम कहां खिजाओ में,यह सिर्फ मिलती है तैयबा की सब्ज छांव में। जमशेद हलचल ने कहा-रूखी सूखी लाई हो तुम रोटियां मेरे लिए,काट लेती एक दो बेगम मुर्गियां मेरे लिए।

शाह आलम रौनक ने कुछ यूं कहा- कितने हमदर्द हैं मत पूछिए मेरे अपने,मेरी आंखों से मेरे ख़्वाब चुरा सकते है। अंसार संभली ने कहा-एक मुद्दत से यह मेरा दिल मुज्तरिब है किसी के लिए, पैकरे हुस्न का जिक्र है लाजिमी आशिकी के लिए। डॉ शाकिर हुसैन इस्लाही ने कहा- शुक्रे खालिक कभी नही करते,जिंदगी यूं भी काट लेते हैं,बस जरा सा उरुज पाने को,लोग तलवे भी चाट लेते हैं। वसीम अरहम ने कहा-हर तरफ धुंआ क्यों है रोशनी के दामन में,आदमी परेशां है जिंदगी के दामन में।

अतहर संभली ने कहा-उम्र जिसकी कटी हो फूलों पर,भला कांटो के जख्म क्या जाने। नौशाद अनगढ़ ने कहा-अल्लाह किस गुनाह की मुझको सजा मिली,केसे कटेगी उम्र मेरी तोतली के साथ। उस्मान अंसारी ने कहा-हां तेरी आरजूओं के जैसा नही हूं मैं,दुनिया तेरे फरेब का हिस्सा नहीं हूं मैं। इंतेखाब हुसैन संभली ने कहा-यह और बात जिंदगी फाको में कट गई,लेकिन कभी जमीर का सौदा किया नही। नौशाद संभली ने कहा-अब कहीं काफिला सालार नही है हम लोग,ऐसा लगता है वफादार नही है हम लोग। मुशायरे का संचालन कर रहे हकीम बुरहान संभली ने कहा -अब तक तेरी यादों में वो खोया भी नही था,तन्हा था मगर भीड़ में तन्हा भी नही था। कौसर संभली ने कहा-तमाम अहले जुबां थोड़ा इंतजार करें,सलीका सीख रही है अभी जुबां मुझसे। नवाब शुजा अनवर ने कहा-में कहीं जाऊं मुझसे लड़ता है,तू मुझे चाहने लगा है क्या? मुशायरे की अध्यक्षता कर रहे शफीक बरकाती ने कहा- रब के इनआम की बरसात हो तो बात अलग,वर्ना मुमकिन ही नही जर्रे का गौहर होना।

इस मौके पर हाजी फैसल,मोहम्मद उमर बरकाती,ताहिर सलामी,हाजी इस्लाम,मोहम्मद फारूक,जियाउर रहमान अंसारी,मोहम्मद अली आदि शामिल रहे। अध्यक्षता शफीक बरकाती एवं संचालन हकीम बुरहान ने किया। मुशायरे के अंत ताहिर सलामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# दाऊद मियां के कुल में उमड़ी अकीदतमन्दों की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुल्क और कौम की सलामती की दुआ को उठे हजारों हाथ**



**उझारी।** नगर में चल रहे हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्ला अलेह के उर्स में बीती रात दाऊद मियां का कुल शरीफ संपन्न हुआ। जिसमें जायरीनों की भारी भीड़ रही और मुल्क व कौम की सलामती के लिए दुआ कराई गई। जनपद अमरोहा के कस्बा उझारी स्थित प्रसिद्ध दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रहमतुल्ला अलेह का इन दिनों उर्स चल रहा है। जिसमें बीती रात दाऊद मियां का कुल शरीफ संपन्न हुआ। कुल शरीफ में अकीदतत मन्दों की भारी भीड़ मौजूद रही। अकीदतमन्दों ने दरगाह पर तबर्रूक एवं चादर पेश करके मन्नतें मांगी। कुल के दौरान कारी महताब आलम सकलैनी ने वली अल्लाह की फजीलत बयान की। उर्स के बारे में विस्तार से बताया। सलातो सलाम के बाद दुआ कराई गई। महफिले कव्वाली में गुलाम वारिस कव्वाल, आफताब वारसी कव्वाल और सलमान शाहरुख कव्वाल ने अपना कलाम पेश किया। सलमान शाहरूख ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा - वो अपने चाहने वालों को इस तरह क्यों तड़पाते हैं, नश्तर भी चुभोये जाते हैं मरहम भी लगाया जाता हैं। कव्वाली में जायरीन झूमते हुए नजर आए। इस अवसर पर मुख्य रूप से उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद ताहिर उर्फ हकीम चमन, फहीम महल, इफ्तिखारुल हसन, अदनान महल, हाजी बब्बन, हाजी कल्लन, अलाउद्दीन सैफी, डॉ शहरोज मुख्तार, मो आदिल, तबरेज आलम, मोहम्मद आमिर, कारी मुरसलीन, कारी फहीम रजा आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# साप्ताहिक बाजार लगाने को लेकर दो पक्षों में राजनीति शुरू, जिस स्थान पर परमिशन वही लगेगा बाजार : एसडीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कुरी रवाना गांव में सालों से लग रहा साप्ताहिक बाजार गांव की राजनीति के चलते मूंछ का सवाल बन गया है' ग्रामीणों की सूचना पर मंगलवार को नायब तहसीलदार ने मौके का निरीक्षण किया एसडीएम ने परमिशन के अनुसार ही बाजार लगाए जाने के निर्देश दिए हैं 'बताया गया कि रवाना गांव में सालों से साप्ताहिक बाजार मंगल के दिन लगता चला आ रहा है लेकिन महीना भर से इसे लेकर राजनीति शुरू हो चुकी है एक पक्ष द्वारा जिला मुख्यालय से दशहरा स्थल के पास बाजार लगाए जाने की परमिशन लेने के बाद इस मामले को लेकर रास्साकशी शुरू हो गई बताया गया कि दुकानदार बाजार को गांव के बीच में ही निर्धारित स्थान पर लगाना चाहते हैं उन्होंने गांव से बाहर बाजार लगाने को साफ इनकार कर दिया दुकानदारों की मांग पर ग्राम प्रधान ने अपनी निजी भूमि में बाजार लगवा कर उसका राजस्व ग्राम पंचायत के खाते में जमा कर दिया 'लेकिन इस मामले को लेकर शिकायत हो गई शिकायत तहसील पहुंची तो नायव तहसील मौके का निरीक्षण करने गांव पहुंचे जहां पर लोगों ने अपनी अपनी बात रखी इसके बाद एसडीएम ने कहा कि किसी की निजी जगह पर बाजार नहीं लगेगा और जहां की परमिशन होगी वहीं पर बाजार लगाया जाएगा कुल मिलाकर बाजार लगाने को लेकर गांव की राजनीति शुरू हो चुकी है और बाजार लगाया जाना लोगों की मूंछ का सवाल बन गया है।

# असमोली ब्लाक के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का किया गया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**असमोली (मोनू सिंह)।** विकासखंड असमोली सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पिछली कार्रवाई को पढ़कर सुनाया गया। आगामी वर्ष के लिए कार्य योजना तैयार की गई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने लिए प्रार्थना पत्र दिए गए। बैठक में मनरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचम आयोग योजना, खाद्य सुरक्षा मिशन, पशु चिकित्सा, बिजली विभाग, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, पशुपालन, स्वच्छ भारत मिशन, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग पर चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने बैठक में मौजूद ग्राम प्रधान असमोली क्षेत्र पंचायत असमोली की बैठक आज ब्लाक प्रमुख श्रीमती संतोष देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू थे सर्वप्रथम बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह ने गत वर्ष की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई और इसकी पुष्टि उपस्थित सदस्यों के द्वारा की गई ।उनके द्वारा उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि क्षेत्र पंचायत के द्वारा गत वर्ष में पंचम वित्त आयोग के अन्तर्गत रू.2.346 करोड़ एवं केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत रू.1.901 करोड़ प्राप्त हुए । जिसके सापेक्ष पच्रम राज्य वित्त से रू.0.120 करोड़ तथा केन्द्रीय वित्त आयोग से रु. 0.201 करोड़ व्यय किये गये। सहायक विकास अधिकारी (पं.) द्वारा पंचायती राज विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी पं. के द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में 2392 शौचालयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अतः जो परिवार अलग हुए हैंऔर पात्र हैं वह शौचालय के लिए आवेदन कर सकते हैं। बैठक में बताया गया कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम प्रधान जी अपने अपने ग्राम पंचायत में कूड़े को निश्चित स्थान पर डालें तथा खुले में कूड़ा न फैंके एवं जगह जगह गन्दगी न करें। पोलीथीन का प्रयोग न करें। बैठक में प्रभारी बाल विकास अधिकारी सहाना ने बाल विकास विभाग की जानकारी दी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार शर्मा ने विभाग की जानकारी देते हुए कहा कि सभी परिषदीय विद्यालय खुलने वाले हैं और सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का एडमीशन दिलाया जाए। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि क्षेत्र पंचायत में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे।

# भागवत कथा में हुआ श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के रामबाग रोड स्थित श्री बारहसैनी सेवा सदन, रामबाग धाम में श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन सरस्वती पीठ , वृंदावन से पधारे आचार्य नन्द नन्दन ठाकुर महाराज ने योगिराज श्री कृष्ण के इस धरती पर अवतरण और उनकी बाल लीलाओं का सजीव वर्णन किया।

मुख्य यजमान महेन्द्रपाल वार्ष्णेय 'शक्ति भोग' - ऊषा रानी और आज के यजमान अशोक वार्ष्णेय और सुशील वार्ष्णेय सपत्नीक श्री राधा कृष्ण और भागवतजी का विधि विधान से पूजन किया।कथा के प्रारम्भ में रवेन्द्र कुमार ने महाराज का माल्यार्पण और शाल पहनाकर स्वागत किया। साथ ही कथा में सर्वप्रथम कथा व्यास ने बामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बली से तीन पग भूमि मांगने और विराट स्वरूप रखकर एक पग में पूरी पृथ्वी नापने को विस्तार से समझाया। महाराज ने प्रभु राम के जन्म से उनके जल समाधि तक की लीला का भजनों के माध्मय से वर्णन किया और श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। तत्पश्चात आचार्य नन्द नन्दन ठाकुर महाराज ने प्रभु श्री कृष्ण के जन्म की पृष्ठभूमि और उनके जन्म की कथा का रसमय वर्णन किया।सभागार में उपस्थित श्रोताओं ने प्रभु के जन्म पर जयघोष के साथ आनंदित होकर नृत्य किया। आज की कथा में यशोदानन्दन कृष्ण द्वारा पूतना उद्धार ,बकासुर उद्धार , कंस वध का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा उपरान्त यजमानों ने सपत्नीक श्री राधा कृष्ण और भागवत की आरती उतारी। आरती उपरान्त तत्पश्चात बकुल गुप्ता की ओर से प्रसाद वितरण एवं मोहित वार्ष्णेय शक्ति भोग की ओर से शरबत वितरण के साथ कथा ने विश्राम लिया। आज के आयोजन में अशोक कुमार फैन्सी, राजन वार्ष्णेय , राजकुमार राजू, अरुण कुमार सोनू ,डा.सौरभ वार्ष्णेय , पीयूष वार्ष्णेय एडवोकेट, रितिक वार्ष्णेय, अग्रज वार्ष्णेय, प्रदीप कुमार ठेकेदार, गोपाल वार्ष्णेय रियोनाईं, विमल किशोर प्रमोद कुमार गुरू आदि का विशेष सहयोग रहा।

**उद्घाटन** चौकी इंचार्ज एवं पूर्व चैयरमेन ने फीता काटकर किया उद्घाटन

# दाऊदिया दंगल में जावेद गनी पहलवान ने मेंटल आगरा को किया पराजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**उझारी।** हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के उर्स के अवसर पर विशाल दाऊदिया दंगल में पहलवानों ने अपने-अपने उस्ताद के जौहर दिखाएं और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कस्बा उझारी में विशाल दाऊदिया दंगल का उदघाटन चौकी इंचार्ज चांद वीर सिंह एवं पूर्व चेयरमैन चौधरी बुद्धन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दंगल में हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, दिल्ली, बागपत, उत्तराखंड, नेपाल आदि दूरदराज क्षेत्र से देश विदेश के नाम चीन पहलवानों ने प्रतिभा किया। जिसमें प्रमुख रूप से आलम पहलवान रतनपुर ने राजू पहलवान गोरखपुर को, उपेंद्र थापा पहलवान नेपाल ने सूरज पहलवान बक्सर को, सुल्तान पहलवान देवा शरीफ ने मस्ताना पहलवान उत्तराखंड को, फहीम पहलवान कलियर ने शाने आलम पहलवान संभल को, जावेद गनी पहलवान जम्मू ने मेंटल पहलवान आगरा को, लकी थापा पहलवान नेपाल ने गोल्टा पहलवान राजस्थान को, ताबिश पहलवान अमरोहा ने रोहित पहलवान दिल्ली को, अजीत दास पहलवान अयोध्या ने एप्पल पहलवान आगरा को पटकनी देकर विजय पताका लहराई और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दर्शकों ने भी विजेता पहलवानों को पुरस्कार प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हकीम चमन, इफ्तिखार उल हसन, डॉक्टर शहरोज मुख्तार, अदनान महल, फय्याज अहमद उर्फ कलवा, शादाब मंसूर, हाजी बब्बन, मोहम्मद कासिम, मोबीन अहमद, फहीम महल, अलाउद्दीन सैफी, वहाब अहमद हाजी कल्लन, भूरे मिस्त्री आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग अभियान को लेकर एडीओ (पंचायत) ने की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** मंगलवार को नगर के मुरादाबाद रोड स्थित विकासखंड बनियाखेड़ा ब्लॉक के सभागार में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग अभियान की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दोपहर 11 बजे समस्त ग्राम प्रधान दोपहर 1:30 बजे समस्त पंचायत सहायक एवं दोपहर 3 बजे समस्त सफाई कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सभी को संचारी अभियान से अवगत कराते हुए ग्राम में साफ सफाई कराने हेतु विशेष अभियान चलाने का जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त पंचायत सहायकों से रेट्रो फिटिंग के सम्बन्ध में भी समीक्षा की। समीक्षा में रेट्रोफिटिंग सर्वे कार्य 03 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक नीरज कुमार सिंह सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) की अध्यक्षता में की गई। बैठक में ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# करंट लगने से गोवंश की मौत, बिजली विभाग मौन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**संभल ।** बहजोई के बम्बा रोड पर ट्रांसफार्मर के पास बिजली का करंट लगने से बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में एक गोवंश की करंट लगने से मौत हो गई है। इस मामले में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोग बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि सही समय पर एक्शन नहीं लिया गया तो आगे बड़ा हादसा हो सकता है।

**क्या है पूरा मामला**

बहजोई में बम्बा रोड पर बस्ती मे बिना फेसिंग के सड़क किनारे रखे ट्रांसफार्मर में करंट उतर रहा था। तभी वहां से गुजर रहे एक गोवंश करंट की चपेट में आ गए। स्थानीय निवासियों के अनुसार कई बार शिकायत करने के बावजूद ट्रांसफार्मर की फेसिंग नहीं की जा रही थी। गोवंश की मौत के बाद अब विद्युत विभाग पर सवाल उठने लगे हैं लोग कह रहे हैं कि जब कई बार शिकायत कर दी गई फिर भी अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई ।

**वर्जन** - मैंने अभी एक महीने पहले ही ज्वाइन किया है बहजोई क्षेत्र बड़ा है लगभग चोवीस हजार उपभोक्ता है अभी मैं क्षेत्र से पूरी तरह अवगत भी नहीं है और गर्मी की लोडिंग भी चल रही थी हमने फेसिंग और मरम्मत का एस्टीमेट बनाकर भेज दिया है पास होते ही कार्य कराया जायेगा ।

**जे. ई बहजोई**





**लखनऊ :** विक्टोरिया स्ट्रीट पर ईद ए गदीर के अवसर पर ऑल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड द्वारा लगाई गई सबील पर नज्र देते मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना जहीर अब्बास, मौलाना मुस्तफा अली खां व संस्था के पदाधिकारी। नज्र के बाद एक दूसरे को मिठाई बाँटने के साथ मुबारकबाद दी गई। व ईद ए गदीर के अवसर पर सहादतगंज स्थित मस्जिद ए कूफा में ईद ए गदीर की नमाज अदा करते शिया समुदाय के लोग। **छाया:-बुलन्द संदेश**

# जॉन क्रैसिंस्की ने ए क्वॉइट प्लेस का तीसरा पार्ट बनाने पर अपनी राय दी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुम्बई।** ए क्वॉइट प्लेस के अब तक के दो पार्ट ने पूरी दुनिया के दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस फिल्म में दिखाए गए डर, घबराहट और सस्पेंस ने लोगों को इसकी कहानी से पूरी तरह बांधकर रखा। जॉन क्रैसिंस्की के दिमाग में आइडिया का ऐसा बीज पनपा-जो उनके और हम सबके लिए अकल्पनीय साबित हुआ। ह्यए क्वॉइट प्लेस की दो सफल फिल्मों का निर्देशन करने के बाद जॉन क्रैसिंस्की ए क्वॉइट प्लेसःडे वन के नाम से इसके प्रीक्वल का निर्देशन करने मैदान में उतरे हैं। आइए जानते हैं इस बारे में उनका क्या कहना है। क्रैसिंस्की का कहना है, ए क्वॉइट प्लेसः डे वन बनाने की सबसे रोचक बात है कि वे एक बिलकुल ही नई दुनिया बना रहे हैं जिसे कभी किसी ने नहीं देखा होगा। अब वे रोचकता को एक नए चश्मे से देखने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है, इसमें उस समय को दिखाया गया है जब बाकी दुनिया के लोग इस परेशानी का सामना करते हैं।



दोनों ही फिल्मों में दर्शकों के सामने कुछ रोचक सवाल भी रखे गए हैं। आखिर ये कौन से प्राणी हैं और कहां से आए हैं? वे धरती पर क्यों आए हैं? क्या उन्हें हराया जा सकता है? फिल्म की इस नई किस्त को बनाने के दौरान कुछ ऐसे ही सवाल क्रैसिंस्की ने खुद से भी पूछे।

वे आगे कहते हैं, मैं खासकर इस बात से हैरान हूं कि आखिर न्यूयॉर्क जैसे इतने बड़े शहर में शोरगुल में रहने वाले लाखों लोगों की प्रतिक्रिया कैसी होगी। मैं एक ऐसी जगह लेना चाहता था जिससे सब वाकिफ हों और उसे मैं बहुत ही अलग किस्म के माहौल में ढालना चाहता था। भले ही आप न्यूयॉर्क शहर में रहते हों या ना रहते हों, चाहे आपको यह पसंद हो या ना पसंद हो, लेकिन आप उससे एकदम से जुड़ जाते हैं। इसमें एक ऐसी दुनिया है, जहां आवाज सुनते ही खून का प्यासा एक प्राणी किसी भी समय और किसी भी जगह पहुंच जाता है। वैसे न्यूयॉर्क जैसे शहर में ऐसा नहीं होना चाहिए। जब मैंने माइकल को उस आइडिया को अपनाते हुए और उस पर पूरी लगन के साथ काम करते हुए देखा तो काफी सुकून महसूस हुआ। मुझे तो इसका हरेक लम्हा ही पसंद है। ए क्वॉइट प्लेसःडे वन में उस दिन का अनुभव दिखाया गया है जब पूरी दुनिया में चुप्पी छा जाती है। माइकल सैरनॉस्की द्वारा बनाई गई फिल्म की इस किस्त में पिछली दो फिल्मों से पहले की घटनाओं को दिखाया गया है। सैम नाम की एक महिला को न्यूयॉर्क शहर में अल्ट्रासॉनिक आवाज सुनकर घुस आए खून के प्यासे किसी और ग्रह के प्राणी से अपनी जान बचानी होगी।

ट्रेलर- लिंक

ए क्वॉइट प्लेसः डे वन, देखने का यह मौका अपने हाथ से जाने ना दें, 28 जून को पहुंच रहा है सिनेमाघरों में या

ए क्वॉइट प्लेसः डे वन 28 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है, तो इसे देखने से बिल्कुल ना चूकें।

# दहेज एक सामाजिक अभिशाप,महिलाओं के जीवन पर डालता है नकारात्मक प्रभाव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई ।** समाज में दहेज जैसी कुरीति की रोकथाम हेतु प्रशासन सक्रिय हो गया है। दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के प्राविधानों से जागरूक किये जाने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि दहेज एक सामाजिक अभिशाप है, जिसके कारण समाज में महिलायें कई अपराधों का शिकार हो रही है, जिसका नकारात्मक प्रभाव उनके जीवन पर बहुत गहरा पढ़ता है। इसे रोकने के लिये हम सभी को मिलकर प्रयास करने होगें।

उन्होंने यह भी बताया कि विवाह के एक महीने के अन्दर दोनों पक्षों को मिले उपहारों की सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। उपहार की सूची में प्रत्येक उपहार का संक्षिप्त विवरण एवं उसके मूल्य का विवरण देना होगा, जिस पर वर और वधू के हस्ताक्षर होगें। विवाद की स्थिति में न्यायालय में उपहार की सूची मांगी जाती है, जिसकी कोई मान्यता नहीं होती, जिसके फलस्वरूप प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में जमा सूची भी दस्तावेज होगी।

क्या है कानून दहेज लेना या देना, दहेज के लिए उकसाना आदि दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत अपराध है, जिसके लिए 05 साल तक की कैद अथवा 15 हजार रुपए या दहेज की रकम जो भी अधिक है. के जमाने का प्रावधान है` प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दहेज की मांग पर 06 माह से 02 साल तक की जय और 10 हजार रुपए जमाने का प्रावधान है।

**कहां करें शिकायत**

जिला प्रोबेशन अधिकारी या जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कर सकते हैं। दहेज की मांग से पीड़ित महिला, स्वयं उसके माता-पिता, अन्य कोई रिश्तेदार या कोई स्वयं सेवी संस्था शिकायत दर्ज कर सकती है। न्यायालय स्वतः संज्ञान ले सकता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी या पुलिस रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय संज्ञान ले सकता है। टोल फ्री नंबर 181 व 112 पर या नजदीकी थाने पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

# कानपुर ने अश्रु पूर्ण नेत्रों से दी सुकमा में शहीद शैलेन्द्र कुमार को अंतिम बिदाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- **शहीद शैलेन्द्र की अंतिम विदाई में उमड़ जन सैलाब**
- **सरकार की ओर से परिवार को दिया गया 50 लाख का चेक । साथ में नौकरी और सड़क का नाम शहीद शैलेंद्र के नाम पर रखे जाने की भी मुख्यमंत्री ने की घोषणा**

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** आज यहां मंगलवार को गांव पहुंचने के बाद छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर नक्सली हमले में कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के नौगवां गौतम गांव निवासी शहीद शैलेंद्र कुमार को अश्रु पूरित नेत्रों से अंतिम बिदाई दी।



आज मंगलवार को शहीद शैलेंद्र के अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। उन्हें गांव में ही राजकीय सम्मान के साथ सलामी देते हुए अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान शैलेंद्र कुमार अमर रहे के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। वहीं जनप्रतिनिधियों समेत डीएम, एडीएम एफआर, एसडीएम व पुलिस के अधिकारियों द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्विटर के माध्यम से छत्तीसगढ़ में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जनपद कानपुर नगर निवासी सीआरपीएफ जवान शैलेंद्र को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने शहीद सैनिक के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और सड़क का नाम शहीद शैलेन्द्र के नाम पर रखे जाने की भी घोषणा की। शहीद जवान शैलेंद्र के परिवार वालों को पचास लाख का यह चेक मंत्री राकेश सचान ने प्रदान की। इसके पहले अपने पति का शव देखकर पत्नी बिलख पड़ीं। शव से लिपटकर बोलीं- मुझे आप पर गर्व है। रोती हुई मां ने कहा- मेरा बेटा नहीं, सब कुछ चला गया।

यहां शहीद शैलेंद्र कुमार को आखिरी विदाई देने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे। यह सभी भारत माता की जय के नारे लग रहे थे। दुख के इस मौके पर राज्य मंत्री अजीत पाल, सतपाल रावत आईजी सीआरपीएफ, एसपी सिंह डीआईजी सीआरपीएफ व सेना के अधिकारियों ने कंधा दिया।

**प्रेस वार्ता** इमरजेंसी के 50वें वर्ष में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर की प्रेस वार्ता

# इमरजेंसी लगाकर संविधान नष्ट करने वाली कांग्रेस में आज चेहरे बदले, लेकिन चरित्र नहीं: सीएम योगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- **सीएम बोले- इमरजेंसी को स्मरण करें तो कांग्रेस में चेहरे बदले होंगे, लेकिन उसके हाव भाव वही हैं जो 1975 में थे**
- **इमरजेंसी के दौरान सामने आया था कांग्रेस का बर्बर चेहरा, संविधान संशोधन के जरिए मूल आत्मा को नष्ट करने का किया प्रयासः सीएम**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान लगाई गई इमरजेंसी के 50वें वर्ष में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर जमकर प्रहार किया। अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जब 50 वर्ष के उपरांत हम इमरजेंसी की उन यादों को स्मरण करते हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस में चेहरे बदले होंगे, लेकिन उसका चरित्र और उसके हाव भाव आज भी वही है जो 1975 में था। उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। कैसे उन्होंने संविधान की मूल आत्मा कही जाने वाली प्रियंबल (प्रस्तावना) में संशोधन करके उसकी आत्मा को नष्ट करने का प्रयास किया था। कैसे कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। कैसे न्यायालय के अधिकारों को कांग्रेस ने उस समय बंधक बनाकर रख दिया था। और आज भी कांग्रेस पार्टी में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है।

**रात के अंधेरे में रची गई थी संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटने की साजिश**

सीएम योगी ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व आज के ही दिन देर रात्रि एक काला अध्याय लिखा गया था, जब कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने भारत के संविधान का गला घोंटते हुए लोकतंत्र को पूरी तरह समाप्त करने की साजिश रची थी। 25 जून 1975 को रात के अंधेरे में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने कैसे भारत के लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास किया था। उस समय अटल बिहारी वाजपेई, मोरारजी देसाई, जय प्रकाश नारायण, लाल कृष्ण आडवाणी समेत विपक्ष के सभी नेताओं को जेल में बंद करके लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह तानाशाही पूर्ण रवैया आज या 1975 में ही नहीं, बल्कि आजादी के तत्काल बाद भी देखने को मिला था, जब संविधान को अंगीकार करने के मात्र दो वर्ष के अंदर ही उसने संविधान संशोधन करके धारा 370 को उसमें जबरन डालकर देश की अखंडता को चुनौती देने का प्रयास किया था। इसके उपरांत भी उसने समय-समय पर, कभी मीडिया को प्रतिबंधित करके, कभी अन्य तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लोकतंत्र के सभी स्तंभों को कमजोर करने का प्रयास किया था। 25 जून 1975 उसकी पराकाष्ठा के रूप में देश और दुनिया ने देखा है।



**आज भी देश के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाते हैं कांग्रेस के लोग**

सीएम योगी ने कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन भारत के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं और भारत की चुनाव प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। ये लोग भारत के बाहर जाकर भारत को और उसके लोकतंत्र को कोसते हैं। यही नहीं, भारत के अंदर भी हर चुनाव की प्रक्रिया में बाधा पैदा करके ईवीएम पर अपनी अकर्मण्यता का दोष थोपने का प्रयास करते हैं। 1975 में संविधान को नष्ट करने का प्रयास करने वाली कांग्रेस आज भी उसी रास्ते पर चल रही है। जहां भी कांग्रेस नेतृत्व की सरकारें हैं, उनका रवैया, उनकी कार्यप्रणाली और उनके कृत्य इस बात के उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

**लोकतंत्र के लिए जेल की यातनाएं सहने वालों की वर्तमान पीढ़ी आज कांग्रेस की गोद में जा बैठी है**

सीएम योगी ने कांग्रेस के सहयोगी दलों को भी कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि 1975 में देश के लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए जिन लोगों ने जेल की यातनाओं को सहा था, जिन लोगों ने उस कालखंड में लोकतंत्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया था, आश्चर्य होता है कि उनकी वर्तमान पीढ़ी उसी कांग्रेस की गोद में बैठकर देश को फिर से कांग्रेस की तानाशाही, लोकतंत्र विरोधी और संविधान विरोधी नीतियों की ओर धकेलने का कुत्सित प्रयास कर रही है। कांग्रेस के सहयोगी, चाहे वो बंगाल की टीएमसी हो, केरल, तमिलनाडु के सहयोगी हों या कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकारें जहां कार्य कर रही हैं, उनकी कार्यपद्धति को आप देखें तो पाएंगे कि ये लोग जनता को गुमराह करके संविधान के नाम पर संसद की कार्यवाही को बाधित करने का कार्य कर रहे हैं।

**लोकतंत्र को कमजोर करने वालों को देश कभी माफ नहीं करेगा**

सीएम योगी ने कहा कि वो लोग कभी अपने गिरेबां में भी झांक कर देखें, क्या उन्होंने सही मायने में संविधान का पालन किया था। क्या ये सच नहीं कि देश की संसद में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बिल को संसद के फ्लोर पर ही फाड़ने का काम किया था। उन्होंने ऐसे अनेक कृत्य किए हैं जिसने लोकतंत्र को कमजोर किया है और आज भी लगातार कमजोर कर रहे हैं। इसके लिए देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। साथ ही, कांग्रेस और उनकी तानाशाही में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहभागी बने उन सभी राजनीतिक दलों को भी देश कभी स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस और उनके सभी सहयोगियों को जिन्होंने समय-समय पर संविधान के प्राविधानों को मानने से इंकार किया है, इसके लिए आज इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने पर इन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पंचायत छतारी जनपद बुलन्दशहर**

पत्रांक 82 /न0पं0छतारी/2024-25 दिनांकः- 25.06.2024

**आवश्यक सूचना**

भारत सरकार संख्या 178 नई दिल्ली शुक्रवार 18 मार्च 2016 अपशिष्ट प्लास्टिक अधिनियम 216 तथा भारत सरकार का राजपत्र संख्या 459 नई दिल्ली 12 अगस्त 2021 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक प्रबन्धन (संशोधन) नियम 2021 द्वारा एवं सरकारी गजट उत्तर प्रदेश के 15 जुलाई 2018 एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भारत सरकार के पत्रांक NO B17011/7/UPC-II-PWM (SUP)/2022 Dated 30-06-2022 एवं राज्य सरकार मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) लखनऊ उ0प्र0 के पत्र संख्या पी0एम0यू0 /6142/524/2020-21 दिनांक 20 जुलाई 2022 द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में **नगर पंचायत छतारी जनपद बुलन्दशहर** के सीमान्तर्गत प्रतिबन्धित प्लास्टिक एवं थमाकोल के सामग्री के विनिर्माण, आयात, वितरण, बिक्री और उपयोग पर नियमानुसार प्रतिबन्धित लागू है।

1. 75 माईक्रोन से कम मोटाई के प्लास्टिक कैरी बैग और वस्तु 30 सितम्बर 2021 से प्रतिबन्धित है तथा 120 माईक्रोन से कम मोटाई के समस्त प्रकार की एकल उपयोग प्लास्टिक 31 दिसम्बर 2022 से पूर्णता प्रतिबन्धित है।
2. 01 जुलाई 2022 की तारीख से निम्नलिखित सामग्री प्रतिबन्धित है-

(1) पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाईरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण वितरण बिक्री और उपयोग को पूर्णतः निषेध किया गया है।

(2) प्लास्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडिया, प्लास्टिक के झण्डे, कैडी स्टिक, आईस्क्रीम की डंडिया, पोलीस्टाईरीन (थमाकोल) की सजावट सामग्री।

(3) जो कम्पोस्टिक योग्य न हो ऐसी प्लास्टिक से बनी प्लेटें कप, गिलास,कोटे, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी मिठाई के डिब्बे के इर्द- गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, नियन्त्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर ट्रे का भी 01 जुलाई 2022 से प्रयोग प्रतिबन्धित है।

**इन सामग्रियों का विनिर्माण, आयात भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग करना प्रतिबन्धित है पायें जाने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध अधिसूचना के निर्धारित नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।**

- अपने घरों का कूड़ा सड़क पर न फेके तथा घर पर दो डस्टबीन एक हरा व दूसरा नीले रंग का रखे हरे डस्टबीन में गीला कूडा व नीले डस्टबीन में सूखा कूडा रखे।
- नगर पंचायत के डोर- टू- डोर कूडा कलैक्शन में लगे वाहन में ही कूडा डाले।
- नगर पंचायत से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत टोल फ्री न0 1533/ 8130048784/14420 पर दर्ज करा सकते है।
- व्यवसायिक क्षेत्रों में सांय 5.00 बजे के उपरान्त नगर पंचायत का वाहन आने पर कूडा सम्बन्धित कर्मचारी को दें।
- पालीथीन का प्रयोग न करें, घर से कपडे या जूट का थैला, कैरिबैग आदि लेकर ही सामान खरीदने निकले।
- स्वच्छता ऐप का प्रयोग करें। कहीं गंदगी पाये जाने पर स्वच्छता ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करायें। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान फोन कॉल आने पर अपना फीड बैक अवश्य दें। अपने नलों से अनावश्यक पानी न फैलने दें। कही खुले में शौंच न जाये।
- जल संरक्षण हेतु घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठान आदि में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाये।
- सड़क के किनारे लगाये जा रहे डस्टबीन का प्रयोग कर नगर को साफ रखने में सहयोग प्रदान करे।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत छतारी
जनपद-बुलन्दशहर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत छतारी
जनपद-बुलन्दशहर

# शासन के निर्देश पर सीमा के हददो का भौतिक सत्यापन शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सीमा हददो का भौतिक सत्यापन करने के लिए चलाए जा



रहे अभियान के तहत तहसील का राजस्व विभाग पूरी तरह से जुट गया है 'तहसील सभागार में आज सभी लेखपाल और कानूनगो ने अभियान के तहत कार्य किया' तहसीलदार आनंद कुमार नायक ने बताया कि चकबंदी के दौरान गांव की सीमा पर गाटा संख्या दर्ज करते हुए हददे लगाए जाते हैं लेकिन काफी समय बीतने के बाद काफी हददे उखड़ चुके हैं इन हददों को दुरुस्त करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है जिसमें राजस्व विभाग हददों का सत्यापन करता है और उक्त हददो के पास कितने गांव की सीमा आ रही है उसकी जानकारी अपडेट की जाती है उन्होंने बताया कि काफी जगह पर हददे गायब हो चुके हैं जिनकी लिस्ट बनाई जा रही है और उन हददो का निर्माण करा कर उन्हें विधिवत लगवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे महीने में इस अभियान को संपूर्ण करना उनकी प्राथमिकता है जो कि आज तहसील सभागार में देखने को मिली तहसील के सभी कानून गो और लेखपाल हददो के सत्यापन में लगे हुए दिखाई दिए।

# भारतीय किसान यूनियन ने अधिक ब्याज वसूलने को लेकर भूख हड़ताल की शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** अधिक ब्याज वसूलने के विरोध में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नेता जितेंद्र बिश्नोई के नेतृत्व में जिला सहकारी बैंक कांठ की शाखा के सामने भूख हड़ताल शुरू की गई' भूख हड़ताल के पहले दिन जितेंद्र विश्नोई जीतू मंडल महासचिव मुरादाबाद मंडल, हाजी इमरान तहसील अध्यक्ष कांठ, सुमन कुमार सोनू तहसील उपाध्यक्ष,गुड्डू घोसी तहसील मीडिया प्रभारी, रईस अहमद ग्राम अध्यक्ष नया गांव,भूख हड़ताल पर बैठे जितेंद्र बिश्नोई ने बताया कि किसानों से 15 जून के बाद जिला सहकारी बैंक



द्वारा 7% ब्याज वसूला जा रहा है जो कि किसानों के साथ अन्याय है उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन इसके खिलाफ आवाज उठाएगी उन्होंने बताया कि जब तक इस समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं हो जाता किसानो की भूख हड़ताल जारी रहेगी मगर विडंबना यह रही की समाचार लिखे जाने तक तहसील या जिला स्तर का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी किसानों के बीच नहीं पहुंचा उधर शाखा प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि ब्याज घटाने या बढ़ाने के बारे में निर्णय लेने का उनका कोई अधिकार नहीं है 'किसानों ने यहां भूख हड़ताल गलत शुरू की है यह जिला स्तर का मामला है और किसानों को अपनी मांग जिला स्तर के ही अधिकारियों के सामने रखनी चाहिए थी कुल मिलाकर किसानो की भूख हड़ताल समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

# विवेचकों को दी गई तीन नए कानूनों की ट्रेनिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एक जुलाई से लागू होने वाले तीनों नए कानूनों को लेकर पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। पीटीसी में लखनऊ विधि विज्ञान योगशाला से आई टीम ने मंडल के 117 विवेचकों को नए कानूनों के तहत कार्य करने के टिप्स दिए। पीटीसी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन लखनऊ विधि विज्ञान प्रयोगशाला से किया गया। जिसमें मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, रामपुर और अमरोहा के 117 विवेचकों ने भाग लिया। लखनऊ से आई विवेचकों को बताया कि एक जुलाई से तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। विवेचकों को तीनों नए कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नए अधिनियम के केंद्र में दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भौतिक, रसायन, विष, डीएनए, कंप्यूटर फॉरेंसिक, जीव विज्ञान अनुभाग के वैज्ञानिकों ने विवेचकों को प्रयोगशाला के विभिन्न अनुभागों में होने वाले परीक्षण से संबंधित मूल वैज्ञानिक सिद्धांतों के बारे में बताया।

# पांच मार्गों पर चलेंगी 24 निजी बसें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद मंडल के पांच मार्गों पर 24 निजी बसें चलेंगी। इन बसों के लिए रूट निर्धारित कर दिया गया है, लेकिन तिथि घोषित नहीं की गई है। बस चलाने का निर्णय संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में लिया गया। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आरटीए की बैठक में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि ऑटो रिक्शा परमिट ट्रांसफर की आख्या रिपोर्ट एक माह में परिवहन विभाग को भेज दिया जाएगा। अब इसके लिए अधिक समय नहीं लगेंगे। आरटीए की बैठक मंडलायुक्त सभागार में कार्यकारी अध्यक्ष जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बिनौटी-शेरपुर-धनौरा-अमरोहा- हसनपुर,मुरादाबाद-शरीफनगर कांठ-अमरोहा-हसनपुर-चौधरपुर शाहबाज-मनौटा,बिजनौर-चांदपुर-हल्दौर, मार्ग पर बसे चलेंगे ' बैठक में सचिव राकेंद्र कुमार सिंह, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) बरेली संजय सिंह, एआरटीओ (प्रवर्तन) आनंद निर्मल आदि मौजूद रहे।

# गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी की बाउंड्री का कार्य हुआ प्रारंभ, यूनिवर्सिटी बनने से 2 लाख 32 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** मुरादाबाद में हरदासपुर स्थित गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी की बाउंड्री के लिए पिलर तैयार किए जा रहे हैं। एक सप्ताह में बाउंड्री पिलरों से घेर दी जाएगी। इसी के साथ कंसल्टेंसी टीम ब्लू प्रिंट तैयार कर लोनिवि को सौंपेगी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग निर्माण कार्य शुरू कर देगा।लोक निर्माण विभाग की टीम ने शिक्षा और राजस्व के कर्मचारियों को लेकर हरदासपुर रामगंगा पार स्थित यूनिवर्सिटी स्थल का जायजा लिया। लेखपालों द्वारा बताई गई जमीन पर जेसीबी के माध्यम से चिह्न बनाने का काम शुरू हो गया है। अभी यूनिवर्सिटी की बाउंड्री के लिए पिलर लगाए जा रहे हैं, ताकि यूनिवर्सिटी की जमीन पर कोई कब्जा न कर सके। इसके साथ कंसल्टेंसी टीम सर्वे के




अनुसार यूनिवर्सिटी का ब्लू प्रिंट तैयार करने में लगी है। ब्लू प्रिंट तैयार होने के बाद उसे लोनिवि के अभियंताओं को सौंपा जाएगा। अभियंताओं की राय लेने के बाद उसमें आंशिक फेरबदल भी किया जा सकता है' विद्यार्थियों को मिलेगी राहत'मुरादाबाद में यूनिवर्सिटी बनाने के लिए चार दशकों से प्रयास जारी था। यूनिवर्सिटी बनने पर दशकों का प्रयास सफल हो जाएगा। अभी तक मुरादाबाद मंडल के विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के चक्कर लगाने पड़ते हैं। विद्यार्थियों को दाखिला फॉर्म, परीक्षा फॉर्म, अंकतालिका के अलावा अन्य दिक्कतों का समाधान करवाना दूभर हो जाता है। खासकर छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। अब मुरादाबाद में विश्वविद्यालय बन जाने के बाद मंडल के 310 महाविद्यालयों के करीब दो लाख 32 हजार 750 विद्यार्थियों को राहत मिलेगी।

# परिषदीय विद्यालयों में अब कक्षा 2 तक ही चलेगा निपुण भारत अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परिषदीय स्कूलों में अब प्री-प्राइमरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों को ही गणित व भाषा में दक्ष बनाने के लिए निपुण भारत मिशन चलाया जाएगा। वर्ष 2021 में जब इसे देश भर में शुरू किया गया तो यह कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों के लिए लागू किया गया, लेकिन अब आयु सीमा आठ वर्ष निर्धारित किए जाने के कारण यह कक्षा दो तक ही चलाया जाएगा। वर्ष 2025-26 तक इन विद्यार्थियों को दक्ष बनाने पर जोर दिया जाएगा।प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा डा. एमकेएस सुंदरम की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए। यूपी में 27 जून 2022 से निपुण भारत मिशन को प्री-प्राइमरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों के लिए लागू किया गया है। इसका सरल एप के माध्यम से त्रैमासिक मूल्यांकन किया जा रहा है। निपुण विद्यालयों की जांच डिप्लोमा इन




एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) प्रशिक्षुओं की मदद से इनका मूल्यांकन कराया जा रहा है। अभियान को बेहतर ढंग से चलाए जाने के लिए संकुल शिक्षक भी तैनात किए गए हैं। अभी तक नौ वर्ष की आयु व कक्षा तीन में पढ़ रहे बच्चों का भी मूल्यांकन किया जा रहा था। ऐसे में अब नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क और केंद्र सरकार के निर्देश पर इसे घटाए जाने से करीब 20 लाख बच्चे घटेंगे। शिक्षकों को वर्ष 2025-26 तक इस लक्ष्य की प्राप्ति में भी आसानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नए सिरे से मूल्यांकन की व्यवस्था की गई है।

# शादी करने का झांसा देकर युवती ने लगाया युवक पर बलात्कार करने का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थानान्तर्गत एक गांव निवासी युवती ने गांव के युवक पर शादी करने का झांसा देकर बार-बार दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है । प्रेमी युवक शादी करने के वायदे से मुकर गया। पीड़ित युवती अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है । युवती के अनुसार गांव के एक युवक का उसके घर पर आना-जाना था । युवती का आरोप है कि एक दिन घर पर कोई नहीं था तो युवक आ गया और उसने जबरदस्ती उसको पकड़ लिया और उसके साथ जबरदस्ती मुंह काला किया किसी को बताने पर युवक ने जान से मारने की धमकी दी । बाद मे युवक ने उसे अपनी बातो के झांसे मे ले लिया और शादी करने का वायदा किया और पिछले एक वर्ष से उसकी अस्मत के साथ खिलबाड़ करता चला आ रहा है। मंगलवार की सुबह युवती गांव मे अपने प्रेमी के घर पहुंची और निकाह की जिद पर अड़ गई। युवक के परिजनों ने युवक को घर से भगा दिया ।

# पर्यावरण की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाये: ओपी गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में मंगलवार को पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधारोपण किया गया । पौधारोपण की मुहिम डायट प्रचार्य डॉ ओमप्रकाश गुप्ता द्वारा 5 जून को शुरू की गई थी। तब से अब तक हजारों की संख्या में पौधे लगाए गए हैं। प्राचार्य का कहना है कि मेरा लक्ष्य डायट को हरा भरा करना है। वहीं डीएलएड के प्रशिक्षुओं ने संस्थान के सोशल साइंस के प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में पौधे लगाए। जिसमें अनेक प्रजाति के पौधे लगाए गए। इस दौरान डॉक्टर अभिषेक भारद्वाज, आशुतोष त्यागी प्रशिक्षुओं में निधि चौहान, इरम सैफी, मोनिका, शरद बिश्नोई, चित्रा भारती, मोहित कुमार सागर, शिवम कुमार, प्रियांशी पाठक, विधि बिंदेश्वर



प्रजापति, गुड्डू सागर, इमरान, व्योमा बिश्नोई, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नगर में नहीं चलेंगे बाहरी आटो ,बदला जाएगा कलर कोड

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें मुरादाबाद से आस पास के क्षेत्रों के लिए परमिट दिए जाने के और आटो रिक्शा के कलर कोण के लिए निर्धारित कमेटी से सर्वे कराने के प्रस्ताव पर मंथन हुआ। निर्णय रिपोर्ट के बाद लिया जाएगा।

मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित पक्षकारों का पक्ष सुना गया। मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 82 (1) के अंतर्गत अनुज्ञाधारियों के स्थायी सवारी गाड़ी के परमिट हस्तांतरण के लिए प्राप्त तीन आवेदन पत्रों पर चर्चा की गई। इसके बाद उन्हें स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। संभाग के अराष्ट्रीयकृत, निजी बस मार्गों पर नए स्थायी सवारी गाड़ी परमिट हेतु प्राप्त 24 आवेदन पत्रों को स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। मुरादाबाद केंद्र से संचालित सीएनजी ईंधनयुक्त आटोरिक्शा के परमिट हस्तांतरण प्राप्त 64 आवेदन पत्रों पर विचार कर निर्णय लिया गया।

मुरादाबाद केंद्र से संचालित सीएनजी ईंधनयुक्त आटोरिक्शा मृतक अनुज्ञाधारियों के परमिट हस्तांतरण के लिए सात आवेदन पत्रों पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

मार्ग संख्या-10 ट्रांसपोर्ट नगर से बिलारी पर परमिट जारी करने एवं आटोरिक्शा के कलर कोड पर भी अपर जिलाधिकारी नगर पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर नगर आयुक्त एवं संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लिए जाने पर विचार किया जाएगा। मूढापांडे केंद्र से आटोरिक्शा के परमिट जारी किए जाने पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद की सर्वे रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद निर्णय लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र बरेली सदस्य) संजय सिंह, अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम बृजेश कुमार, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, सचिव संभागीय परिवहन प्राधिकरण राकेंद्र कुमार सिंह मुरादाबाद, एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन आनंद निर्मल के अलावा विभिन्न वाहनों संगठनों के पदाधिकारी, आटो रिक्शा यूनियन की ओर से संयुक्त रूप से किशन लाल सिंह, मुहम्मद अयूब, काशिफ खान, राकेश कुमार, कपिल कुमार त्यागी उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का अब 1 वर्ष में चार बार होगा मूल्यांकन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं का अब वर्ष में चार बार मूल्यांकन होगा। अगस्त और दिसंबर में सत्रीय परीक्षाएं होंगी। अक्टूबर में अर्द्धवार्षिक और मार्च में वार्षिक परीक्षाएं होंगी। तीन वर्ष पहले कोरोना संक्रमण के कारण सत्रीय परीक्षाएं आयोजित की जा रही थीं। ऐसे में सिर्फ दो बार ही मूल्यांकन हो पा रहा था। अब फिर से दोनों सत्रीय परीक्षाएं शुरू की जाएंगी।शैक्षिक कैलेंडर वर्ष 2024-25 में दोनों दोनों सत्रीय परीक्षाओं को फिर शामिल किया गया है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह इसे सख्ती से लागू करें'अब अर्द्धवार्षिक व वार्षिक के साथ दो सत्रीय परीक्षाएं




कराएं। वहीं कमजोर छात्रों के लिए सोमवार से शुक्रवार तक विद्यालय में अवकाश के बाद 30 मिनट की उपचारात्मक कक्षाएं लगाई जाए'शनिवार को विद्यालय में शिक्षा चौपाल लगाई जाएगी। विद्यार्थियों को कला और मिट्टी के खिलौने बनाना इत्यादि सिखाया जाएगा।

# नगर में निकली भव्य कलश शोभायात्रा : सच्चे मन से कथा सुनने से मनुष्य हो जाता है भवसागर से पार: प्रमोद मोहन शास्त्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई) ।** नगर के प्रसिद्ध मौनी शिव मंदिर के प्रांगण में आज गत वर्षों की भांति श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ ' श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ के शुभ अवसर पर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ नगर वरिष्ठ समाजसेवी महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया' प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रमोद मोहन शास्त्री जी ने पूजा पाठ करके विधि विधान के साथ कलश यात्रा को प्रारंभ कराया' कलश यात्रा सैनी धर्मशाला से प्रारंभ हुई जो बाल्मीकि बस्ती, श्री रविदास धर्मशाला, रामलीला रोड, माता महाकाली मंदिर,मेंन मुख्य



बाजार होते हुए कथा स्थल पर आकर समाप्त हो गई' श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के साथ अपनी सहभागिता प्रदान की ' बाबूराम सैनी ने अपने परिवार के साथ परीक्षित के रूप में पूजा अर्चना की एवं अन्य सभी श्रद्धालु एवं मातृ शक्ति ने अपने कलश लेकर सहभागिता की' कार्यक्रम संयोजक डॉ अशोक चौहान ने सभी का आभार प्रकट किया' देर शाम को भागवत कथा में अमृत वर्षा करते हुए पंडित प्रमोद मोहन शास्त्री ने कहा कि जो सच्चे मन से भागवत कथा को सुनता है वह भवसागर

से पार उतर जाता है उन्होंने बड़ों का आदर करने का आह्वान किया तथा भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने की अपील की' इस अवसर पर फूलवती देवी, सुमन देवी, प्रभादेवी, गीता, प्रियंका, पूनम, चन्द्रकला, निर्मला अनिता, गुड्डी, रामकली,रचना, गीता, पूनम, नेहा राजो, सीमा, उर्मिला देवी, एडवोकेट महेंद्र सिंह प्रजापति,बाबूराम सिंह सैनी, धर्मपाल सिंह, ओमपाल सिंह, डा० लेखराज सिंह, शिशपाल सिंह,कुंवरपाल, मोहन, अनमोल, मंगल सैन, कोमल, कुलदीप , दुर्गा सिह सैनी,रामचरन सिंह सैनी, नन्हे सिंह, रामगोपाल सिंह सैनी आदि मौजूद थे।

# शिक्षण कार्य में गुणवत्ता से सफल होगा निपुण भारत अभियान: आनंद पांडे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से आए आनंद पांडे ने कहा है कि शिक्षण कार्य में गुणवत्ता से सफल होगा निपुण भारत अभियान'मेरठ में हुई बैठक में मुरादाबाद के एडी बेसिक और बीएसए भी शामिल हुए' निपुण भारत मिशन के लक्ष्य बेसिक के स्कूलों में बच्चे कैसे में प्रिंट सामग्री का प्रयोग एवं संवेदीकरण को लेकर मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक, बीएसए और अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक का शुभारंभ राज्य परियोजना कार्यालय से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ, गुणवत्ता यूनिट आनंद पांडेय, वरिष्ठ विशेषज्ञ कायाकल्प श्याम किशोर तिवारी, कृतिका, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक दिनेश



कुमार यादव और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर किया। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और नामांकन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

वरिष्ठ विशेषज्ञ आनंद पांडेय ने ब्लॉक सिंड्रोम पर काबू पाने, उच्च स्तरीय अधिगम पर कार्य करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षण कार्य में गुणवत्ता लाने के लिए डिजाइन थिंकिंग पर काम करने के साथ-साथ शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार, आपसी जुड़ाव, डाटा पर कार्य, टीम वर्क की भावना, प्रत्येक दिन आवश्यक घटकों पर कार्य जैसे संदर्शिका का प्रयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक संकुल एवं बीईओ हैडटीचरों की बैठक, कक्षाओं

से निरंतर संपर्क स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने समस्त डिजिटल एप का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। एसआईपी की ही तर्ज पर स्कूली शिक्षा में सिस्टमेटिक इंप्रूवमेंट प्लान (एसएसआईपी) कार्य किया जाना चाहिए। जिससे छात्र-छात्राओं में सकारात्मक व्यावहारिक बदलाव लाया जा सके। सीएसआर के माध्यम से ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय में कार्य कराने के लिए प्रोत्साहित किया।, बीएसए बुलंदशहर लक्ष्मीकांत पांडे, एडी बेसिक मुरादाबाद बुद्ध प्रिय सिंह, , बीएसए मुरादाबाद डॉ अजीत कुमार, बीएसए बिजनौर जयकरण यादव, बीएसए अमरोहा मोनिका, बीएसए संभल आदि मौजूद रहे।

**जुलूस निकला** | ईद ए गदीर की नमाज में मुल्क व कौम की तरक्की के लिए उठे हाथ

# कुन्दरकी में ईद ए गदीर का जुलूस निकला, महफिल ए नूर सजी शायरों ने कलाम पेश किए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (मुरादाबाद) (एम.के.भारती सैफी)।** नगर स्थित मस्जिद ए सादात में शिया समुदाय ने ईद ए गदीर की नमाज अदा कर मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ की तथा हजरत रसूले करीम का उत्तराघारी हजरत इमाम

**मौलाना अफाक आलम जैदी व मौलाना नय्यर रजा नकवी ने खिताब किया**

अली इब्ने हजरत अबुतालिब के बनने की गले मिलकर मुबारकबाद दी ।

मंगलवार को नगर स्थित मस्जिद ए सादात में ईद ए गदीर की नमाज मौलाना सय्यद अफाक आलम जैदी ने अदा कराई तथा दोपहर जौहर







की नमाज के बाद शिया समुदाय ने ईद ए गदीर का जुलुस निकाला जिसमे शिया समुदाय के लोग घार्मिक नारे व मन कुंतो मौला फ हाजा अली मौला के नारे लगते चल रहे थे जुलुस मोहल्ले के रास्तो से होते हुए मुफ़्ती सय्यद शबी असगर रिजवी के आजाखाने पर पहुंचा और वंहा नूरानी महफिल सजी जिसमे मौलाना सय्यद अफाक आलम जैदी व मौलाना सय्यद नय्यर रजा नकवी ने खिताब करते हुए ईद ए गदीर पर रौशनी ड़ालते हुए कहा कि रसूले करीम और अहलेबेत कि जिंदगी हमारे लिए नमूने ए अमल है रसूले करीम ने अपने आखरी हज करने के बाद गदीर के मैदान में हजरत इमाम अली को अपना उत्तराघारी (जानशीन ) बनाया और रसूले करीम ने फरमाया जिस जिसका में मौला उस उसके हजरत अली मौला है और गदीर के मैदान में रसूले करीम के एलान के बाद खुदा ने भी अपनी आकाशवाणी के जरिए एलान कर दिया कि आज हमने दीने इस्लाम को मुकम्मल कर दिया और नेमते तमाम कर दी ।

उलेमा ने कहा कि ईद ए गदीर इस्लाम कि सबसे बड़ी ईद है क्योंकि गदीर में हमें अल्लाह और रसूल ने हमें लीडर व इमाम दिया। उलेमा ने कहा कि हजरत इमाम अली कि मुहब्बत के बगैर जन्नत नहीं मिलने वाली है। इसके आलावा इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब,इमामबाड़ा शोहदाए कर्बला में देर रात नूरानी महफिल हुई जिसमे शायरों ने कलाम पेश किए तथा महिलाओ के आजाखानो में देर रात तक महफिल व मिलाद शरीफ का सिलसिला कायम रहा ।

इसके अलावा शिया समुदाए ने इमामबाडो व आजाखानो को विशेष रूप से सजाया तथा घरो में नए नए पकवान बनाकर नजर दिलाई व तबरूक तकसीम किए।

# जिला अस्पताल में बनेगी क्रिटिकल केयर यूनिट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मंडलीय अस्पताल में 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट बनने से गंभीर मरीजों को उपचार मिल सकेगा। इसको लेकर जिला अस्पताल में सर्वे का काम पूरा हो चुका है। लखनऊ से पहुंची टीम अब बिल्डिंग के निर्माण के लिए प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के समक्ष प्रस्ताव रखेगी। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद बिल्डिंग का निर्माण शुरू हो जाएगा।क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए जिला अस्पताल में ओपीडी और आइपीडी के बीच में खाली जगह जिसमें पार्क और एसटीपी प्लांट आदि लगे हैं वहां निर्माण कराया जाएगा।

**ओपीडी और आइपीडी बिल्डिंग जुड़ने से काफी सहूलियत होगी**

अस्पताल के तीनों - कारिडोर का भी इस्तेमाल होगा। ओपीडी और आइपीडी इसी -कारीडोर से अटैच रहेंगी। जिससे मरीजों को असुविधा न हो सके। बिल्डिंग चार मंजिला बनेगी। इस यूनिट में गंभीर मरीजों का उपचार होगा। हृदय रोग विशेषज्ञ, न्यूरोसर्जन और प्लास्टिक सर्जन के साथ ही अन्य विशेषज्ञ भी होंगे। ओपीडी और आइपीडी बिल्डिंग जुड़ने से काफी सहूलियत होगी। मंडलीय अस्पताल होने के बाद भी मुरादाबाद में न्यूरोसर्जन, हृदय रोग विशेषज्ञ, प्लास्टिक सर्जन नहीं हैं। इसकी वजह से सड़क हादसे में घायल होने वाले गंभीर मरीज, हृदयघात के मरीज, न्यूरोसर्जरी वाले गंभीर मरीजों को उपचार नहीं मिलता है।

# पति मजहर सईद के साथ काम करके खुश हैं मौली गांगुली



एक्ट्रेस मौली गांगुली ने शो जननी : एआई की कहानी में पति मजहर सईद के साथ काम करने को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि लगभग दो दशकों के बाद फिर से साथ काम करना एक ताजगी भरा अनुभव है।

शो में इरा शर्मा की भूमिका निभाने वाली मौली ने अपने पिछले सहयोगों के बारे में बात करते हुए कहा, लगभग दो दशक बाद फिर से साथ काम करना ताजगी भरा अनुभव है। कहीं किसी रोज में हम एक दूसरे के अपोजिट नहीं थे, इसलिए यह अनुभव बिल्कुल नया और रोमांचक है। इस बार वह पर्दे पर एक ऐसे जोड़े की भूमिका निभा रहे हैं जो उनके पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में एक अनोखी गतिशीलता जोड़ देगा। मौली ने इस अनुभव के बारे में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह वास्तव में इसका आनंद ले रही हैं। पर्दे के पीछे और पर्दे पर दोनों की केमिस्ट्री ने उनके किरदारों में प्रामाणिकता जोड़ दी है, जिससे यह शो दर्शकों के लिए और भी अधिक आकर्षक बन गया है।

जीवनसाथी के साथ काम करना एक अनोखा अनुभव हो सकता है और मौली और मजहर के लिए यह किसी आनंद से कम नहीं है।साक्षी, आठवां वचन और लागी तुझसे लगन में अपने काम के लिए मशहूर मौली ने कहा, यह वाकई में सुकून देने वाला है क्योंकि साथ आना, साथ में घर जाना और साथ में समय बिताना बहुत मजेदार है। वरना हम लोग आम तौर पर एक-दूसरे की सेट की कहानियां शेयर करते थे। इससे पहले वह डांस रियलिटी शो नच बलिए 4 में नजर आए थे। इसमें उनकी मजबूत साझेदारी और केमिस्ट्री को दिखाया गया था। यह जोड़ा 2010 में शादी के बंधन में बंधा था। इस शो में मजहर ने विराट शर्मा की भूमिका निभाई है। इसके अलावा इसमें प्राप्ति शुक्ला, नितिन गुलेरिया, सुमित कौल, प्रियांक ततारिया और आशिका भाटिया भी हैं। एमएजे प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, जननी : एआई की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है। मौली इससे पहले बाल शिव-महादेव की अनदेखी गाथा, जमाई राजा, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, आसमान से आगे और मानो या ना मानो 2 जैसे टेलीविजन शो में नजर आ चुकी हैं।

# चंदू चैंपियन का चला थिएटर्स में जादू, दूसरे वीकेंड पर बढ़ा कार्तिक आर्यन की फिल्म का कलेक्शन

कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन ने आखिरकार बॉक्स ऑफिस पर रफ्तार पकड़ ली है. रिलीज के पहले हफ्ते से ही थिएटर्स में धीमी रफ्तार से कमा रही फिल्म ने दूसरे वीकेंड पर एक बार फिर अच्छा कलेक्शन किया है और 40 करोड़ क्लब का हिस्सा बनने में कामयाब साबित हुई है.

सैकनिल्क के आंकड़ों पर नजर डालें तो चंदू चैंपियन ने 4.75 करोड़ रुपए से ओपनिंग की थी. उसके बाद पहले वीकेंड पर शनिवार को 7 करोड़ और रविवार को 9.75 करोड़ रुपए कमाए थे. जबकि पहले मंडे का कलेक्शन 5 करोड़ रुपए था. उसके बाद से फिल्म ने एक भी दिन 3.25 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस नहीं किया.

चंदू चैंपियन रिलीज के पांचवें दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर स्लो हो गई थी और हर रोज 2.5 से 3.2 5 करोड़ रुपए के बीच कलेक्शन कर रही थी. लेकिन




नवें दिन चंदू चैंपियन की कमाई में जबरदस्त इजाफा हुआ है और कार्तिक आर्यन की फिल्म ने कुल 4.85 करोड़ रुपए का कारोबार किया है. इसी के साथ फिल्म ने भारत में कुल 42.75 करोड़ रुपए कमा लिए हैं.

कई मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो चंदू चैंपियन का बजट 120 करोड़ रुपए है. घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 40 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है और इसी के साथ इसने अपनी लागत का एक तिहाई हिस्सा कमा लिया है. हालांकि चंदू चैंपियन बजट निकालने से अब भी बहुत दूर है। चंदू चैंपियन की स्टोरी की बात करें तो ये भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर की कहानी. कबीर खान की इस डायरेक्टोरियल फिल्म में कार्तिक आर्यन लीड रोल में हैं. वहीं विजय राज, भाग्यश्री और राजपाल यादव भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं।

# चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान देते हुए मोनालिसा ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट, दिखी एक्ट्रेस की खूबसूरत अदाएं

भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्रियों में से एक मोनालिसा आए दिन अपनी हॉट और ग्लैमरस फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर हमेशा सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो हमेशा अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बेहद खूबसूरत तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी हॉटनेस का जलवा फैंस के बीच बिखेर कर अक्सर लोगों



का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं।

इन तस्वीरों में उनका ट्रेडिशनल लुक देखकर फैंस आहें भरते हुए नजर आ रहे हैं। उनका ये स्टनिंग अवतार लोगों को दीवाना कर रहा है।

इन तसवीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मोनालिसा ने रेड कलर की रेड कलर की बनारसी साड़ी पहनी हुई है।

माथे पर बिंदी, कानों में इयररिंग्स और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस की फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी खासी है। एक्ट्रेस की इन फोटोज में शोख अदाओं को देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के दीवाने हो गए हैं। मोनालिसा के वर्कफ्रंट की बात करें दतो उन्हें आखिरी बार टीवी सीरियल बेकाबू में देखा गया था। इससे पहले वो स्टार प्लस के पॉपुलर शो नजर का भी हिस्सा रह चुकी हैं।

# वीकेंड पर भी नहीं दिखा फिल्म इश्क विश्क रीबाउंड का क्रेज

ऋतिक रोशन की कजन पश्मीना रोशन ने फिल्म इश्क विश्क रीबाउंड से बॉलीवुड डेब्यू कर लिया है. उनकी रोमांस-ड्रामा 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है. हालांकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म इश्क विश्क रीबाउंड को कुछ खास रिस्पॉन्स मिलता नजर नहीं आ रहा. जहां फिल्म की ओपनिंग बेहद कम थी तो वहीं वीकेंड पर भी इश्क विश्क रीबाउंड का क्रेज नहीं दिखा.

सैकनिल्क के आंकड़ों की मुताबिक इश्क विश्क रीबाउंड ने पहले दिन महज 1 करोड़ के कलेक्शन के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था. वहीं अब दूसरे दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं जिसकी मानें तो पश्मीना रोशन की फिल्म पहले शनिवार को महज 1.15 करोड़ रुपए का ही कारोबार कर पाई है. यानी दो दिन में इश्क विश्क रीबाउंड ने कुल 2.15 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है.



बता दें कि इश्क विश्क रीबाउंड के अलावा हॉरर-थ्रिलर फिल्म मुंज्या और कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन भी पर्दे पर है. मुंज्या ने रिलीज के 16 दिन बाद भी शनिवार को 5.50 करोड़ रुपए का शानदार कलेक्शन किया तो वहीं चंदू चैंपियन ने भी 4.85 करोड़ रुपए की कमाई की. ऐसे में कहा जा रहा है कि इश्क विश्क रीबाउंड पर क्लैश का भी असर हुआ है. फिल्म इश्क विश्क रीबाउंड जेन जी वर्ल्ड पर बेस्ड है. ये एक रोमांस-ड्रामा है जिसमें चार यंगस्टर्स की कहानी दिखाई गई है जो दोस्ती, प्यार और सिचुएशनशुपि के जाल में फंस जाते हैं।

इश्क विश्क रीबाउंड को निपुण धर्माधिकारी ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित सराफ, जिबरान खान और नायला ग्रेवाल भी लीड रोल्स में हैं. इसके अलावा शीबा चड्ढा और सुप्रिया पिलगांवकर भी अहम भूमिकाओं में दिखाई दी हैं।

# 3,000 साल पुरानी पद्धति से करें चेहरे का इलाज, मुंहासों से मिलेगा झटपट निजात

मुंहासों से तंग आ चुके हैं और छुटकारा पाना चाहते हैं तो फेस मैपिंग की मदद ले सकते हैं. इससे कुछ ही दिनों में चेहरे से दाने गायब हो सकते हैं. दरअसल, मुंहासे निकलने पर हम सभी हर तरह से समाधान करने की कोशिश करते हैं लेकिन उसका सही कारण न पता होने से समस्या जल्दी खत्म नहीं होती है. कई बार हम त्वचा की



गहराईयों तक नहीं पहुंच पाते हैं और इन दानों का सही इलाज नहीं हो पाता है. इसमें फेशियल मैपिंग काफी मददगार हो सकती है. जानिए इसके बारें में...

फेस मैपिंग क्या है

चेहरे पर मुंहासों के घावों के पैटर्न की पहचान फेशियल मैपिंग या फेस मैपिंग (स्नड्डष्द्ब रूड्डश्चश्चद्बठ्ठद्द) से की जाती है. एक एक ऐसा तरीका है, जिसमें अंदरुनी कारणों का पता कर सही इलाज चुनने में मदद मिलती है. फेस मैपिंग करीब 3 हजार साल पुरानी त्वचा इलाक की पद्धति है. चेहरे पर एक्ने की समस्या दूर करने के लिए ये प्रक्रिया काफी कारगर मानी जाती है.

वैज्ञानिक तौर पर भी फेस मैपिंग सेहतका हाल-चाल बताते हैं. फेस मैपिंग से चेहरे पर लालिमा, फूड एलर्जी की वजह से चकत्ते, लाइंस, सूजन और झुर्रियों का इलाज किया जा सकता है. इस प्रक्रिया में चेहरे को कम से कम 10 भागों में बांटा गया है.

एक्ने क्यों होता है

एक्सपर्ट्स के अनुसार, जब चेहरे को सही तरह साफ नहीं किया जाता है तो दाने निकलने लगते हैं. इसकी वजह से स्किन के पोर्स ब्लॉक हो जाते हैं. कई बार दूसरी समस्याओं की वजह से भी पिंपल्स निकल आते हैं. शरीर के अंदरूनी हिस्सों में भी कोई प्रॉब्लम होने पर चेहरे पर दाने आ जाते हैं. स्किन एक्सपर्ट्स का मानना है कि स्किन में होने वाली एलर्जी, रेडनेस, एक्ने, दाने या कोई भी प्रॉब्लम कई तरह की बातों पर निर्भर करता है. जैसे एलर्जी, गलत खानपान, तनाव, हार्मोन का असंतुलन, उम्र और जेनेटिक. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, फेशियल मैपिंग से स्किन पर अलग-अलग हिस्सों पर निकलने वाले दानों के मुख्य वजहों का पता लगाया जा सकता है.

चेहरे के अलग-अलग भाग पर दाने निकलने के कारण

1. 2019 में एक स्टडी के मुताबिक, लाइफस्टाइल में बदलाव की वजह से चेहरे पर कई समस्याएं हो सकती हैं.

2. पाचन सही न होने से चेहरे पर दाने निकल सकते हैं.

3. हेयरलाइन पर दाने निकलने का मतलब है कि आप तनाव में हैं, जिससे टेस्टोस्टेरोन जैसे एंड्रोजेनिक हार्मोन बढ़ रहे हैं और हार्मोन असंतुलित हो रहे हैं.

4. गालों पर दाने निकलने का मतलब है कि सांस की कोई परेशानी है. मतलब रेस्पिरेटरी सिस्टम सही तरह काम नहीं कर रहा है. ऐसे में रोजाना ब्रीदिंग एक्सरसाइज करें.

5. भौंह, नाक और ठुड्डी पर दाने निकलने का मतलब है कि आपको एलर्जी हो गई है. त्वचा संबंधी कोई समस्या या पचान की दिक्कतें भी इसका कारण हो सकती है. ऐसे मं खानपान में बदलाव करें.

6. नाक पर दाने निकलने का मतलब है कि लिवर और किडनी सही तरह काम नहीं कर रहे हैं. ये दाने ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसे गैर-सूजन वाले घाव की तरह नजर आ सकेत हैं, जो दिल की किसी बीमारी या हाई ब्लड प्रेशर की ओर इशार कर सकते हैं।

# जानें लेजर हेयर रिमूवल कराने का सही वक्त, नहीं तो हो सकता है स्किन को नुकसान

अधिकतर लोग बालों को रिमूव करने के लिए वैक्सीन और शेविंग का इस्तेमाल करते हैं। इनमें खासकर महिलाएं हर महीने बालों को रिमूव करने के लिए वैक्स का इस्तेमाल करती है। लेकिन क्या आप जानती हैं, लेजर ट्रीटमेंट की मदद से भी आप आसानी से हेयर रिमूव कर सकती हैं।

ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें लेजर हेयर ट्रीटमेंट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होती है। ऐसे में लोग कई गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें बाद में पछतावा होने लगता है। लेकिन आज हम आपको इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताएंगे। आइए जानते हैं उन जरूरी बातों के बारे में।


**लेजर हेयर ट्रीटमेंट**

शरीर पर अनचाहे बालों को हटाने के लिए लेजर हेयर रिमूवल टेक्निक काफी उपयोगी मानी गई है। यह बाकी तरीकों से बहुत सरल तकनीक है। यही नहीं यह तकनीक बाकी तकनीक के मुताबिक कम दर्द वाली होती है। अगर आपकी त्वचा गोरी है, तो ये आपके लिए काफी उपयोगी माना गया है।

इस तकनीक से अगर आप हेयर रिमूव कराती हैं, तो इससे आपकी स्किन को कम नुकसान होगा। अगर आप अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाना चाहती हैं, तो 3 से 5 बार लेजर हेयर रिमूवल का प्रयोग करें, लेकिन लेजर हेयर रिमूवल किन लोगों को और किस समय नहीं करना चाहिए, यह जानना बहुत जरूरी होता है। आइए जानते हैं क्यों प्रेगनेंसी में लेजर हेयर रिमूवल नहीं करना चाहिए।

**प्रेगनेंसी में लेजर हेयर रिमूवल**

जानकारी नहीं होने की वजह से अवसर प्रेग्नेंट महिलाएं भी लेजर हेयर ट्रीटमेंट करने पहुंच जाती है। लेकिन प्रेगनेंसी के वक्त ऐसा नहीं करना चाहिए, इससे बच्चों को खतरा रहता है। इसलिए लेजर हेयर ट्रीटमेंट करने से पहले प्रेग्नेंट महिलाएं डॉक्टर की सलाह जरूर लें। इस ट्रीटमेंट के बाद बालों की ग्रोथ लंबे समय तक नहीं आती है, हेयर रिमूवल के लिए करीब 6 ट्रीटमेंट लेने होते हैं, जब जाकर यह पूरे तरीके से काम करता है।



**स्किन कैंसर वाले बचें**

जब भी आप हेयर रिमूवल ट्रीटमेंट करने जाए, तो ध्यान रहे की टैटू वाले एरिया पर लेजर हेयर ट्रीटमेंट भूल कर भी ना करवाएं, इससे स्कीम जलने का खतरा बना रहता है, जिन्हें स्किन कैंसर का खतरा है, उन्हें भी लेजर हेयर ट्रीटमेंट से बचना चाहिए। इसके अलावा अगर आप एक्ने ट्रीटमेंट के लिए दवाइयों का सेवन करती हैं, तो भी लेजर ट्रीटमेंट ना करें।

**सेंसेटिव स्किन वाले बचें**

हर व्यक्ति की स्किन अलग-अलग होती है, ऐसे में कुछ लोगों को लेजर हेयर रिमूवर तकनीक सूट कर जाती है, तो वहीं कुछ लोगों को इससे रिएक्शन भी हो सकता है। लेजर हेयर रिमूवल के बाद कुछ लोगों की त्वचा पर पपड़ी आने की समस्या होती है। कई बार तो लोगों की स्किन के रंग में बदलाव भी दिखने लगता है। इसलिए जिन लोगों की सेंसेटिव स्किन है, उन्हें लेजर हेयर रिमूवल से बचना चाहिए।।

# नारी शक्ति की अनुपम मिसाल है तिलवाड़ा की प्रिया उपाध्याय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** जनपद बागपत के तिलवाड़ा गांव की रहने वाली प्रिया उपाध्याय नारी शक्ति की अनुपम मिसाल है। विलक्षण प्रतिभा की धनी प्रिया उपाध्याय का जन्म एक मध्यम वर्गीय परिवार में

**अच्छी शिक्षा सामाजिक बुराईयों को दूर करने में मद्द करती है और व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान करती : प्रिया उपाध्याय**

हुआ है। उनके पिता आरआरडी उपाध्याय एक जाने-माने पत्रकार और प्रमुख समाजसेवी है। प्रिया उपाध्याय अपने संस्कारों, देशभक्ति, परोपकार, आदि से अपने परिजनों का नाम रोशन कर रही है और जनपद बागपत को देशभर में गौरवान्वित कर रही है। प्रिया उपाध्याय ने वर्ष 2022 में श्री दिगम्बर जैन इंटर कॉलिज छपरौली से 85 प्रतिशत अंकों के साथ 10 वीं व वर्ष 2024 में 81 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ पीसीएम विषय में 12 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वर्ष 2022 में प्रिया उपाध्याय ने कम्प्यूटर का बेसिक ज्ञान प्राप्त किया था और अब वह कम्प्यूटर में टैली विषय का अध्ययन कर रही है। वह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की धनी है और देशभक्ति की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी है। वर्तमान में वह एक अच्छी योग गुरू है और शुद्ध मंत्र उच्चारण और गायन में उनकी अच्छी पकड़ है। वह लाठी चलाना जानती है और एक मोटिवेशनल स्पीकर भी है। वह एक कुशल मंच



संचालक भी है। वह समय-समय पर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करती है ओर उनको पर्यावरण की महत्ता से अवगत कराती है। वह लोगों को स्वदेशी अपनाने को जागरूक करती है। वह कभी भी अपना समय व्यर्थ नही जाने देती और अपना समस्त समय स्वाध्याय और दूसरों की भलाई में लगाती है। वर्तमान में 12 वीं परीक्षा देने के उपरान्त छुट्टियों के दिनों में उन्होंने बच्चों को ज्ञान प्रदान करने के लिए एक समर कैंप का आयोजन किया है। कैंप में कक्षा 6 से कक्षा 10 तक के सीबीएसई और यूपी बोर्ड के बच्चों को टयूशन क्लास दे रही है, जिसमें वह कक्षा 9 व कक्षा 10 की छात्राओं को निशुल्क टयूशन प्रदान कर रही है। प्रिया उपाध्याय अपनी समस्त उपलब्धियों का श्रेय अपने गुरूजनों, अपनी माता रेखा रानी, पिता आरआरडी उपाध्याय, छोटे भाई युवराज सूर्या और सहयोगियों को देती है। प्रिया उपाध्याय कहती है कि हर घड़ी अंतिम घड़ी है, ऐसी सोच के साथ हमें कर्म और पुरूषार्थ करना चाहिए और विपरीत परिस्थतियों में हमें विचलित नही होना चाहिए। हर घड़ी हमें सत्य को स्वीकार करना चाहिए। सत्य कुछ समय के लिए परेशान तो हो सकता है, लेकिन वह पराजित नही हो सकता। परमेश्वर का हर समय ध्यान करना चाहिए। समय को नाम मात्र भी व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए और ऐसे कार्य करने चाहिए, जिससे सभी का कल्याण हो। प्रिया उपाध्याय कहती है कि अच्छी शिक्षा व्यक्ति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वह व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है। शिक्षा सामाजिक बुराईयों को दूर करने में मद्द करती है और समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान करती है। प्रिया उपाध्याय ने बताया कि वे एक अच्छी शिक्षक बनकर समाज व राष्ट्र की सेवा करना चाहती है।

# धार्मिक स्थल के निकट मिले कुबार्नी के अवशेष, पुलिस में हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे की नई बस्ती स्थित एक धार्मिक स्थल के निकट कुबार्नी के पशुओं के अवशेष पड़े होने से मंदिर पुजारी एवं धार्मिक स्थल की अध्यक्ष और महासचिव सहित अन्य श्रद्धालुओं में रोष फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बूझाकर कर मामला शांत किया और अवशेष उठाकर गड्ढे में दबा दिए। कस्बे की नई बस्ती स्थित एक धार्मिक स्थल के निकट धार्मिक स्थल की कई बीघा खाली भूमि पड़ी हुई है, मंगलवार को कस्बे की नई बस्ती स्थित सिद्ध पीठ पुश्तैनी शिवालय अंदोसर मंदिर के



पुजारी राधे श्याम के द्वारा मंदिर अध्यक्ष शालिनी कौशिक व महासचिव शिखा कौशिक को सूचना दी की मंदिर की जमीन पर एक बोरे में बदबूदार सामग्री पड़ी हुई है। सूचना पर अध्यक्ष व महासचिव सहित अन्य श्रद्धालु भी पहुंच गए जिन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया, मौके पर थाना अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल में बोर में बकरीद पर कुबार्नी दिए गए पशु के अवशेष पड़े मिले। पुलिस ने बोरे में बंद अवशेष उठाकर जंगल में ले जाकर गड्ढों में दबा दिए। मामले में थाना अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने मंदिर कमेटी को समझा बूझकर शांत करते हुए जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एक साल से प्रतीक्षा सूची का सहारा निदेशक डॉ महेंद्र देव के जावाबो से अभ्यार्थी घूम रहा मारा मारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ!** TGT PGT 2016 और 2021के प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थी जो पिछले साल 2023 से शिक्षा निदेशालय लखनऊ और प्रयागराज के काउंसलिंग कराने के लिए चक्कर लगा रहे हैं ' किंतु शिक्षा निदेशालय माननीय हाई कोर्ट के आदेश एवं प्रतीक्षा सूची में लगभग 350 पदों के रिक्त होने के बावजूद भी अभ्यर्थियों के हित की अनदेखी करते हुए काउंसलिंग करने से मना कर रहा है ' पूर्व में निदेशालय द्वारा अलग अलग प्रकार के गोलमाल जवाब दिए गए किंतु अब डॉ महेंद्र देव निर्देशक माध्यमिक शिक्षा द्वारा साफ इनकार कर दिया गया और कहां गया कि चाहे जो भी कर लो अब काउंसलिंग नहीं करेंगे इस बात को लेकर अभ्यर्थियों में घोर निराशा और अवसाद है तथा उनको अपना भविष्य अंधकारमय प्रतीत हो रहा है जबकि मुख्यमंत्री जी लगातार युवाओं के भविष्य की परवाह करने में लगे हैं वह रोज एक एक अधिकारियों की



मीटिंग ले रहे हैं । अभ्यर्थियों द्वारा इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जनता दरबार तथा अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार जी से भी शिकायत की गई लेकिन शिक्षा निदेशक पर उसका कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा ' उक्त संबंध में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक श्री सुरेंद्र कुमार तिवारी जी से भी बात की गई। उन्होंने भी इस प्रकरण में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया इससे पहले मुख्यमंत्री जनता दरबार के आइ जी आर एस के जवाब में निदेशक जी का कहना था कि हम सीटों का विवरण मगा रहे हैं जो कि आज तक नहीं मंगाया जब कि सीटों को मगाने के लिए कई पत्र जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेजे जा चुके हैं । यहां तक कि अभ्यर्थियों ने सीटों का विवरण स्वयं निदेशालय भिजवाया है' और आगे अपर निदेशक जी ने कहा की हिंदी विषय की याचिका कोर्ट के अधीन है तो अभ्यर्थियों का कहना है कि काउंसलिंग पर कोई स्टे नहीं है और हिंदी विषय को छोड़कर आप अन्य विषय की काउंसलिंग करा लीजिए क्योंकि आपने 2016 की प्रतीक्षा सूची की काउंसलिंग कला विषय को छोड़कर कराई थी जो कि कला विषय की याचिका कोर्ट में लंबित थी ' अभ्यर्थियों का कहना है हजारों बच्चों का पठन पाठन प्रभावित हो रहा है। विद्यालयों में शिक्षक नहीं है । शिक्षा व्यवस्था लड़खड़ा रही है ।

## जीआरपी ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नजीबाबाद।** जीआरपी रेलवे अनुभाग मुरादाबाद ने पुलिस उपाधीक्षक रेलवे के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान चोरी के मोबाइल फोन एक चाकू के साथ दो शातिर अपराधियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है यह दोनों मिलकर रेल यात्रा के दौरान घटना को अंजाम देते थे थाना प्रभारी नीरज कुमार तोमर उपनिरीक्षक रोहिताश कुमार हेड कांस्टेबल अनुज कुमार अनुज चौहान के नेतृत्व में अजय पुत्र रामपाल निवासी दारागंज इलाहाबाद अनिल पुत्र नैन श्री निवासी हरगांव सीतापुर को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सड़क किनारे खोखे में लगी आग मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**किरतपुर।** भीषण गर्मी के कारण सड़क किनारे रखे बिजली के ट्रांसफर मैं



तेज हीट के कारण पास ही में रखें लकड़ी के खोखे में भयंकर आग लगने से राहगीरों और आस-पास दुकानदारों मैं हड़कंप मच गया और आस-पास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया जबकि किरतपुर मंडावर मार्ग पर दिन में काफी भीड़ रहती है और अचानक लगी आग से रास्ता चलते लोग सहम गए।

# आप लोग संविधान की बात ना ही करें तो अच्छा, शहजाद पूनावाला का राहुल और खरगे पर तंज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक बार फिर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को सुझाव देते हुए कहा कि साहब, हाथ में संविधान की कॉपी लेकर चलने से कुछ नहीं होगा। अगर सच में आपको संविधान की चिंता है, लोकतंत्र की चिंता है, तो पहले आप खुद संवैधानिक नियमों का पालन करें, इसके बाद हमें सुझाव दें।

शहजाद पूनावाला ने कहा, खरगे जी और राहुल जी सिर्फ संविधान की कॉपी लेकर चलने से कुछ नहीं होगा। आप संवैधानिक सिद्धांतों को कहां लागू कर रहे हैं? अगर आप लोग संवैधानिक सिद्धांतों को लागू कर रहे होते, तो बताइए आप ही की सरकार पश्चिम बंगाल में है, वहां चुनाव बाद हिंसा क्यों हुई? इस पर कोलकाता हाई कोर्ट ने भी सख्त टिप्पणी की, लेकिन आप लोग धर्मनिरपेक्षता का लबादा ओढ़कर ना जाने क्यों चुप रहे? तमिलनाडु में 57 लोगों की मौत हो गई। इसमें सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति के लोग हैं। उस पर आप लोगों ने चुप्पी साधे रखी। वहां आप लोगों ने न्याय के लिए कोई पहल नहीं की, जिससे साफ जाहिर होता है कि आप लोगों को सिर्फ और सिर्फ राजनीति करने से मतलब है। आप लोगों को सिर्फ अपने राजनीतिक हितों से लेना-देना है, ना की जनता के हितों से।



बीजेपी नेता ने कहा, वैसे तो आप लोग अपने हर संबोधन में दलितों के उत्थान के संबंध में बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन आज जब दलितों के साथ इतनी बड़ी ज्यादती हुई है, तो आप लोगों ने चुप्पी साध ली। मुझे यह जानकर हैरानी हो रही है कि संविधान की बातें वो लोग कर रहे हैं, जिन्होंने 25 जून,1975 को आपातकाल लगाकर संविधान की धज्जियां उड़ाई थी। इतना ही नहीं, इन लोगों ने आपातकाल को जायज तक ठहराया था, जिन्होंने ना जाने कितने ही लोगों को जेल में डाला। इन लोगों ने एक-एक कर सभी विपक्षी दलों को जेल में डाल दिया था। ऐसा कर इन लोगों ने संसद को कमजोर करने का प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट और बाकी सभी कोर्ट को इन लोगों ने अपने नीचे कर दिया। इसके अलावा, मीडिया को भी प्रतिबंधित कर दिया।

बीजेपी नेता ने आगे कहा, जिनके डीएनए में ही इमरजेंसी है, जब ऐसे लोग संविधान बचाने की बात करते हैं, तो ऐसा लगता है कि 100 चूहे खाकर बिल्ली हज पर गई। अब आप बताइए कि अगर आपको संविधान ही बचाना है, तो आप लोग अभी तक तमिलनाडु क्यों नहीं गए? अब आप बताइए कि पश्चिम बंगाल में संविधान बचाने के लिए कौन जाएगा? सोमवार को प्रोटेम स्पीकर ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई थी। इस दौरान, विपक्ष के सभी नेताओं ने संविधान की पुस्तक लेकर शपथ ग्रहण किया। इस पर जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार जनता के हितों को ताक पर रखते हुए संविधान पर कुठाराघात कर रहे हैं। संविधान पर हमला कर रहे हैं, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे, जिसे देखते हुए हमने संविधान की पुस्तक लेकर शपथ ग्रहण किया, जो कि इस बात का प्रतीक है कि हम संविधान की रक्षा के लिए हर प्रकार की शक्तियों का मुकाबला करने के लिए तैयार रहेंगे।

राहुल गांधी से 25 जून यानी कि आपातकाल के संबंध में भी सवाल किया गया था, लेकिन उन्होंने इस सवाल का जवाब नहीं दिया। इस पर अब बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने ना महज राहुल गांधी, बल्कि समस्त कांग्रेस बिरादरी को आड़े हाथों लिया है।

## अलग-अलग स्थानों से दो युवती प्रेमियों संग हुई फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** नगर एवं क्षेत्र कें अलग-अलग स्थानों से दो युवती अपने प्रेमियों के साथ फरार हो गई, परिजनों ने बहला-फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर बरामदगी की गुहार लगाई है पुलिस ने जल्दी बरामद करने का आश्वासन दिया है। कस्बे की नई बस्ती शिवाला मार्ग निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि पड़ोस का एक युवक उसकी भतीजी को बहला फुसलाकर अपने साथ भाग कर ले गया। दूसरी और क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव का एक युवक के उसकी पुत्री को अपने साथ भाग कर ले गया है। पीड़ितों ने आरोपीयों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए अपने पुत्रियों को बरामद करने की भी मांग की है। पुलिस ने जल्दी बरामद करने का आश्वासन दिया है।

# रोडिक कंसल्टैंट्स ने अपना 24 वां स्थापना दिवस मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** रोडिक कंसल्टैंट्स, अग्रणी इंजीनियरिंग एवं डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग कंपनी, ने एक शानदार दो दिवसीय कार्यक्रम के जरिए अपनी 24 वीं वर्षगांठ मनायी। रोड़िक के मुख्यालय में एक हाइब्रिड प्रारूप में संपन्न समारोह में न केवल दो दशक से अधिक की उत्कृष्टता को याद किया गया, बल्कि इसने अगले वर्ष कंपनी की रजत जयंती समारोह के लिए एक उत्साही भूमिका भी तैयार की। इस समारोह में सम्मानीय अतिथि श्री भास्कर कुल्बे, पूर्व सलाहकार पीएमओ द्वारा वर्चुअल संबोधन किया गया, जिसमें रोडिक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राज कुमार, मुख्य परिचालन अधिकारी अंशुमान कृष्णु, मुख्य वित्तीय अधिकारी सपन गुप्ता, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी अजय श्रीवास्तव और रोडिक के कर्मचारी उपस्थित थे। रोडिक कंसल्टैंट्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री राज कुमार ने कहाः "हमारी यात्रा 24 साल पहले बिहार में एक साधारण शुरूआत के साथ शुरू हुई थी और आज, हम 2,000 से अधिक कर्मचारियों की एक टीम के रूप में विकसित हो चुके हैं। यह टीम के प्रत्येक सदस्य की दृढ़ता और लगन के बिना संभव नहीं हो सकता था। इस अवसर ने खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में रोडिक के जनकल्याणकारी कामों को सामने लाने के एक प्लेटफार्म का भी काम किया और पर्वतारोहण व साइकिलिंग की यात्राओं के सभी एथलीटों को सम्मानित किया गया जैसे पर्वतारोही बलजीत कौर (माउंट एवरेस्ट की अभियानकर्त्ता), साइक्लिस्ट जॉन जिव्हाइट (पेरिस-ब्रेस्ट-पेरिस में असाधारण प्रदर्शन के लिए), घुड़सवार आयुष राज, साइक्लिस्ट सुधीर शर्मा व बॉबी (जिन्होंने स्वस्थ जीवनशैली के प्रोत्साहन के लिए दिल्ली से आगरा तक की साइकिल यात्रा की) और डॉ सुनील शर्मा व उनकी पत्नी पायल शर्मा (जिन्होंने 14 दिनों में माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक ट्रैकिंग की), उर्मिला अत्रि व हर्षा मिश्रा (तीन महीनों में दो देशों नेपाल व भूटान सहित देश के 17 राज्यों की अखिल भारतीय साइकिल यात्रा पूरी करने के लिए)। शैक्षिक स्पासंरशिप एक अन्य आकर्षण रहा जहां रोडिक ने केशव शंकर को नैशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी व चार्टड एकाउटैंसी कर रही उपासना शंकर जैसी युवा उदीयमान प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा के लिए सहयोग प्रदान किया।

# पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर लाहौरी गेट थाने का दरोगा बना सट्टा माफिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जहां पर ऐतिहासिक पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर फुटपाथ एवं पटरियां लगाने वालों ने कुछ महीनों पूर्व कारी ओवैसी की हत्या कर दी थी इसका कारण था अपराधियों से पुलिस की सांठ गांठ बना रहना था और है। पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर सट्टा माफिया ने बीते वर्ष एक महिला यात्री का रेप कर डाला था। उसके जेल जाने के बाद दूसरे सट्टा माफिया से सांठ गांठ बनाए रखने वाले पुलिस कर्मियों ने सट्टे का धंधा दूसरे सट्टा माफिया को दे दिया। चिंता का विषय यह है कि लाहौरी गेट थाने के अंतर्गत पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 1 के स्थित बस स्टॉप के पास में चाय का खोखा लगाने वाले एक व्यक्ति के खोखे की अवेध दुकान के पास में सट्टा का जुआ चल रहा है ऐसा नहीं की पुलिस के संज्ञान में ना हो या पुलिस की चोरी चुपके चल रहा हो या पुलिस की मिली भगत से चल रहा हो बल्कि वास्तविकता यह है कि तथा कथित एक पुलिस वाला दरोगा सट्टा खुद चलवा रहा है इसकी सूचना जैसे ही हमें मिली मौके पर पहुंचकर वीडियो ग्राफी की गई। चार मिनट कुछ सेकिंड की वीडियो ग्राफी में उक्त पुलिस कर्मी सिंगल स्टार का दरोगा वीडियो में देखा गया कि चाय के धोखे की दुकान पर खड़ा होकर ड्यूटी के समय वर्दी में चाय की दुकान तो चला ही रहा है इसी के साथ-साथ सट्टे का धंधा भी चल रहा है। वीडियो में यह भी देखा गया है कि चाय के अवैध खोखे पर सटोरियों का भुगतान भी लाहौरी गेट थाने के अंतर्गत पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर फुटपाथ पर लगे अवैध खोखे में खड़ा होकर भुगतान कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के चर्चित एवं सार्वजनिक स्थान पर वर्दी पहनकर जिस तरह से पुलिस वाला फुटपाथ पर अवैध खोखे में



रखे सामान की बिक्री कर रहा है इसी के साथ-साथ सट्टे का धंधा भी बराबर में चलवा रहा है। और उसका भुगतान करता नजर आ रहा है वहां पर उपस्थित बस स्टॉप पर दर्शकों तमाशा देखकर शर्मा आरही थी। परंतु डयूटी पर पुलिस कर्मी लाहौरी गेट थाने के दरोगा को ऑन ड्यूटी वर्दी में यह धंधा करते हुए शर्म नहीं आ रही थी। पुलिस कर्मी के ऐसे शर्मनाक हरकत से जनता का विश्वास उड़ता जा रहा है। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस देश की जनता से अनुरोध करती है। कि देश को और दिल्ली राजधानी का अपराध मुक्त करने के लिए पुलिस की आंख और कान बनिए और देश को अपराध मुक्त बनाए तो ऐसी स्थिति में क्या राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जहां हर वक्त आतंकयों का खतरा मंडराता रहता है। ऐसे पुलिस कर्मियों के अपराधियों से सांठ गांठ रखने पर क्या दिल्ली अपराध मुक्त हो सकती है। क्या जनता पुलिस की आँख कान बन कर साथ देगी। अधिकारियों को समाचार पत्रों में फोटो में पहचान कर उक्त पुलिसकर्मी के विरोध उचित कार्यवाही करनी चाहिए।

**लॉन्च** सुरक्षा योजना जो न सिर्फ आपको कवर करती है बल्कि विरासत के रूप में आपके बच्चे को भी दी जा सकती है

# कोटक लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया कोटक जेन २ जेन प्रोटेक्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ("कोटक लाइफ") ने आज अपनी नई सुरक्षा योजना कोटक जेन२ जेन प्रोटेक्ट को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह उत्पाद एक योजना के साथ दो पीढ़ियों को कवर करने के विकल्प के साथ इंडस्ट्री की ऐसी पहली सुविधा प्रदान करता है, जो इस सुरक्षा की विरासत को आगे बढ़ाता है। सर्वाइवल (उत्तरजीविता) पर प्रीमियम लाभ की 100 फीसदी गारंटीकृत वापसी के साथ आने वाला, कोटक जेन-जेन प्रोटेक्ट बच्चे को कम्पलीट रिस्क कवर (पूर्ण जोखिम कवर) ट्रांसफर करने की सुविधा प्रदान करता है, जब माता-पिता (प्राथमिक बीमाधारक) 60 या 65 साल के हो जाते हैं। इसके अलावा, यह रिस्क कवर बच्चे के साथ ६० साल की उम्र तक बना रहता है।

यह उत्पाद वेलनेस बेनेफिट और एक्सीडेंटल डेथ बेनेफिट (दुर्घटना मृत्यु लाभ), स्थायी विकलांगता की स्थिति में लाभ और गंभीर बीमारी प्लस जैसे राइडर्स के माध्यम से व्यापक कवरेज भी प्रदान करता है। महिला पॉलिसीधारकों के लिए, कोटक जेन2जेन प्रोटेक्ट अतिरिक्त 5 फीसदी डेथ बेनेफिट प्रदान करता है। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एमडी, महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा कि च्एक संगठन के रूप में, हमारा समर्पण उन उत्पादों को नया और क्यूरेट करने पर है, जो हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। कोटक जेन२जेन प्रोटेक्ट एक ऐसा उत्पाद है, जिसके माध्यम से हमारे ग्राहक एक ही टर्म प्लान के साथ दो पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस उत्पाद की सोचहम भारतीयों द्वारा परिवार, परंपरा और विरासत को दिए जाने वाले महत्व से आती है।मूल्यों, ज्ञान और शिक्षा को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी भारतीय संस्कृति में गहराई से समाहित है। यहां एक उत्पाद है जो इन मूल्यों के महत्व को समझता है। मुझे यकीन है कि कोटक जेन२जेन प्रोटेक्ट जैसे इनोवेटिव उत्पाद प्रोटेक्शन कैटेगरी का विस्तार करेंगे और २०४७ तक आईआरडीएआई के 'सभी के लिए बीमा' के उद्देश्य में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



# हरे भरे पेड़ों को काट कर आरा मशीन पर बेचा जा रहा है

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिजनौर।** एक तरफ तो गर्मी से



बचाव के लिए वनविभाग पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान चलाते हुए जनता को जागरूक कर रहा है वहीं उसके आफिस के सामने से दिन निकलते ही हरे भरे लहलहाते पेड़ों को काट कर आरा मशीन पर ले जाकर काटा जा रहा है लेकिन इंसान इतना स्वार्थी हो गया है कि उसे केवल पैसा चाहिए वर्तमान और भविष्य की चिंता नहीं है वहीं वन विभाग भी गर्मी में चैन की नींद सो रहा है और जनपद बिजनौर में कालोनी बनाने के नाम पर या सैटिंग के चलते बराबर मात्रा में पेड़ काटे जा रहे हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267